<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I, खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/8/2022-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

दिनांक: 28 मार्च, 2024

<u>अंतिम निष्कर्ष</u>
मामला सं. ए.डी. (ओआई) - 08/2022

विषय: चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "अलॉय स्टील चीसेल / टूल तथा पूर्णत: संयोजित स्थिति में हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच।

फा. सं. 6/8/2022-डीजीटीआर: - समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली,1995 (जिसे आगे एडी नियमावली या पाटनरोधी नियमावली या नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए:

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. डोजको (इंडिया) प्रा. लिमिटेड (आगे आवेदक या घरेलू उद्योग भी कहा गया है) ने सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे प्राधिकारी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया है जिसने चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य (जिन्हें आगे संबद्ध देश भी कहा गया है) से **"अलॉय स्टील चीसेल / टूल तथा पूर्णत: संयोजित स्थिति में हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर"** (जिसे आगे

विचाराधीन उत्पाद या पीयूसी या संबद्ध वस्तु भी कहा गया है) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने का अनुरोध किया गया है।

2. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के आधार पर एडी नियमावली 1995 के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 के अनुसार संबद्ध जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/8/2022-डीजीटीआर दिनांक 30 सितंबर 2022 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की ताकि संबद्ध वस्तु के कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी उचित राशि की सिफारिश की जा सके जिसे यदि लगाया जाए तो वह घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी।

****

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. इस जांच के दौरान निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने एडी नियमावली 1995 के नियम 5(5) के अनुसार जांच की शुरूआत की कार्रवाई से पहले वर्तमान पाटनरोधी आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में दोनों संबद्ध देशों के दूतावासों को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र - असाधारण में प्रकाशित दिनांक 30 सितंबर, 2022 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की ।

ग. प्राधिकारी ने भारत में दोनों संबद्ध देशों के दूतावासों, संबद्ध देशों से ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में संबद्ध आयातों के ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं, भारत में अन्य घरेलू उत्पादकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 30 सितंबर, 2022 की जांच शुरूआत अधिसूचना की एक-एक प्रति भेजी थी। हितबद्ध पक्षकारों से जांच शुरूआत अधिसूचना में विहित ढंग और तरीके से संगत सूचना देने और जांच शुरूआत अधिूसचना में विहित समय-

सीमा के भीतर लिखित में अपने अनुरोधों से अवगत कराने का अनुरोध किया गया था।

घ. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अगोपनीय अंश की एक-एक प्रति 15 नवंबर, 2022 के अपनी ई-मेल के माध्यम से एडी नियमावली 1995 के नियम 6(3) के अनुसार ज्ञात उत्पादकों / निर्यातकों, ज्ञात आयातकों / प्रयोक्ताओं और भारत में दोनों संबद्ध देशों के दूतावासों को भी भेजी थी।

ड. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से संबद्ध देशों से निर्यातकों / उत्पादकों को जांच शुरूआत अधिसूचना में विहित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का अपना उत्तर प्रस्तुत करने की सलाह देने का अनुरोध भी किया गया था। संबद्ध देशों के दूतावासों को संबद्ध देशों से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों के साथ उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति भी भेजी गई थी ।

च. प्राधिकारी ने ए डी नियमावली 1995 के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों में ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी थीं।

छ. उक्त अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देशों से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

संबद्ध देश	उत्पादक/निर्यातक	शब्द संक्षेप
चीन जन. गण.	निंगबो यिनझोउ गेट मशीनरी लिमिटेड	निंगबो
	यंताई इडेई प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड	एडी
कोरिया गणराज्य	हुंडई एवरडिग्म कॉर्पोरेशन	इवरडिग्म
	डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड	डेमो
	सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड	सुसान
	फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड	फील
	हंसुंग स्पेशल मशीनरी कंपनी लिमिटेड	हंसुंग
	डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड	डी एंड ए

ज. संबद्ध देशों से ऐसे उत्पादकों/निर्यातकों जिन्होंने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है या जांच में सहयोग नहीं किया है, को इस जांच में असहयोगी माना गया है।

झ. प्राधिकारी ने एडी नियमावली 1995 के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध वस्तु के ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को भी प्रश्नावली भेजी थी।

ञ. प्राधिकारी द्वारा जारी प्रश्नावली का निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने आयातक/ प्रयोक्ता उत्तर प्रस्तुत किया है:

क्र. सं.	आयातक / प्रयोक्ता का विवरण	शब्द संक्षेप
	फिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	फिन
	फाइन इक्विपमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	फाइन

ट. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए समय बढ़ाने के अनुरोधों पर प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया और उचित पाए जाने पर समय बढ़ाया गया ।

ठ. प्रणाली और आंकड़ा प्रबंधन महानिदेशालय (डीजी सिस्टम्स) से पूर्ववर्ती क्षति अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तु के आयातों का सौदावार ब्यौरा देने का अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी द्वारा यह प्राप्त हुआ है और प्रकटन विवरण उस पर विचार किया गया है।

ड. एडी नियमावली 1995 के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को संबद्ध जांच के संबंध में मौखिक रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर देने के लिए 28 जुलाई, 2023 को वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक सार्वजनिक सुनवाई की थी। मौखिक सुनवाई में अपने विचार रखने वाले हितबद्ध पक्षकारों से मौखिक रूप से व्यक्त विचारों और उसके बाद खंडन अनुरोधों यदि कोई हों, को लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। हितबद्ध पक्षकारों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे उनके द्वारा व्यक्त विचारों का अगोपनीय अंश अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा करें।

ढ. जांच पूरा करने की कानूनी समय-सीमा आरंभ में 29 सितंबर, 2023 थी। प्राधिकारी ने केंद्र सरकार से नियम 17(1) (क) के प्रावधान के अनुसार जांच को पूरा करने की समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। दिनांक 29 अगस्त 2023 की अधिसूचना द्वारा केंद्र सरकार ने जांच पूरा करने की समय-सीमा को 28 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया।

ण. क्षतिरहित कीमत (जिसे आगे एनआईपी कहा गया है) को सामान्यत: लेखांकन स्वीकृत सिद्धांतों (जीएएपी) और एडी नियमावली 1995 के अनुबंध-III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार भारत में संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत और तर्कसंगत लाभ के आधार पर निर्धारित किया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

त. आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना का आवश्यक समझी गई सीमा तक मौके पर सत्यापन के दौरान परीक्षण और सत्यापन किया गया था और वर्तमान प्रकटन विवरण के लिए उस पर भरोसा किया गया है।

थ. संबद्ध देश से सहयोगी उत्पादकों / निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच और परीक्षण भी आवश्यक सीमा तक किया गया था और वर्तमान प्रकटन विवरण के प्रयोजनार्थ उस पर भरोसा किया गया है।

द. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च 2022 (12 महीने) की है। वर्तमान जांच के लिए क्षति अवधि 1 अप्रैल 2018 - 31 मार्च 2019, 1 अप्रैल 2019 - 31 मार्च 2020, 1 अप्रैल 2020 - 31 मार्च 2021 और पीओआई की है।

ध. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश व्यापार सूचना संख्या 01/2020 दिनांक 10 अप्रैल 2020 के जरिए विहित ढंग से परस्पर आदान-प्रदान के आधार पर उपलब्ध कराए थे। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना/अनुरोध की गोपनीयता की दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत गोपनीयता की दावों की पर्याप्तता से संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने ऐसी सूचना / अनुरोध को गोपनीय माना है। गोपनीयता के दावों को स्वीकार नहीं करने पर हितबद्ध पक्षकारों को उनका अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उन्हें परिचालित किया गया है।

न. प्राधिकारी ने इस उत्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और सूचना पर उस सीमा तक विचार किया है, जहां तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जांच से संगत हैं।

प. संयुक्त राज्य अमेरिका के नियमों के नियम 16 के संदर्भ में एक प्रकटीकरण विवरण 20 मार्च 2024 [00:42 HRS] को जारी किया गया था। आसन्न समय सीमा को ध्यान में रखते हुए इच्छुक पार्टियों को 24 मार्च, 2024 [22:00 बजे] तक का समय दिया गया। प्रकटीकरण के बाद की टिप्पणियों में या जांच टीम के साथ किसी अन्य संचार के माध्यम से इच्छुक पक्षों में से किसी ने भी निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब देने में असमर्थता के बारे में चिंता नहीं जताई है या प्रकटीकरण के बाद की टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध नहीं किया है। इस प्रकार, सभी इच्छुक पार्टियों को पर्याप्त अवसर दिया गया था।

फ. इस दस्तावेज में '***' हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई और एडी नियमावली 1995 के नियम 7 के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

ब. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा पीओआई (अप्रैल 2021 - मार्च 2022) के लिए विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 75.37 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच शुरूआत के स्तर पर यथा परिभाषित विचाराधीन उत्पाद (जिसे आगे पीयूसी भी कहा गया है) निम्नानुसार हैं:

'' वर्तमान जांच के लिए विचाराधीन उत्पाद" अलॉय स्टील चीसेल / टूल तथा पूर्णत: संयोजित स्थिति में हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर'' (जिसे आगे संबद्ध वस्तु या विचाराधीन उत्पाद भी कहा गया है) । सामान्य प्रयोग में विचाराधीन उत्पाद को हाइड्रोलिक ब्रेकर, हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर, चीसेल / टूल के रूप में जाना जाता है। पीयूसी को आम तौर पर निम्नलिखित वर्णन के अंतर्गत आयातित किया जाता है, परंतु यह निम्नलिखित तक सीमित नहीं है।''

''अलॉय स्टील चीसेल: रॉक चीसेल टीथ, टूथ रॉक चीसेल, बेंकर टूल, हाईड्रोलिक हैमर (टूल), हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर वेज प्वाइंट वर्किंग टूल के लिए चीसेल ब्लंट, ब्लंट, चीसेल आदि के रूप में आयातित। हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर: हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर (चीसेल सहित और रहित), बल्क के साथ या उसके बिना रॉक ब्रेकर, हाईड्रोलिक रॉक ब्रेकर असेंबली किट, रॉक ब्रेकर स्पेयर बॉडी असेंबली, हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर फाइन, हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर, रॉक ब्रेकर, बॉक्स टाइप हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर आदि।''

5. पीयूसी के दायरे और पीसीएन पद्धति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों से विभिन्न टिप्पणियां प्राप्त हुई थी और तदनुसार 6 दिसंबर 2022 को उन पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। उक्त हितबद्ध पक्षकारों के विचार और अनुरोधों पर विचार करते हुए पीयूसी के दायरे और पीसीएन पद्धति अधिसूचना (जिसे आगे कार्यक्षेत्र अधिसूचना भी कहा गया है) दिनांक 16 जून, 2023[1] को स्पष्ट किया गया था। दिनांक 16 जून 2023 के जरिए स्पष्ट किया गया था कि पीयूसी का दायरा हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के निम्नलिखित ''असेंबली, उक्त असेंबली और घटकों[2] तक सीमित है।

असेंबली / उप असेंबली	**घटकों का चित्रात्मक प्रदर्शन[3]**
क. फ्रंट हेड	
ख. बैक हेड	
ग. हाइड्रोलिक सिलेंडर या रॉक ब्रेकर के लिए पिस्टन	
घ. सिलेंडर बॉडी या हाइड्रोलिक यूनिट (हाइड्रोलिक बॉडी में फ्रंट हेड, बैक हेड, सिलेंडर और पिस्टन शामिल हैं)	

[1] फाइल संख्या 6/8/2023 – डीजीटीआर, ''*विचाराधीन उत्पाद और उत्पाद नियंत्रण संख्याओं का दायरा।'' दिनांक 16 जून, 2023*

[2] इस पूरे दस्तावेज में असेंबली और उप असंबली शब्दों को एक-दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया है।

[3] चित्र केवल प्रदर्शन के लिए हैं। वास्तविक असेंबली / उप असेंबली का रूप भिन्न हो सकता है।

ड. ब्रैकेट	
च. फ्रेम	
छ. हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के लिए सिलेंडर	

6. उक्त हितबद्ध पक्षकारों के विचारों और अनुरोधों पर विचार करते हुए कार्यक्षेत्र अधिसूचना दिनांक 16 जून, 2023 के जरिए निम्नलिखित पीसीएन पद्धति भी अधिसूचित की गई थी[4]।

मानदंड	रेंज	पीसीएन
उत्पाद श्रेणी	चीसेल सहित हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर	एचआरसी
	चीसेल/टूल/ब्लंट/मोइल	सीएचआई
	हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर चीसेल के बिना	एचआरबी
टूल / चीसेल का व्यास (यह चीसेल तथा चीसेल के बिना वाले हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर पर लागू होता है।)	≤75 एमएम	डी1
	> 75 एमएम ≤100 एमएम	डी2
	> 100 एमएम ≤150 एमएम	डी3
	>150 एमएम	डी4

ग.1 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

[4] फाइल संख्या 6/8/2023 – डीजीटीआर, ''*विचाराधीन उत्पाद और उत्पाद नियंत्रण संख्याओं का दायरा।*'' *दिनांक 16 जून, 2023*

7. विचाराधीन उत्पाद के बारे में घरेलू उद्योग की ओर से निम्नलिखित अनुरोध किये गए हैं:

क. जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी के दायरे के भीतर हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबीली और उप असेंबली शामिल हैं। उत्पाद के दायरे में असेंबली और उप असेंबली हमेशा शामिल है।

ख. ऐसा उत्पाद विवरण देने जिसके आधार पर जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी का आयात हो रहा है, का उद्देश्य सभी रूपों को इस जांच के दायरे में कवर करना है।

ग. जांच शुरुआत संबंधी अधिसूचना में दिया गया विवरण पूर्ण नहीं था और उसमें पीयूसी के असेंबली और उप असेंबली शामिल थी।

घ. उत्पाद के दायरे के स्पष्टीकरण में केवल असेंबली / उप असेंबली की सूची का उल्लेख है और इसलिए उसका उद्देश्य केवल वर्तमान जांच के दायरे को सीमित करना है।

ड. *हुआवेई टेक्नोलॉजीज बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी*[5] के मामले में सेस्टेट ने पुष्टि की थी कि प्राधिकारी को पीयूसी के दायरे में ऐसे कलपुर्जों और घटकों को शामिल करना चाहिए जिन्हें शामिल न करने पर शुल्क निष्प्रभावी जो जाएगा।

च. *मैरिनो पैनल प्रोडक्ट्स लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी*[6] मामले में सेस्टेट ने मध्यम घनत्व के फाइबर बोर्ड के बड़े आकार को पीयूसी के दायरे में शामिल करने का समर्थन किया। यद्यपि घरेलू उद्योग उनका उत्पादन नहीं करता था।

छ. औद्योगिक लेजर मशीन से संबंधित पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने पूर्णत: असेंबल लेजर कटिंग, लेजर मार्किंग और लेजर वेल्डिंग मशीनों को सीकेडी और एसकेडी रूप में विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया था।

ज. डीजीटीआर की अनेक जांचों में जैसे चीन जन. गण. से ग्लास फाइबर, चीन और इजराइल से एसएचडी मलेशिया, चीन जन. गण., चीनी ताइपे और संयुक्त राज्य अमेरिका से सोलर सेल, चीन जन. गण. से पवन चालित विद्युत जनरेटरों

[5] 2016 एसीसी ऑनलाइन सेस्टेट 404
[6] 2016 (334) ई – एल.टी. 552

के लिए कास्टिंग में प्राधिकारी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पीयूसी की व्यापक परिभाषा दी है कि शुल्क के प्रयोजन को लागू किया जा सके।

झ. ईयू और यूएसए में अनेक पाटनरोधी जांच में पीयूसी को इस प्रकार से परिभाषित किया गया कि उसमें कलपुर्जे असेंबली और घटक शामिल हो सकें।

ञ. *हुआवेई टेक्नोलॉजीज बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी* मामलें में माननीय सेस्टेट ने माना था कि यह आवश्यक नहीं है कि पीयूसी में शामिल सभी प्रकार के उत्पाद एक दूसरे के समान हों या आवश्यक रूप से समरूप उत्पाद बनाते हों।

ट. रॉक ब्रेकर एक पूंजीगत सामान है और इसमें अनेक असेंबली और उप असेंबली शामिल हैं। इन उप असेंबली और असेंबली को पाटनरोधी शुल्क के लगने के बाद उससे बचने के लिए आयात किया जा सकता है।

ठ. 7 असेंबली / उप असेंबली पर शुल्क लागू नहीं करके ऐसी प्रबल संभावना है कि आयातक टुकड़ों में आयात का उत्पाद करें और भारत में उत्पाद को असेंबल करें।

ड. *चीन जन. गण. से ट्रेलर के लिए एक्सेल* से संबंधित पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने जांच शुरुआत अधिसूचना में कतिपय विशिष्ट हिस्सों को उत्पाद में शामिल नहीं किया था। उसके बाद प्राधिकारी को सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा सूचित किया गया कि हिस्सों के आयातों में असामान्य वृद्धि हुई है। तत्पश्चात् प्राधिकारी को प्रवंचनारोधी जांच शुरू करनी पड़ी और ट्रेलर के लिए एक्सेल के कलपुर्जे पर शुल्क लागू करने की सिफारिश करनी पड़ी।

ढ. हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का कोई निर्यातक इसी प्रकार की प्रक्रिया में शामिल हो सकता है। आयात आंकड़ें भी दर्शाते हैं कि रॉक ब्रेकर विभिन्न असेंबली / उप असेंबली का निरंतर व्यापार प्रवाह है।

ण. डिजाइन के रूप में असेंबली / उप असेंबली रॉक ब्रेकर का एक घटक है और उसका कोई अंतिम उपयोग नहीं है। रॉक ब्रेकर की असेंबली में आने वाली परिवर्तन लागत काफी कम है।

त. चीसेल और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर समान जांच का हिस्सा हैं जो प्राधिकारी की प्रक्रिया से संगत है।

थ. *ईयू – कतिपय इस्पात उत्पादों पर रक्षोपाय (डीएस 595)* में डब्ल्यूटीओ पैनल में किसी जांच में पीयूसी की परिभाषा के लिए जांचकर्ता प्राधिकारी को व्यापक विवेकाधिकार की पुन: पुष्टि की है। पैनल ने यह बताया कि प्राधिकारी एक जांच में दो अलग उत्पादों को शामिल कर सकते हैं। इसी सिद्धांत को ईसी - साल्मन (नार्वे) में पैनल की रिपोर्ट में पहले भी स्पष्ट किया गया है।

द. *सनसिटी शीट्स प्रा. लिमिटेड बनाम भारत संघ*[7] के मामले में माननीय सेस्टेट ने पीयूसी के दायरे को माना था इसमें यह बताते हुए हॉट रोल्ड और कोल्ड रोल्ड दोनों उत्पादों को शामिल किया गया कि संबद्ध वस्तु के विभिन्न प्रकारों की परस्पर प्रतिस्थापनीयता की कोई आवश्यकता नहीं है।

ध. *चीन ज. गण. से ग्लास फाइबर संबंधी पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा और चीन जन. गण., मलेशिया, इंडोनेशिया और यूरोपीय संघ से विनियर्ड इंजियर्ड वुडेन फ्लोरिंग संबंधी पाटनरोधी जांच में* विभिन्न उत्पादों को एक साथ शामिल और जांच की गई थी क्योंकि सभी उत्पाद एक साथ विनिर्मित होते थे।

न. एडी ने सेंट स्टीफ़न कॉलेज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय[8] के मामले में एडी ने कम लोगों की राय पर भरोसा किया।

प. प्रत्येक कानून की व्याख्या शाब्दिक रूप से होनी चाहिए। उत्पाद विवरण को शब्दश: पढ़ने से यह स्पष्ट है कि ''हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर असेंबली किट'' पीयूसी के दायरे में शामिल है। ''असेंबली किट'' इसके बारे में ''स्पेयर बॉडी असेंबली'' ''पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर के समानार्थी नहीं है।

फ. यह वक्तव्य कि घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन में असेंबली / उप असेंबली संबंधी आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं, गलत है। याचिका का अनुबंध 18 आयात पृथक्करण की पद्धति बताता है जिसमें पूर्णत: असेंबल्ड कलपुर्जों अर्थात् '' असेंबली / उप असेंबली'' शामिल हैं।

ब. प्राधिकारी उत्पाद के दायरे का विस्तार करने के लिए कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित नहीं है।

---

[7] 2017 एससीसी ऑनलाइन बेल दिल्ली 9412

[8] (1992) एक एससीसी 558

भ. मानक प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका किसी व्यापार सूचना या परिपत्र से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और उसे किसी विवाद या मुकदमे में प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

म. असेंबली और उप असेंबली हमेशा विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा रही थीं। सरकारी राजपत्र में प्रकाशित जांच शुरुआत अधिसूचना में हाइड्रोलिक स्पेयर बॉडी और हाइड्रोलिक असेंबली किट शामिल थीं। इसलिए पक्षकारों को स्पष्ट संकेत दिया गया था कि सरकारी राजपत्र में जांच शुरुआत अधिसूचना के प्रकाशन के स्तर पर पीयूसी के दायरे में क्या शामिल नहीं है।

य. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 5.5 के अंतर्गत प्राधिकारी के लिए जांच शुरुआत के दौरान केवल निर्यातक देश को अधिसूचित करना अपेक्षित है। जांच शुरुआत अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा शामिल है। इसलिए निर्यातक डब्ल्यूटीओ सदस्य का यह दायित्व है कि वह हितबद्ध पक्षकारों को सूचित करे।

कक. जांच के निर्यातक - उत्पादकों को सूचित करने का बड़ा दायित्व केवल जांच की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होता है।

खख. कोरिया गणराज्य में विस्तृत और मौखिक अनुरोध किए हैं - जो यह दर्शाते हैं कि वे पीयूसी की परिभाषा से सुपरिचित हैं और 16 जून, 2023 को यह स्पष्ट किया गया है।

ग.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

8. व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय, कोरिया सरकार के व्यापार विधिक प्रभाग ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में निम्निलखित अनुरोध किया था:

क. दिनांक 30 सितंबर, 2022 की जांच शुरुआत अधिसूचना में पीयूसी के दायरे को अलॉय स्टील चीसेल / टूल और पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के रूप परिभाषित किया गया है। तथापि जांच की शुरूआत के 9 महीने बाद डीजीटीआर ने पीयूसी के दायरे को बढ़ाया है।

ख. घरेलू उद्योग ने केवल रॉक ब्रेकर और पूर्णतम: असेंबल्ड रूप में चीसेल के लिए पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के साक्ष्य दिए हैं। डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 5.2 में यह उल्लेख है कि पाटनरोधी जांच केवल तभी शुरू की जा सकती है यदि प्रथमदृष्ट्या जांच पाटन और क्षति का समर्थन करते हैं। पाटन और घरेलू उद्योग को 7 घटकों के आयात के कारण क्षति की संबंध में कोई प्रथमदृष्ट्या जांच नहीं है।

ग. रिकार्ड में यह दर्शाने के लिए कोई सूचना नहीं है कि वर्तमान घरेलू उद्योग इन 7 घटकों के घरेलू उत्पादन के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करता है।

घ. व्यापार उपचार जांच के लिए डीजीटीआर द्वारा प्रकाशित मानक प्रचालन प्रक्रिया मैनुअल में यह बताया गया है कि पीयूसी को जांच के दौरान नहीं बढ़ाया जा सकता है और पीसीएन पद्धति को जांच की शुरुआत के 60 दिनों के भीतर अंतिम रूप दिया जाना चाहिए।

ड. यदि कोई साक्ष्य है कि कोरिया से आयातित 7 घटक पाटित और क्षतिकारी हैं तो ऐसी सूचना हितबद्ध पक्षकारों ने नहीं दी है जो डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छे 6.1.3 और 6.4 का घोर उल्लंघन है।

च. चीसेल के लिए पीसीएन केवल व्यास पर आधारित है। तथापि, समान व्यास के चीसेल की अलग-अलग लंबाई हो सकती है जिससे कीमत में अंतर होता है। कीमत में अंतर भार के अंतर के कारण हो सकता है।

छ. डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 में अधिदेशित है कि उत्पाद अंतरों के लिए प्रत्येक मामले में आवश्यक अनुमतियां दी जाएं ताकि कीमत तुलनीयता का ध्यान रखा जा सके। यह ध्यान दिलाया गया है कि यदि पीसीएन मापदंडों को परिभाषित किया जाए तो डीजीटीआर पर ऐसे मापदंडों को शामिल करने का दायित्व है कि जो बिल्कुल सटीक तुलना के लिए आवश्यक हैं।

9. डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, निंगबो यिनझाउ गेट मशीनरी लिमिटेड, सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, और फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. विचाराधीन उत्पाद के दायरे को जांच की शुरुआत के पश्चात् बढ़ाया नहीं जा सकता है। जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी के दायरे को दो भागों में विभाजित किया गया था: अलाय स्टील चीसेल / टूल और पूर्णत: संयोजित स्थिति हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर ।

ख. पीयूसी की परिभाषा के दूसरे पैराग्राफ के ब्यौरे में नामों की केवल एक अधूरी सूची है जिनके अंतर्गत संबद्ध वस्तुओं का भारत में आयात किया जाता है।

ग. अपने आवेदन में भी घरेलू उद्योग ने केवल दो प्रकार के पीयूसी का उल्लेख किया है - अर्थात् हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल (जिसे टूल के रूप में भी जाना जाता है) । 7 प्रकार के कलपुर्जों और घटकों का याचिका के भाग के रूप में कोई उल्लेख नहीं है।

घ. प्राधिकारी ने केवल 16 जून, 2023 की अपनी अधिसूचना के जरिए 7 प्रकार के भागों और घटकों की शुरुआत की है। घरेलू उद्योग ने स्वयं पीयूसी के लिए एक आवेदन दायर किया है जो उक्त परिभाषा तक सीमित है और भागों तथा घटकों को शामिल नहीं करता है।

ड. याचिका में आर्थिक मापदंडों संबंधी समस्त सूचना केवल अलॉय स्टील चीसेल / टूल और पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर से संबंधित है और इसमें कोई असेंबली / उप असेंबली शामिल नहीं है।

च. प्राधिकारी ने अपनी जांच शुरुआत अधिसूचना में याचिका में दी गई सूचना के आधार पर पीयूसी को परिभाषित किया है। तथापि उसके बाद प्राधिकारी ने दिनांक 16 जून 2023 की अधिसूचना द्वारा पीयूसी के दायरे का विस्तार किया है।

छ. जांच की शुरूआत के बाद पीयूसी के दायरे को बढ़ाने का प्राधिकारी का कार्य व्यापार उपचार जांचों के लिए प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका के पैरा 3.5 और 3.13.4 का उल्लंघन है जो बताता है कि पीयूसी के दायरे को जांच की प्रक्रिया के दौरान बदला नहीं जा सकता है। पीयूसी के दायरे में किसी परिवर्तन को जांच शुरूआत अधिसूचना की तारीख से 3 महीने के भीतर अंतिम रूप दिया जाना चाहिए।

ज. औद्योगिक लेजर मशीन के मामले में जांच शुरूआत अधिसूचना में यथा परिभाषित पीयूसी के दायरे में एसकेडी और सीकेडी रूप शामिल थे - जिसका अर्थ है कि भागों और घटकों को स्पष्ट रूप से स्वयं जांच शुरूआत में ही पीयूसी के दायरे के भीतर शामिल किया गया है।

झ. यदि प्राधिकारी पीयूसी के दायरे में असेंबली और उप असेंबली को शामिल करना जारी रखते है तो क्षति का अलग विश्लेषण किया जाना चाहिए।

10. हुंडई एवरडिग्म कॉर्प, और डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी द्वारा पीयूसी के दायरे को बढ़ाना न्यायोचित नहीं है।

ख. जांच शुरूआत अधिसूचना का पैरा 3 पीयूसी को *"अलॉय स्टील चीसेल / टूल तथा पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर"* के रूप में परिभाषित करता है।

ग. निम्नलिखित वाक्य में दी गई विवरण की पूर्ण सूची उस विवरण को बाहर करने के उद्देश्य से दी गई है जिसके अंतर्गत पीयूसी को आम तौर पर भारत में आयात किया जाता है और इसका उद्देश्यक पीयूसी के दायरे को स्पष्ट / उसका विस्तार करना नहीं है।

घ. अधूरी सूची में केवल ऐसे नामों का उल्लेख है जिन्हें प्रविष्टि बिल में दर्ज किया जाता है - तथापि पीयूसी के दायरे में किसी भी विवरण को स्पष्ट या विस्तारित नहीं किया गया है।

ड. पीयूसी के दायरे के अनावश्यक विस्तार से उत्पाद के दायरे में गैर आनुपातिक वृद्धि हो गई है जो उचित और वस्तुनिष्ठ तुलना की जरूरत के लक्ष्य को समाप्त कर देती है।

च. उत्पाद दायरे का विस्तार उत्पाद की परिभाषा के मूल आशय से बाहर है।

छ. मूल परिभाषा में स्पष्ट रूप से पूर्णत: असेंबल्ड अलॉय स्टील चीसेल और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पीयूसी के वर्तमान

विस्तारित दायरे में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के विभिन्न घटक अपस्ट्रीम इनपुट शामिल हैं।

ज. नव सम्मिलित घटक अलग और पृथक उत्पाद है और इसलिए उन्हें पूर्णत: असेंबल्ड पीयूसी की समान वस्तु नहीं माना जा सकता। इसे जांच शुरूआत अधिसूचना में ही स्पष्ट रूप से स्वीकार करना चाहिए था।

झ. उत्पाद दायरे के वर्तमान विस्तार से घटकों की अधूरी सूची को शामिल किया गया है जो आरंभ में परिभाषित पीयूसी से उनकी संगतता को स्पष्ट रूप से बताए बिना किया गया है।

ञ. उदाहरण के लिए यदि कारों के संबंध में पाटनरोधी जांच होती है तो पीयूसी में एसयूवी, एमयूवी और चार पाहियां कारें शामिल होंगी, परंतु पीयूसी में सीट कवर, टायर, स्टेयरिंग व्हील आदि शामिल नहीं होंगे।

ट. जांच शुरूआत के बाद उत्पाद के दायरे में विस्तार कानूनी रूप से सही नहीं है। शुरूआत में परिभाषित पीयूसी को बार-बार नहीं बदला जा सकता है।

ठ. याचिकाकर्ता ने इस बारे में पर्याप्त साक्ष्य नहीं दिया है कि एडी नियमावली के नियम 25(2)(क) के अनुसार प्रवंचना हुई है।

ड. पाटनरोधी जांच को राजपत्र में प्रकाशित और संबद्ध देशों की सरकारों, निर्यातकों और आयातकों आदि को अधिसूचित किया जाता है। इस अधिसूचना का प्रयोजन सभी पक्षों को आवश्यक सूचना देना है ताकि वे अपनी भागीदारी का निर्णय ले सकें।

ढ. प्राधिकारी पीयूसी के दायरे को कम कर सकते हैं किंतु उसे बढ़ा नहीं सकते हैं।

ण. व्यापार उपचार जांच की प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका के पैरा 3.13.4 में स्वयं यह स्पष्ट है कि पीयूसी का दायरा जांच शुरूआत के स्तर पर भी निश्चित हो जाता है।

त. यदि यह मान भी लिया जाए कि प्राधिकारी के पास जांच शुरूआत के बाद उत्पाद के दायरे को बढ़ाने की शक्ति है तो जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी को ''पूर्णत: असेंबल स्थिति'' के रूप में बताया गया है।

थ. निर्यातकों/आयातकों के पास इस स्तर पर माननीय प्राधिकारी के समक्ष संबद्ध जांच में अपने हित दर्ज कराने और भागीदारी करने का कोई कारण नहीं होगा।

द. जांच के 9 महीने बाद प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे को अचानक बढ़ा दिया। इस प्रकार अनेक हितबद्ध पक्षकार जो उत्पादों से शामिल होने से प्रभावित हो सकते हैं, के पास पीयूसी के दायरे में इस अचानक वृद्धि की कोई जानकारी नहीं है।

ध. पीसीएन अधिसूचना एक राजपत्र दस्तावेज नहीं थी। बल्कि जांच शुरूआत अधिसूचना से अलग एक कार्यालय ज्ञापन थी।

न. पीसीएन अधिसूचना को कूटनीतिक माध्यम से भी नहीं भेजा जाता है, जैसा कि राजपत्र अधिसूचना के मामले में होता है।

प. असेंबली और उप असेंबली के जांच शुरूआत के स्तर पर पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं किया गया था।

फ. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार असेंबली शब्द का अर्थ किसी चीज जैसे वाहन या फर्नीचर के हिस्से को एक साथ रखने की प्रक्रिया है। उप असेंबली का अर्थ एक असेंबल की गई यूनिट है जिसे तैयार उत्पाद की अन्य इकाइयों में जोड़ा जाना है।

ब. असेंबली और उप असेंबली अनेक उत्पादों को एक साथ रखने की प्रक्रिया के लिए प्रयुक्त शब्द हैं ताकि उन्हें तैयार उत्पाद में शामिल किया जा सके और इस प्रकार अलग घटक, असेंबली या उप असेंबली पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर नहीं है।

भ. याचिकाकर्ता द्वारा बतायी गई सभी पूर्ववर्ती जांचों जिनमें सीकेडी और एसकेडी को जांच शुरूआत में ही पीयूसी में शामिल किया गया था। कोई भी पूर्व निर्णय ऐसा मामला नहीं है जिसमें जांच की शुरूआत के बाद पीयूसी के दायरे को बढ़ाया गया हो।

म. किसी निष्कर्ष आधार के बिना संभावित प्रवंचना के संबंध में घरेलू उद्योग की केवल आशंका कानूनी दायित्व की अनदेखी करने का आधार नहीं हो सकती है - जो यह है कि जांच शुरूआत के बाद पीयूसी को बदला नहीं जा सकता है।

य. याचिकाकर्ता ने प्रवंचनारोधी जांच के लिए आवेदन नहीं किया है और इसलिए वह किसी उल्लंघन की पूर्व धारणा नहीं बना सकता और पूर्व उपचार करने का अनुरोध नहीं करता है।

कक. प्रवंचना होने के बाद घरेलू उद्योग के पास नए आवेदन के साथ प्राधिकारी के पास जाने की स्वतंत्रता होगी।

खख. प्राधिकारी भागों और घटकों को पीयूसी के दायरे में शामिल करके एकतरफा राहत जारी नहीं कर सकते हैं।

11. हंसुंग स्पेशल मशीनरी कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं[9]:

क. पीयूसी के दायरे में रॉक ब्रेकर और चीसेल शामिल हैं - तथापि चीसेल की इकाई लागत पूरे रॉक ब्रेकर की तुलना में काफी कम है।

ख. रॉक ब्रेकर की कीमत रेंज यूएसडी 10,000 ~ यूएसडी 20,000 तक है जबकि चीसेल की केवल कीमत यूएसडी 30 ~ यूएसडी 400 के बीच है।

ग. हंसुंग केवल चीसेल का उत्पादक है और एडी नियमावली 1995 के नियम 2(ख) के अनुसार जांच में घरेलू उद्योग के रूप में पात्र बनने के लिए याचिकाकर्ता की सक्षमता निर्धारित करने को छोड़कर पीयूसी के दायरे के लिए विशेष रूप से आपत्ति नहीं करता है।

घ. हंसुंग चीसेल का उत्पादन करता है जो समान बाहरी व्यास होने के बावजूद लंबाई में अलग-अलग होती हैं। लंबाई में इस अंतर से कारण उत्पाद की प्रति इकाई कीमत में काफी भिन्नता होती है। चाहें तभी अन्य कारक जैसे बाहरी व्यास और उपभोक्ता समान रहें।

12. फाइन इक्विपमेंट और फिन ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

[9] हंसुंग स्पेलश मशीनरी लि० द्वारा मौखिक सुनवाई के बाद दायर लिखित अनुरोध दिनांक 2 अगस्त 2024

क. दिनांक 16 जून 2023 के पत्र द्वारा स्पष्ट किया गया पीयूसी का दायरा व्यापार उपचार जांच और डीजीटीआर द्वारा जारी मैनुअल के प्रावधानों का उल्लंघन है।

ख. मानक प्रचालन प्रक्रिया मैनुअल के पैरा 3.5 और 3.13.4 में उल्लिखित है कि जांच की प्रक्रिया के दौरान पीयूसी को बढ़ाया नहीं जा सकता है।

ग. पीयूसी का विस्तार प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है क्योंकि उत्पादक और विनिर्माता के घटकों का निर्माण करते हैं।

घ. डोजको द्वारा प्रस्तुत आवेदन में रॉक ब्रेकर की असेंबली और उप असेंबली संबंधी सूचना नहीं है।

13. यंताई एडी प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं[10]:

क. जांच शुरूआत अधिसूचना में परिभाषित पीयूसी डोजको द्वारा उसके आवेदन में परिभाषित पीयूसी के दायरे के अनुसार था।

ख. किसी आवेदन को दायर करने के लिए प्राधिकारी द्वारा जारी प्रश्नावली में आवेदक के लिए कथित पाटित वस्तु का विस्तृत विवरण देना अपेक्षित है।

ग. डोजको के आवेदन में पीयूसी के केवल दो सामान्य प्रयुक्त नामों का उल्लेख है - अर्थात हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल ।

घ. डोजको के आवेदन में पहले यह परिभाषित की हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर कैसे कार्य करता है और उसके बाद उसने चीसेल के कार्य को स्पष्ट किया गया है। रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली का ऐसा कोई अलग उल्लेख नहीं है जिसकी पहचान की जा सके।

ड. पीसीएन अधिसूचना जांच शुरूआत अधिसूचना की गलत व्याख्या है और सुमेलीकृत निर्माण के सिद्धांत का त्रुटिपूर्ण प्रयोग है।

[10] यंताई एडी प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड द्वारा मौखिक सुनवाई के बाद दायर लिखित अनुरोध दिनांक 2 अगस्त 2024

च. सुमेलीकृत सिद्धांत का निर्माण ऐसे मामलों पर लागू होता जहां दो या उससे अधिक कानूनों या समान कानूनों के भागों के बीच विरोध हो और उसकी व्याख्या सुमेलीकृत रूप में करनी होती है ताकि एक भाग दूसरे भाग के उद्देश्य को विफल न करे।

छ. यह सिद्धांत केवल वहां लागू होता है जहां दो प्रावधानों के बीच स्पष्ट विरोध हो, जैसा कि *सेंट स्टीफंस कॉलेज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय, (1992) 1 एससीसी 558* के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने माना था।

ज. सभी परिस्थितियों में प्रावधानों को व्याख्या के स्वर्णिम नियम के जरिए पढ़ा जाना चाहिए अर्थात् साधारण, प्राकृतिक और व्याकरण संबंधी अर्थ सुमेलीकृत सिद्धांत के निर्माण को दो प्रावधानों के बीच भेद या विरोध बनाने के लिए उत्पादन के रूप में प्रयोग नहीं करना चाहिए। बल्कि केवल उनके समाधान के लिए प्रयोग करना चाहिए।

झ. पीयूसी की परिभाषा के साथ उल्लिखित आयात विवरण को केवल पीयूसी की परिभाषा के पहले वाक्य में प्रवृत्त पीयूसी की परिभाषा के आलोक में पढ़ा जाना चाहिए।

ञ. जांच शुरूआत अधिसूचना में उल्लिखित किसी आयात वर्णन में प्राधिकारी द्वारा उनके पीयूसी / पीसीएन पत्र में अभिज्ञात 7 असेंबली / उप असेंबली का वर्णन नहीं है।

ट. किसी उत्पाद के विवरण का प्रयोग पीयूसी के दायरे के भीतर उसके भागों को शामिल करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

ठ. प्राधिकारी ने पिस्टन को पीयूसी के दायरे में शामिल किया है। तथापि, काल्पनिक रूप से भी यह व्याख्या नहीं की जा सकती कि पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में किसी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर को केवल पिस्टन के रूप में वर्णित किया जा सकता है।

ड. यहां तक कि आवेदक ने भी आवेदन में कहीं भी यह नहीं बताया है कि पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में किसी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर को असेंबली / उप असेंबली के विवरण में भी आयातित किया जाता है।

ढ. जांच शुरूआत अधिसूचना के दो भागों के बीच कोई विरोध नहीं है जिससे सुमेलीकृत निर्माण आवश्यक हो सकता है।

ण. प्राधिकारी उत्पाद के दायरे को बढ़ाने और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की साथ असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने के लिए " हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर असेंबली किट" वाक्य की व्याख्या नहीं कर सकते हैं। इस वाक्य को केवल ऐसी स्थिति बताने के लिए समझा जाना चाहिए। जहां किसी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की सभी असेंबली / उप असेंबली को एक किट के रूप में एक खेत में एक साथ आयातित किया गया हो और निकासी के समय सीमा शुल्क को एक किट के रूप में प्रस्तुत किया गया हो।

त. पीयूसी के दायरे की पहचान करना पाटनरोधी जांच के लिए मुख्य आरंभिक बिंदु होता है। जांच के अन्य सभी पहलू जिसमें घरेलू उद्योग की स्थिति, पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध शामिल हैं, पीयूसी के दायरे को परिभाषित करने के लिए उचित ढंग से व्यवस्थित होने चाहिए।

थ. यदि पीयूसी के दायरे में घरेलू उद्योग द्वारा नहीं उत्पादित उत्पाद शामिल होते हैं तो इससे आयात मात्राओं का गलत निर्धारण हो सकता है जिससे घरेलू उद्योग को कोई क्षति न हो सकती हो।

द. उत्पाद / विचाराधीन उत्पाद या वस्तु / जांच के अधीन वस्तु शब्द को अधिनियम और नियमावली में परिभाषित किया गया है। नियम 2(घ) में समान वस्तु को *"जांच के अधीन वस्तु के समान या सभी प्रकार से समरूप किसी वस्तु ....."* के रूप में परिभाषित किया गया है। तथापि इस परिभाषा में "जांच के अधीन वस्तु" शब्दों का अर्थ परिभाषित नहीं किया गया है। यह ज्ञात करने के लिए कि जांच के अधीन वस्तु क्या है, आयात आंकड़े / संख्याएं एक मात्र स्रोत हैं।

ध. आवेदक ने तीन श्रेणियों - रॉक ब्रेकर, चीसेल और रॉक ब्रेकर के भाग के लिए आयात पृथक्करण पद्धति उपलब्ध करायी है। पूरी दुनिया में आवेदक ने केवल उत्पाद के दायरे में चीसेल और पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर को चुना है।

न. पीयूसी के भाग अर्थात् आवेदक द्वारा आरबी भागों के रूप में अभिज्ञात भागों को पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं किया गया है।

प. डोजको द्वारा दायर आवेदन में रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली का कोई उल्लेख नहीं है।

फ. आवेदक ने असेंबली / उप असेंबली के आयातों के संबंध में पाटन या वास्तविक क्षति का कोई आरोप नहीं लगाया है। पाटन के किसी प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के बिना प्राधिकारी पीयूसी का दायरा नहीं बढ़ा सकते थे।

ब. अद्यतन आवेदन में भी असेंबली / उप असेंबली के आयातों के संबंध में किसी क्षति का दावा नहीं किया गया है।

भ. पीयूसी के दायरे को पीओआई के दौरान आवेदक द्वारा विनिर्मित और वाणिज्यिक रूप से बेचे गए उत्पादों तक सीमित किया जाना चाहिए।

म. डीजीटीआर की प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका के पैरा 3.10 में उल्लेख है कि पीयूसी में ऐसी मदें शामिल हो सकती है जो आवेदक द्वारा विनिर्मित हों और वाणिज्यिक रूप से बेची गई हों।

य. ऑक्सो अल्कोहल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकरण, 2001 (130) ईएलटी 58 के मामले में माननीय सेस्टेट ने माना था कि यदि उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित नहीं है तो उनके आयात से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती है और इसलिए ऐसे उत्पादों को पीयूसी के दायरे से बाहर रखना चाहिए।

कक. टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सेस्टेट ने माना था कि किसी वास्तविक क्षति के मामले में पाटनरोधी कानून में जांच अवधि के आंकड़ों पर विचार करना अपेक्षित है और इस अवधि में ही घरेलू उद्योग को पीयूसी का उत्पादन और वाणिज्यिक रूप से बिक्री करनी चाहिए।

खख. असेंबली / उप असेंबली को शामिल करना एडी नियमावली के नियम 6(4) का उल्लंघन है जिसमें अधिदेशित है कि जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति सभी संबद्ध देशों की सरकारों को भेजी जानी चाहिए।

गग. नियम 6(4) पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 12.1 से उत्पन्न है जिसमें उल्लेख है कि प्रत्येक जांचकर्ता प्राधिकारी को सार्वजनिक सूचना के जरिए किसी जांच की शुरूआत के बारे में सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचि करना चाहिए।

इसमें यह भी उल्लेख है कि ऐसे नोटिस में जांच में शामिल उत्पाद के ब्यौरे होने चाहिए।

घघ. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों की सरकारों को केवल सार्वजनिक नोटित अर्थात जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना भेजी है। रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली का निर्यात करने वाले निर्यातकों को यह नहीं सूचित किया गया है कि इन मदों को उत्पाद के दायरे में शामिल किया गया है। अत: उनके पास जांच में भागीदारी का कोई अवसर नहीं है।

डड. सभी पूर्ववर्ती जांचों में जहां उत्पाद के दायरे में एक ही जांच में इनपुट और आउटपुट दोनों शामिल थे, वहां ऐसे उत्पाद को शामिल करने के आवेदन तथा जांच शुरूआत अधिसूचना में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया था।

चच. मलेशिया, चीन जन. गण., चीनी ताइपेई और यूएसए से सोलर सेल से संबंधित पाटनरोधी जांच में पीयूसी के दायरे को इनपुट तथा आउटपुट दोनों को शामिल करने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया था।

छछ. चीन से स्टेनलेस स्टील, सीमलेस ट्यूब और पाइपों से संबंधित पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने हॉट रोल्ड और कोल्ड रोल्ड दोनों पाइपों को उत्पाद के दायरे में शामिल किया था।

जज. चीन जन. गण. से औद्योगिक लेजर मशीनों से संबंधित पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने औद्योगिक लेजर मशीनों के पूर्णत: असेंबल्ड सीकेडी और एसकेडी रूपों को उत्पाद के दायरे में शामिल किया था।

झझ. याचिकाकर्ता ने केवल अपने लिखित अनुरोध में यह तर्क दिया है कि 7 असेंबली / उप असेंबली उत्पाद के दायरे में शामिल है। यह बात न तो डोजको द्वारा दायर आवेदन और न ही उसके पीयूसी / पीसीएन अनुरोधों में बतायी गई है।

ञञ. पीयूसी के आयात विवरण की अधूरी सूची का प्रयोग असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने के लिए वर्तमान मामले में पीयूसी के दायरे में विस्तार करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

टट. 7 असेंबली / उप असेंबली को पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का केवल वर्णन नहीं माना जा सकता है और इसलिए पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं किया जा सकता है।

ठठ. प्रवंचना की आशंका आवेदक द्वारा दायर आवेदन में उल्लिखित नहीं है। यदि आवेदक की यह राय थी कि असेंबली / उप असेंबली को शामिल नहीं करने से प्रवंचना हो सकती है तो ऐसी आशंका को आवेदन में ही शामिल करना चाहिए था।

डड. हुआवेई टेक्नोलॉजीज के मामले में आवेदक द्वारा दायर आवेदन में उत्पाद के हिस्सों को स्पष्ट रूप से प्रस्तावित पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया था। दायर आवेदन के आधार पर प्राधिकारी ने भागों और घटकों सहित पीयूसी के दायरे को परिभाषित किया था।

ढढ. वर्तमान जांच में न तो आवेदन और न ही जांच शुरूआत अधिसूचना में असेंबली / उप असेंबली को पीयूसी के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

णण. घरेलू उद्योग द्वारा प्राधिकारी की पूर्व प्रक्रिया पर किया गया भरोसा त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि सभी उल्लिखित पूर्ववर्ती मामलों में प्राधिकारी ने आरंभिक स्तर पर ही भागों, घटकों आदि को पीयूसी के दायरे में शामिल किया था।

तत. प्राधिकारी पीयूसी के दायरे में हाइड्रोलिक राक ब्रेकर की 7 असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने के लिए *"हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर असेंबली किट"* शब्दों की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

14. जांच शुरूआत अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद को *"अलॉय स्टील चीसेल / टूल और पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर"* के रूप में परिभाषित किया गया था। पीयूसी ने दो अलग-अलग श्रेणियां शामिल हैं: (क) हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और (ख) चीसेल ।

15. हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर अलॉय स्टील से निर्मित एक इंजिनियर्ड उत्पाद है। यह एक्टेवेटर, मिनी एक्टेवेटर, बैक हो लोडर / स्किड स्पीयर लोडर आदि पर लगने वाला एक अटैचमेंट टूल है। यह एक्टेवेअर से हाइड्रोलिक प्रणाली द्वारा ऊर्जा लेता है। सिलेंडर ब्रेकर का दिल होता है जिसमें पिस्टन रेसीप्रोकेशन के लिए एक हाइड्रोलिक सर्किट होता है। हाइड्रोलिक ऑयल दबाव को पिस्टन पर डाला जाता है जो टूल / चीसेल को

हिट करता है और इसके बाद पिस्टन की गतिज ऊर्जा हैमरिंग ऊर्जा में परिवर्तित होती है। यह प्रभाव दबाव बनाता है जो चीसेल / टूल से होते हुए रॉक पर जाता है। दबाव के ट्रैवलिंग रिफलेक्शन से चट्टान टूट जाती है।

16. चीसेल (जिसे टूल के रूप में भी जाना जाता है) हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बॉडी के निचले हिस्से में लगी होती है। चीसेल उस सतह के संपर्क में आती है जिसे प्रभाव से तोड़ना होता है। चीसेल को रॉक ब्रेकर से अलग भी बेचा जाता है। सामान्यत: कुछेक घंटों के प्रयोग के बाद चीसेल घिस जाती है और उसे बदलना पड़ता है। प्रयोग के प्रकार और अपेक्षित प्रभाव के बल के प्रकार के आधार पर चीसेल धार विभिन्न आकारों की हो सकती है जैसे ब्लंट, वैज, मोइल आदि। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने चीसेल को पीयूसी के दायरे में शामिल करने पर आपत्ति नहीं जतायी है। परंतु प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए पीसीएन संबंधी कतिपय मुद्दे उठाए हैं जिन पर नीचे चर्चा की गई है।

17. हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के संबंध में जांच की शुरूआत के बाद प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे और उत्पाद नियंत्रण संख्याओं (पीसीएन) के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां आमंत्रित की थी।

18. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया कि क्या हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली, उप असेंबली और घटकों को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है। प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे और अपनाए जाने वाले पीसीएन पर विशेष रूप से चर्चा करने के लिए एक मौखिक सुनवाई आयोजित की और पक्षकारों को लिखित अनुरोध करने की अनुमति दी। दिनांक 16 जून 2023 की अधिसूचना द्वारा प्राधिकारी ने स्पष्ट किया कि 5 असेंबली और उप असेंबली को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है।

19. प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे के संबंध में विचारार्थ निम्नलिखित मुद्दों की पहचान की है:

क. क्या पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है ?

ख. क्या पीयूसी में केवल उन उत्पादों को शामिल करना चाहिए जिन्हें घरेलू उद्योग उत्पादित कर रहा है ?

ग. क्या पूर्णत: असेंबल्ड की हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने की कानून के अंतर्गत अनुमति है ?

ग.3.1 **क्या पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है ?**

20. जांच की शुरूआत के बाद प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे के संबंध में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां आमंत्रित की और पक्षकारों को ऐसी पीसीएन का प्रस्ताव करने की अनुमति दी जिसे प्राधिकारी द्वारा अपनाया जाना चाहिए। अनेक हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी से यह स्पष्ट करने को कहा कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के भाग और घटक तथा पीयूसी के गैर असेंबल रूप पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं है। डोजको ने यह कहते हुए इन दावों पर आपत्ति की कि असेंबली और उप असेंबली को पीयूसी के दायरे के भीतर शामिल किया गया है और भागों और घटकों को बाहर रखने से शुल्क की प्रवंचना में वृद्धि होगी।

21. डोजको ने गंभीर चिंता जतायी गई आयातों की काफी मात्रा ऐसी असेंबली और उप असेंबली के रूप में है जिन्हें आसानी से जोड़कर हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर बनाया जा सकता है। डोजको ने यह भी दावा किया कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर में घटको, असेंबली और उप असेंबली को जोड़ना एक सरल प्रक्रिया है जिसमें कोई खास वाणिज्यिक खर्च या तकनीकी विशेषज्ञता शामिल नहीं होती है। डोजको ने बताया कि चूंकि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर बड़ा सामान है। इसलिए पाटनरोधी शुल्क (यदि लगाया गया) से बचने के लिए उसे गैर असेंबल या उप असेंबल रूप में आयातित किया जा सकता है।

22. डोजको हुआवेई टेक्नोलॉजीज[11] और मैरिनो पैनल प्रोडक्ट्स[12] मामलों में यह तर्क देने के लिए माननीय सेस्टट के निर्णय पर भरोसा करता है कि प्राधिकारी पीयूसी के दायरे

[11] हुआवेई टेक्नोलाजीज और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य अपील संख्या एडी /13/2012(सेस्टेट)
[12] मैरिनों पैनल प्रोडक्ट्स बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी अपील संख्या एडी/7/2010 – सीयू (डीडी)

में भागों और घटकों को तब भी शामिल कर सकते हैं - जबकि घरेलू उद्योग उनका विनिर्माण नहीं करता हो - ताकि शुल्क की प्रवंचना से बचा जा सके। डोजको यह भी बताता है कि अनेक पूर्ववर्ती जांचों में जैसे इंडस्ट्रीयल लेजर मशीन[13], ग्लास फाइबर[14], एसडीएच उपकरण[15] में प्राधिकारी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पीयूसी को व्यापक रूप से परिभाषित किया था कि शुल्क का उद्देश्य प्रभावी रहे। डोजको ने यह बताया कि विश्व भर जांचकर्ता प्राधिकारियों की यह मानक प्रक्रिया है कि पीयूसी के हिस्सों और घटकों को दायरे में शामिल किया जाए। डोजको ने ट्रेलर के एक्सेल[16] से संबंधित पाटनरोधी जांच को नोट करने का प्राधिकारी से अनुरोध किया है जिसमें पाटनरोधी शुल्क लगने के बाद सीमा शुल्क आयुक्त ने कलपुर्जों के आयातों में असामान्य वृद्धि नोटिस की थी जिससे प्रवंचनारोधी जांच आवश्यक हो गई। डोजको ने बताया कि आयात आंकड़े यह दर्शाते हैं कि रॉक ब्रेकर की विभिन्न असेंबली / उप असेंबली का निरंतर व्यापार प्रवाह है। डोजको ने यह भी तर्क दिया कि ईसी - साल्मन (नार्वे)[17] और ईयू - इस्पात रक्षोपाय[18] में डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह देखा है कि जो अलग श्रेणी के उत्पादों को एक जांच में शामिल किया जा सकता है।

23. यह निर्विवाद है कि किसी दी गई जांच के लिए परिभाषित विचाराधीन उत्पाद में अनेक विभिन्न उत्पाद हो सकते हैं जो एक दूसरे के उत्पादों से एक समान नहीं हो सकते हैं - दूसरे शब्दों में पीयूसी के भीतर विभिन्न श्रेणी के उत्पादों का आंतरिक रूप से समरूप होना आवश्यक नहीं है। ईसी - साल्मन (नार्वे)[19] डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह देखा है कि प्राधिकारी के लिए इस प्रकार से पीयूसी को परिभाषित करना आवश्यक है कि पीयूसी के भीतर सभी श्रेणी के उत्पाद एक दूसरे के समान हों । अनेक पूर्ववर्ती जांचों में व्यापक श्रेणी के उत्पादों को शामिल करने के लिए पीयूसी को परिभाषित

---

[13] अंतिम जांच परिणाम फाइल सं. 06/07/2022 – डीजीटीआर, चीन जन. गण. के मूल की अथवा वहां से निर्यातित कटिंग, मार्किंग या वेल्डिंग के लिए प्रयुक्त औद्योगिक लेजर मशीनों के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

[14] अंतिम जांच परिणाम संख्या 14/28/2009 – डीजीएडी, चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित ग्लास फाइबर और उसकी वस्तुओं के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

[15] अंतिम जांच परिणाम संख्या 14/2/2009 – डीजीएडी, चीन जन. गण. और इजराइल के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सिंक्रोनस डिजिटल हायरारकी ट्रांसमिशन उपकरण (एसडीएच उपकरण) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी शुल्क जांच ।

[16] अंतिम जांच परिणाम फाइल सं. 4/11/2010-डीजीटीआर, चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित ट्रेलर के एक्सेल के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की कथित प्रवंचना से संबंधित प्रवंचनारोधी जांच ।

[17] पैनल रिपोर्ट, *यूरोपीय समुदाय – नार्वे से फार्म साल्मन संबंधी पाटनरोधी उपाय, डब्ल्यूटी/डीएस337/आर, 15 जनवरी, 2008 को स्वीकृत ।*

[18] पैनल रिपोर्ट, यूरोपीय संघ – कतिपय इस्पात उत्पादों पर रक्षोपाय, डब्ल्यूटी/डीएस595/आर और एडीडी1, 31 मई, 2022 को स्वीकृत ।

[19] पैनल रिपोर्ट, ईसी – साल्मन (नार्वे)

करने की प्राधिकारी की प्रक्रिया भी रही है - जो एक दूसरे के समान न हों[20] । माननीय सेस्टेट ने भी यह माना है कि तैयार उत्पाद के भाग और घटक को पीयूसी के दायरे में शामिल करने की अनुमति है[21]

24. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने हिस्सों और घटकों सहित व्यापक रेंज की उत्पाद श्रेणियों को शामिल करने के लिए पीयूसी को व्यापक रूप से परिभाषित करने की प्राधिकारी की शक्तियों पर विवाद नहीं किया है, बल्कि उनकी शिकायत यह है कि जांच शुरूआत अधिसूचना में परिभाषित पीयूसी को दिनांक 16 जून 2023 की पीसीएन अधिसूचना द्वारा कथित रूप से बढ़ा दिया गया है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि चूंकि जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी को ''पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर'' के रूप में परिभाषिति किया है। इसलिए जांच केवल इस परिभाषा तक सीमित होनी चाहिए और पीयूसी में किसी विस्तार की अनुमति नहीं है। अन्य हितबद्ध पक्षकार बताते हैं कि सभी पूर्ववर्ती जांचें जिनमें हिस्से और घटक पीयूसी का भाग थे, ऐसे मामले थे जहां जांच शुरूआत अधिसूचना में स्वयं पीयूसी को हिस्सों और घटकों के रूप में परिभाषित किया था।

25. कोरिया गणराज्य ने यह तर्क दिया कि जांच को 7 असेंबली और उप असेंबली के संबंध में पाटन और क्षति के प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के आधार पर शुरू नहीं किया गया था - जो पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 5.2 का उल्लंघन है। डेमो निंगबो सुसान, फील, एवरडिग्म और डी और ए यह तर्क देने के लिए व्यापार उपचार जांच के लिए प्रचलान प्रिक्रया पुस्तिका पर भरोसा करते हैं कि जांच शुरूआत के स्तर पर एक बार परिभाषित विचाराधीन उत्पाद को बाद में बदला नहीं जा सकता है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इसी प्रकार के अनुरोध किए हैं।

26. उत्पाद के दायरे के कथित विस्तार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावों के उत्तर में डोजको ने बताया कि पीयूसी के दायरे को 16 जून, 2023 की पीसीएन अधिसूचना के जरिए संशोधित किया गया। डोजको ने बताया है कि जांच शुरूआत अधिसूचना के पैरा 4 में उत्पाद विवरण की अधूरी सूची दी गई है जिसके अंतर्गत

[20] नोट 22 देंखे
[21] नोट 11 और 12 देंखे

पीयूसी का भी आयात हुआ है। इस अधूरी सूची में ''हाइड्रोलिक स्पेयर बॉडी और हाइड्रोलिक असेंबली किट'' जैसी मदें दी गई हैं जो पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर नहीं है। डोजको ने बताया है कि उत्पाद परिभाषा की अधूरी सूची में इन शब्दों का प्रयोग दर्शाता है कि पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के हिस्से पीयूसी के दायरे में शामिल किए जाने के लिए लक्षित थे।

27. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि जांच शुरूआत अधिसूचना में उल्लिखित उत्पाद विवरण का प्रयोग पीयूसी के दायरे को बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता है। उत्पाद विवरण की अधूरी सूची केवल उन नामों को बताती है जिन्हें बिल में इंट्री करते समय उल्लिखित किया जा सकता है। एडी ने तर्क दिया है कि अधूरी सूची में उल्लिखित '' हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर असेंबली किट'' जैसे शब्दों को हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की 7 असेंबली और उप असेंबली को शामिल करने के लिए नहीं समझा जा सकता है। एडी ने यह भी तर्क दिया है कि इस वाक्य को केवल उस स्थिति के रूप में समझा जाना चाहिए, जहां हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की सभी असेंबली और उप असेंबली को एक किट के रूप में एक साथ एक खेप में आयातित किया जाता है।

28. वर्तमान जांच में पीयूसी में अन्य बातों के साथ-साथ पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर शामिल हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरूआत अधिसूचना के पैरा 3 में यथा उल्लिखित ''पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में'' शब्दों का संबंध उत्पाद की अनिवार्य विशेषता या प्रकृति से संबंधित नहीं है, बल्कि उस रूप से संबंधित है जिसमें उत्पाद को बेचा या आयातित किया जाता है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जांच शुरूआत अधिसूचना में उिल्लखित विवरण में विभिन्न रूप दर्शाए गए हैं जिनमें हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का आयात किया जाता है। तथापि, जांच शुरूआत अधिसूचना से ऐसा लगता है कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के सभी हिस्से और घटक जांच के दायरे में शामिल हैं। उसके बाद घरेलू उद्योग सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों को पढ़ने पर यह दायरा 7 असेंबली और उप असेंबली तक सीमित हो गया जो बाद में कार्य क्षेत्र अधिसूचना में उल्लिखित थीं।

29. असेंबली किट, रॉड पिन, बोल्ट के माध्यम से आदि जैसे उत्पादों को पीयूसी के दायरे से बाहर रखा गया था। दीक्षा अधिसूचना के पैराग्राफ 4 में उल्लिखित आइटम विवरणों

की गैर-संपूर्ण सूची की समावेशी भाषा के कारण, कई छोटे हिस्सों को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया था, भले ही वे हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के मामूली हिस्से हों।

30. यह भी नोट किया गया है कि रॉक ब्रेकर पूंजीगत सामान है[22], जिसमें अनेक प्रकार के हिस्से, घटक, असेंबली और उप असेंबली शामिल हैं। निम्नांकित चित्र हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के क्रास सेक्शन और आंतरिक संचरना को दर्शाता है।



हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का 3डी मॉडल



हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का क्रास सेक्शन

हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के साथ उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार की छेनी

31. उक्त चित्र हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के प्रमुख घटकों को दर्शाता है। इन घटकों से आगे अनेक छोटे हिस्से बनते हैं। ये सभी छोटे हिस्से अलग-अलग उत्पादित होते हैं और चित्र में दिखाए गए ऊपर उल्लिखित बड़े हिस्से में जोड़े जाते हैं। बड़े हिस्सों को पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के रूप में जोड़ा जाता है।

32. घरेलू उद्योग की चिंताओं और विरोधी तर्कों दोनों को ध्यान में रखते हुए जांचकर्ता दल ने घरेलू उद्योग के संयंत्र का मौके पर सत्यापन किया। देखने से एक बिल्कुल

[22] एफटीपी 2015-20 के अंतर्गत ''पूंजीगत सामान को निम्नानुसार परिभाषिति है:
''पूंजीगत सामान से तात्पर्य कोई संयंत्र, मशीनरी, उपकरण या सहायक सामान है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं के विनिर्माण या उत्पादन या बदनलने, आधुनिकीकरण, तकनीकी उन्नयन या विस्तार के लिए अपेक्षित सेवाओं सहित सेवाएं देने के लिए अपेक्षित हों। इसमें पैकेजिंग मशीनरी और उपकरण, रिफ्रिजरेशन उपकरण, विद्युत उत्पादन सेट, मशीन टूल, परीक्षण के लिए उपकरण और साधन, अनुसंधान और विकास, गुणवत्त प्रदूषण नियंत्रण शामिल हैं। पूंजीगत सामान, विनिर्माण, खनन, कृषि, जल कृषि, पशु पालन, पुष्प कृषि, बागवानी, मछली पालन, मुर्गी पालन, रेशम कीट पालन और अंगूर की खेती में प्रयोग के लिए और सेवा क्षेत्र में प्रयोग के लिए हो सकता है।

सीधी असेंबली प्रक्रिया का पता चला इसमें तकनीकी जटिलता या कोई खास लागत नहीं थी। असेंबली / उप असेंबली को मूल मैनुअल लेवल के प्रयोग से पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और एक हैवी वेट लिफिटिंग मशीन में तुरंत परिवर्तित कर दिया गया । इससे कर प्रवंचना का स्पष्ट और आसन्न जोखिम दिखाई देता है। इस प्रकार घरेलू उद्योग द्वारा प्रवंचना का खतरा केवल निराधार कथन नहीं है, बल्कि एक बिल्कुल आसन्न संभावना है। अत: अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध के अनुसार पीयूसी के दायरे से असेंबली / उप असेंबली को बाहर रखना उचित नहीं समझा गया था।

33. यह आवश्यक नहीं है कि पूंजीगत सामान को हमेशा पूर्णत: असेंबल्ड स्थिति में आयातित किया गया हो; ऐसा हो सकता है कि परिवहन में आसानी या अन्य संभार स्वतंत्र के प्रयोजनों के लिए पूंजीगत सामान को गैर असंबल्ड रूप में आयात किया गया हो। इसे तुरंत असेंबल किया गया हो।

34. डीजी सिस्टम से प्राप्त आयात आंकड़ों की काफी अधिक मात्रा के विस्तृत विश्लेषण के बाद यह नोटिस किया गया था कि पीयूसी (अर्थात् हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर) के आयातों की काफी मात्रा हिस्सों के रूप में है जिसे आसानी से पीयूसी बनाने के लिए जोड़ा जा सकता है। दूसरे शब्दों में उत्पाद को गैर असेंबल रूप / स्थिति में आयात किया जा रहा है। यह देखा गया था है कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की प्रकृति और आकार के कारण और चूंकि ये पूंजीगत सामान हैं। इसलिए हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर को गैर असेंबल रूप / स्थिति में आयात करना एक सामान्य प्रक्रिया थी। तथापि, इससे तैयार उत्पाद की अनिवार्य प्रकृति और विशेषता में बदलाव नहीं होता है। पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की गैर असेंबल रूप के बीच एक मात्र अंतर उस रूप का है जिसमें इनका आयात होता है। अन्य सभी मापदंडों में ये एक जैसे और समान हैं। ''असेंबली / उप असेंबली'' और ''पूर्णत: असेंबल स्थिति'' शब्द केवल विभिन्न रूपों से संबंधित हैं जिनमें रॉक ब्रेकर का आयात होता है। जैसा कि जांच शुरूआत अधिसूचना में उल्लिखित अनेक विवरणों के जरिए दर्शाया गया है। पूर्णत: असेंबल स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और असेंबली और उप असेंबली के रूप में आयातित हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के बीच कोई अंतर नहीं है।

35. इंटर कांटिनेटल ऑयल्स एंड फैट्स पीईटी लि० बनाम भारत संघ और अन्य[23] के मामले में माननीय सेस्टेट ने उत्पाद के गैर तैयार रूप को पीयूसी में शामिल करने की अनुमति दी थी। यद्यपि घरेलू उद्योग के पास गैर तैयार रूप के उत्पादन की क्षमता नहीं थी। उस मामले में घरेलू उद्योग ने केवल सी12 सी14 अल्कोहल के मिश्रित रूप का उत्पादन किया था और सी12 और सी14 अल्कोहल के प्योर कट्स का नहीं। सेस्टेट ने नोट किया कि प्योर ग्रेड सी12 और सी14 और उसका मिश्रण सी12-सी14 समान विनिर्माण प्रक्रिया से समान कच्ची सामग्री से निकलता है। घरेलू उद्योग ने यह भी तर्क दिया कि सी12 और सी14 को सरल प्रक्रिया द्वारा आपस में मिलाया जा सकता है। माननीय सेस्टेट ने नोट किया कि यदि सी 12 और सी14 के शुद्ध कट्स को बाहर रखा जाता है तो इससे शुल्क लगाने का उद्देश्य विफल हो जाएगा और इसलिए प्योर कट्स को पीयूसी के दायरे में शामिल किया।

36. इसी प्रकार वर्तमान जांच में इन उप असेंबली को और असेंबली को पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के रूप में असेंबल्ड किया जा सकता और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद से प्रतिस्थापित और बदला जा सकता है। इस प्रकार उप असेंबली और असेंबली पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर से केवल उस रूप में अलग हैं जिसमें इसका आयात किया जाता है।

37. यह भी तर्क दिया गया कि यदि उन सभी भागों को पीयूसी के दायरे में शामिल किया जाए तो इससे ऐसी स्थिति बनेगी जहां उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक हो जाएगा और जांच में वे आयातित उत्पाद भी शामिल होंगे जो घरेलू उद्योग का क्षति का कारण नहीं है।

38. हितबद्ध पक्षकारों ने बताया है कि 7 असेंबली और उप असेंबली पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के समान वस्तु नहीं हैं। प्राधिकारी उस सीमा तक सहमत हैं, जहां ये उत्पाद पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर के अलग-अलग समान नहीं हैं। तथापि, यह नोट किया गया है कि इन असेंबली को एक साथ एकल सौदे / खेत में या अनेक

[23] इंटर कांटिनेटल ऑयल्स एंड फैट्स पीईटी लि० बनाम भारत संघ और अन्य, पाटनरोधी अपील संख्या 2019 की 50228

खेतों में निर्यातित किया जा सकता है। जिन्हें समय पर अलग किया जा सकता है। परंतु इन्हें पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर बनाने के लिए आयातित किया जा सकता है।

39. इस संबंध में प्राधिकारी चीन जन. गण. से *औद्योगिक लेजर मशीनों* संबंधी पाटनरोधी जांच के निम्नलिखित संमुक्ति को नोट करते हैं:

''18. एसकेडी और सीकेडी के अर्थ के संबंध में प्राधिकारी मानते हैं कि यह भलिभांति ज्ञात शब्द है। एसकेडी का अर्थ लेजर मशीन होगा जो पूर्णत: असेंबल नहीं है परंतु नहीं फिट किए गए सभी अनिवार्य घटकों के साथ लेजर मशीन के रूप में खरीदी जाती है और मशीन प्रयोग के लिए तैयार नहीं होती है। इस प्रयोजनार्थ सीकेडी का अर्थ अपने अपूर्ण या गैर तैयार रूप में कोई वस्तु है और उसने पूर्ण वस्तु की अनिवार्य विशेषताएं हैं। इस प्रकार एकल घटक एसकेडी । सीकेडी रूप में पीयूसी का आयात नहीं माना जाएगा। तथापि, यदि सभी घटकों का इस प्रकार सौदा किया जाता है कि उसमें केवल भारत में जोड़ने का कार्य अपेक्षित है तो ऐसे सौदे को सीकेडी स्थिति का सौदा माना जाएगा और वह चाहें एकल खेत में सौदा न भी किया जाए तो भी पीयूसी के दायरे के भीतर समझा जाएगा।''

40. इस प्रकार जब 7 असेंबली उप असेंबली का इस प्रकार से सौदा किया जाता है कि उसे भारत में केवल जोड़ना अपेक्षित हो तो ऐसे सौदे को हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की गैर असेंबल रूप / स्थिति का सौदा माना जाएगा। चाहें ऐसा सौदा एकल खेप / एकल सौदे में न हुआ हो या अनेक सौदों में हुआ हो।

41. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि एवरडिग्म और डी एंड ए ने चिंता जताई है कि असेंबली और उप असेंबली को शामिल करने से क्षति विश्लेषण खराब हो जाएगा क्योंकि छोटी मात्राओं में आयातित उच्च कीमत की घटक की तुलना कम कीमत वाले ऐसे घटकों से की जाएगी जिनका आयात अधिक मात्रा में हुआ है। यह स्पष्ट किया जाता है कि पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन को भारित औसत आधार (कीमत प्रति एमटी और न कि नग प्रति एमटी) में निर्धारित किया गया है और इसलिए ऐसे घटकों के प्रभाव से मार्जिन में गड़बड़ी नहीं होगी। तुलना प्रति नग आधार पर नहीं हो रही है। अलग-अलग असेंबली और उप असेंबली की कीमतों की तुलना अलग-अलग हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की कीमतों से नहीं की गई है। विभिन्न असेंबली और पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की इकाइयों के बीच कीमत का अंतर कीमत तुलनीयता

को प्रभावित नहीं कर सकता है, क्योंकि तुलना भारित औसत आधार पर की गई है। प्राधिकारी ने इस पद्धति के आधार पर अपना पाटन और क्षति विश्लेषण किया है।

42. उक्त के आधार पर प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि दिनांक 16 जून, 2023 की पीसीएन अधिसूचना से पीयूसी के दायरे का विस्तार नहीं हुआ है। महत्वपूर्ण यह है कि पीसीएन अधिसूचना जांच शुरूआत अधिसूचना में पीयूसी की दायरे की व्यापक परिभाषा की तुलना में दायरे को सीमित करती है। इस प्रकार पीयूसी का दायरा निम्नानुसार है:

''अलॉय स्टील चीसेल / टूल और पूर्णत: असंबल स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर तथा रॉक ब्रेकर की निम्नलिखित उप असेंबली और असेंबली:

क. हाइड्रोलिक सिलेंडर या रॉक ब्रेकर के लिए पिस्टन
ख. फ्रंट हेड
ग. बैक हेड
घ. सिलेंडर
ड. फ्रेम
च. सिलेंडर बॉडी या हाइड्रोलिक यूनिट
छ. ब्रैकेट

रॉक ब्रेकर के अन्य सभी हिस्से और घटक पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं हैं।

ग.3.2 क्या पीयूसी में केवल वही उत्पाद शामिल होने चाहिए जिन्हें घरेलू उद्योग बेच रहा है

43. एडी ने अनुरोध किया कि ऑक्सो अल्कोहल एंड टेक्नोवा मामले में माननीय सेस्टेट ने माना है कि घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद, जिनके आयात घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचा सकते हैं, को पीयूसी के दायरे से बाहर रखना चाहिए।

44. डोजको ने हुआवेई टेक्नोलॉजीज और मैरिनो पैनल प्रोडक्ट्स में माननीय सेस्टेट के निर्णयों पर यह तर्क देने पर भरोसा किया है कि माननीय सेस्टेट ने हिस्सों और घटकों को शामिल करने की अनुमति दी है जिन्हें घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित नहीं किया जाता है, क्योंकि उन्हें पीयूसी के दायरे में शामिल करने से शुल्क लगाने का प्रयोजन विफल हो जाएगा और शुल्कों की प्रवंचना हो सकती है। डी एंड ए और एवरडिग्म ने अनुरोध किया कि प्रवंचना का कोई दावा केवल आरोप और संयोग पर आधारित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे एक एडी नियमावली के नियम 25(2)(क) के अनुसार साक्ष्य के जरिए साबित करना चाहिए। एडी ने बताया किया प्रवंचना की आशंका आवेदन में उल्लिखित नहीं है बल्कि उसके बाद का विचार है।

45. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह निर्विवाद है कि घरेलू उद्योग केवल पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बिक्री करता है और असेंबली, उप असेंबली और घटकों की अलग से बिक्री नहीं करता है। तथापि, घरेलू उद्योग असेंबली, उप असेंबली और घटकों का उत्पादन करता है और उनका प्रयोग पूर्णत: असेंबल्ड हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के उत्पादन में करता है। इंटर कांटिनेंटल[24] , हुआवेई टेक्नोलॉजीज[25] और मैरिनो पैनल प्रोडक्ट्स[26] के मामलों में माननीय सेस्टेट ने निर्णय दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए उत्पाद के हिस्सों और घटकों को पीयूसी के दायरे में शामिल करने की अनुमति है कि शुल्क लगाने का प्रयोजन प्रभावी हो, चाहें घरेलू उद्योग उस वस्तु का उत्पादन और बिक्री नहीं करता हो। हुआवेई टेक्नोलाजीज के मामले में माननीय सेस्टेट ने माना था कि यद्यपि हिस्सों को केवल आबद्ध खपत के लिए उत्पादित किया जाता है, परंतु पीयूसी में उन्हें शामिल करना न्यायोचित है ताकि कर प्रवंचना का निवारण हो या उससे बचा जा सके। माननीय सेस्टेट ने निम्नानुसार संमुक्ति की:

"29. हमारे विचार से प्राधिकारी के लिए पीयूसी के दायरे में ऐसे भाग और घटकों को शामिल करने की अनुमति हैं जिन्हें यदि शामिल नहीं किया गया तो शुल्क निष्प्रभावी हो जाएगा। शुल्क लगाने के लिए उत्पाद की कवरेज ऐसी होनी चाहिए की शुल्क लगाने का उद्देश्य और आशय प्राप्त हो सके । पाटनरोधी शुल्क पाटन के बुरे प्रभावों से घरेलू उत्पादकों को बचाने के लिए लगाया जाता है यदि एसडीएच प्रयोग के लिए भागों और घटकों को बाहर रखा जाता है तो आयातक असंयोजित रूप में विभिन्न खेपों में

[24] इंटर कांटिनेटल ऑयल्स एंड फैट्स पीईटी लि० बनाम भारत संघ और अन्य, पाटनरोधी अपील संख्या 2019 की 50228
[25] हुआवेई टेक्नोलाजीज और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य अपील संख्या एडी/13/2012 (सेस्टेट)
[26] मैरिनो पैनल प्रोडक्ट्स बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी अपील संख्या एडी /7/2010 – सीयू (डीबी)

मदों को केवल ले आएंगे और भारत में उन्हें असेंबल करेंगे और शुल्क को विफल कर देंगे। वास्तव में भागों और घटकों को शामिल करना इस प्रकार से पीयूसी को प्रभावित करने की वैश्विक प्रक्रिया से संगत है। ताकि निर्यातकों द्वारा शुल्क के निवारण या प्रवंचना से बचा जा सके जैसा कि यूएसआईटीसी के निर्णय से स्पष्ट है।"

46. वर्तमान मामले में डोजको पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के उत्पादन के लिए असेंबली और उप असेंबली का विनिर्माण करता है। जैसी पहले ऊपर चर्चा की गई है। घरेलू उद्योग के मौके पर सत्यापन के दौरान जांचकर्ता दल ने देखा था कि असेंबली और उप असेंबली को पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के लिए असेंबल करने की प्रक्रिया में कोई तकनीकी जटिलता या खास वित्तीय लागत नहीं है। आयात आंकड़ों से यह भी देखा गया है कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली और उप असेंबली का भारी मात्रा में आयात हो रहा है।

47. डी एंड ए और एवरडिग्म ने अनुरोध किया कि प्रवंचना को एडी नियमावली के नियम 25(2) के अनुसार साबित करना चाहिए यद्यपि यह सही है कि एडी नियमावली का नियम 25(2) प्रवंचना के लिए मापदंड निर्धारित करता है। तथापि प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 25(2) केवल प्रवंचना के बाद ही उपचार देता है। परंतु प्रवंचना के निवारण से संबंधित नहीं है। माननीय सेस्टेट ने इंटर कांटिनेंटल[27] और हुआवेई टेक्नोलाजीज[28] मामले में माना था कि प्राधिकारी के पास पीयूसी को परिभाषित करके प्रवंचना के विरुद्ध निवारक कार्रवाई करने की शक्ति है ताकि भाग और घटकों को शामिल किया जा सके। अत: एडी नियमावली के नियम 25(2) के संबंध में डी एंड ए और एवरडिग्म के तर्क निराधार हैं।

48. वर्तमान मामले के तथ्य इंटर कांटिनेंटल और हुआवेई टेक्नोलाजीज मामले में सेस्टेट के निर्णय में बिल्कुल उपयुक्त हैं। अत: हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की असेंबली और उप असेंबली को पीयूसी के दायरे से बाहर रखना आवश्यक नहीं है। एक मात्र तर्क जो रह जाता है यह है कि इंटर कांटिनेंटल और हुआवेई टेक्नोलाजीज में प्राधिकारी ने भागों और घटकों का पीयूसी की परिभाषा में विशिष्ट रूप से उल्लेख किया था। तथापि यह

---

[27] इंटर कांटिनेटल ऑयल्स एंड फैट्स पीईटी लि० बनाम भारत संघ और अन्य, पाटनरोधी अपील संख्या 2019 की 50228

[28] हुआवेई टेक्नोलाजीज और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य अपील संख्या एडी/13/2012 (सिस्टेट)

तर्क उचित नहीं है - प्राधिकारी ने पहले ही स्पष्ट किया है कि वर्तमान जांच में पीयूसी का कोई विस्तार नहीं हुआ है।

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि टेक्नोवा और ऑक्सो अल्कोहल ने दिए गए निर्णयों पर एडी का भरोसा निराधार है। टेक्नोवा एक ऐसा मामला था जिसने उत्पाद की विभिन्न अनेक किस्मों (लीथोग्रेड अल्मोनियम, कलर कोटेड अल्मोनियम आदि) को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया था। यह प्रश्न कि क्या किसी उत्पाद की असेंबली और उप असेंबली को पीयूसी में शामिल किया जा सकता है। टेक्नोवा के मामले में सेस्टेट द्वारा विचारित नहीं था। इसके अलावा, पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर को पहले भी घरेलू उद्योग द्वारा बेचा जा रहा है और इसलिए इसका कोई कारण नहीं है कि घरेलू उद्योग रॉक ब्रेकर्स के असेंबली और उप असेंबली तथा उसके द्वारा विनिर्मित चीसेल्स की बाजार में उपभोक्ताओं के मांगने पर आपूर्ति क्यों नहीं कर सकता है। आक्सो अल्कोहल के मामले माननीय सेस्टेट ने माना था कि यह दर्शाने का कोई साक्ष्य नहीं है कि सामान्य हेक्सानोल घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु की समान वस्तु है। वर्तमान मामला एडी द्वारा उल्लिखित मामले के वास्तविक पहलुओं से अलग है।

ग.3.3 क्या पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने की कानून के अंतर्गत अनुमति है ?

50. डेमो निंगबो, सुसान, फील और एडी ने अनुरोध किया कि घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन केवल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल को विनिर्दिष्ट करता है और 7 प्रकार के भागों और घटकों का उल्लेख नहीं करता है। यह भी उल्लेख किया गया कि आवेदन में आर्थिक मापदंडों संबंधी जानकारी चीसेल और पूर्णत: असेंबल स्थिति में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर्स से संबंधित है और असेंबली तथा उप असेंबली से नहीं। इसके अलावा, पक्षकारों ने बताया है कि जांच शुरूआत के समय परिभाषित पीयूसी को व्यापार उपचार जांच के लिए प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका के पैरा 3.13.4 के अनुसार बदला नहीं जा सकता है।

51. प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रचालन प्रक्रिया पुस्तिका प्राधिकारी पर बाध्यकारी नहीं है[29]। इसके होते हुए भी प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने उस दायरे के आगे पीयूसी के दायरे का विस्तार नहीं किया है जैसा आवेदन और जांच शुरूआत अधिसूचना में दिया गया है। ऊपर स्पष्ट किए गए अनुरोध हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की उप असेंबली / असेंबली केवल वे रूप हैं जिनमें पीयूसी का भारत में आयात किया जा सकता है।

52. डी एंड ए, एवरडिग्म और एडी ने तर्क दिया है कि जांच शुरूआत अधिसूचना भारत में राजपत्र में प्रकाशित और संबद्ध देशों की सरकारों, निर्यातकों,आयातकों आदि को अधिसूचित की गई थी। यह भी बताया गया था कि राजपत्र अधिसूचना का उद्देश्य सभी पक्षकारों को आवश्यक सूचना देना था ताकि वे अपनी भागीदारी का निर्णय लें सकें। यह बताया गया था कि पीसीएन अधिसूचना कोई राजपत्र दस्तावेज नहीं था, बल्कि एक कार्यालय ज्ञापन था जो जांच शुरूआत अधिसूचना से अलग था इसलिए पक्षकारों के पास जांच में भागीदारी करने या नहीं करने का निर्णय लेने के लिए पीसीएन अधिसूचना में पर्याप्त नोटिस नहीं था।

53. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत संघ बनाम कुम्हो पेट्रो केमिकल्स[30] के मामले में उच्चतम न्यायालय पुष्टि की है कि एडी नियमावली के अंतर्गत जांच शुरूआत अधिसूचना को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करना अपेक्षित नहीं है। एडी नियमावली के नियम 6(1) में निर्धारित है कि जांच शुरूआत अधिसूचना के प्रयोजनार्थ राजपत्र अधिसूचना के बजाय सार्वजनिक सूचना पर्याप्त होती दिनांक 16 जून 2023 का कार्य क्षेत्र अधिसूचना को भी एडी नियमावली के नियम 6(1) के अनुसार सार्वजनिक सूचना के रूप में जारी किया गया था जिसे डीजीटीआर की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। सभी हितबद्ध पक्षकारों और दूतावासों को जांच से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए डीजीटाआर की वेबसाइट को नियमित रूप से देखने का निदेश दिया गया था। अत: हितबद्ध पक्षकारों द्वारा राजपत्र अधिसूचना जारी नहीं करने संबंधी अनुरोध न्यायसंगत नहीं है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने सभी अन्य जांचों में भी इसी प्रक्रिया का पालन किया है। यह कानून (उच्चतम न्यायालय द्वारा यथा पुष्टिकृत) स्वयं मानता है कि जांच शुरूआत के लिए सार्वजनिक सूचना (राजपत्र अधिसूचना के बजाय) पर्याप्त। खुद प्राधिकारी यह समझने में विफल हैं कि पीसीएन अधिसूचना की सार्वजनिक

[29] दावात्याग, मानक प्रचालन प्रक्रिया नियम पुस्तिका
[30] (2017) 8 एससीसी 307

सूचना उसी तरीके से जारी करना या पर्याप्त नहीं है। यह भी नोट किया गया है कि कार्य क्षेत्र की अधिसूचना के संबंध में यही नीति पूर्व की सभी जांचों में अपनाई गई है।

54. यह नोट करना भी संगत है कि कोरिया गणराज्य ने दिनांक 16 जून, 2023 की कार्य क्षेत्र अधिसूचना के संबंध में मौखिक सुनवाई में विस्तृत अनुरोध किए और लिखित अनुरोध प्रस्तुत किए अत: पक्षकारों का यह तर्क कि कार्य क्षेत्र अधिसूचना का प्रचार नहीं हुआ और सभी हितबद्ध पक्षकारों को पता नहीं चला, निराधार है।

ग.3.4 विचारधीन उत्पाद और समान वस्तु

55. आवेदक ने दावा किया है कि उनके द्वारा विनिर्मित वस्तु और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण वितरण और विपणन और वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इनका एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करते हैं और कर रहे हैं। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु के संबद्ध वस्तु के समान वस्तु होने के संबंध में आवेदक के दावे पर प्रश्न नहीं उठाया है। अत: प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु एडी नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु के समान वस्तु है।

ग.3.5 उत्पाद नियंत्रण संख्याओं से संबंधित मुद्दे

56. हंसुंग ने प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई उत्पाद नियंत्रण संख्याओं (पीसीएन) के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. अंतिम पीसीएन पद्धति से उचित तुलना नहीं होती है क्योंकि इसमें लंबाई को अलग रखा गया है और पीसीएन के बाहरी व्यास का व्यापक वर्गीकरण शामिल है।

ख. पीसीएन की इकाई कीमत निर्धारित करने में बाहरी व्यास और लंबाई महत्वपूर्ण मापदंड हैं।

ग. पीसीएन की इकाई कीमत पीसीएन की लंबाई के अनुसार अलग-अलग होगी। उदाहरण के लिए अधिक लंबी चीसेल की इकाई कीमत अधिक होगी, क्योंकि उसमें अलॉय इस्पात की अधिक मात्रा होगी।

घ. बाहरी व्यास को व्यापक रेंज के रूप में वर्गीकृत नहीं करना चाहिए, चूंकि उससे कीमतें विकृत जो जाएंगी और अनुचित कीमत तुलना होगी।

ड. प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई पीसीएन पद्धति से उचित तुलना नहीं होती है और यह पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 का उल्लंघन है और *मोरक्को - एक्साइज बुक पर एडी उपाय (ट्यूनीशिया) [डीएस 578]* मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल की संमुक्ति का उल्लंघन है।

57. डी एंड ए और एवरडिग्म ने प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई उत्पाद नियंत्रण संख्या के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई पीसीएन पद्धति में वस्तुनिष्ठता नहीं है। 7 घटकों के बीच कीमत में काफी अंतर मौजूद है।

ख. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 और एडी नियमावली के पैरा 6(i) निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच उचित तुलना अधिदेशित करता है। पीसीएन पद्धति में उचित तुलना नहीं होती है।

ग. अर्जेंटीना - सेरेमिक टाइल्स[31] में डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह संमुक्ति की थी कि उचित तुलना में पीयूसी की भौतिक विशेषताओं में अंतर पर विचार किया जाएगा।

घ. पीयूसी की भौतिक विशेषताओं, अंतिम प्रयोगों में जमीन आसमान का अंतर होगा, क्योंकि ये दोनों अलग घटक असेंबली और उप असेंबली है।

ड. पीयूसी के विस्तारित दायरे और सरल पीसीएन वर्गीकरण से उचित तुलना नहीं हो सकती है।

---

[31] पैनल की रिपोर्ट, अर्जेंटीना – जर्मनी से कार्टून बोर्ड के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनोधी उपाय और इटली के सिरेमिक टाइल्स के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी उपाया डब्ल्यूटी/डीएस189/आर

58. डोजको ने प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए पीसीएन वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. समान व्यास की चीसेल की लंबाई में कोई खास अंतर नहीं होता। ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी विशिष्ट व्यास के चीसेल की टेंसाइल मजबूती उसकी लंबाई के प्रति अनुपाती होती है।

ख. प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई पीसीएन पद्धति यह सुनिश्चित करती है कि उचित तुलना की जाए।

ग. प्राधिकारी पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की किसी असेंबली / उप असेंबली की तुलना नहीं कर रहे हैं।

घ. 7 विशिष्ट उप असेंबली के लिए एक अलग पीसीएन अधिसूचित किया गया है।

ड. पीसीएन पद्धति को अधिसूचित करने का कोई उद्देश्य "उचित तुलना" सुनिश्चित करना है।

ग.3.6 पीसीएन पद्धति के संबंध में प्राधिकारी द्वारा जांच

59. आरंभ में प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने पहले ही माना था कि संबद्ध देशों से आयातित वस्तु घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित समान वस्तु है। अत: वर्तमान जांच में अनुचित तुलना का कोई प्रश्न नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं वर्तमान जांच के लिए अपनाई गई माप की इकाई एमटी है और नग या इकाइयां नहीं हैं। अत: जब प्राधिकारी पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए तुलना करते हैं तो निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य की तुलना भारित औसत आधार (कीमत प्रति एमटी और न कि कीमत प्रति नग) पर होती है। यह तुलना प्रति नग / सेट / इकाई आधार पर नहीं हो रही है। अत: अलग असेंबली और उप असेंबली की कीमत की तुलना अलग हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर्स की कीमत के लिए नहीं की गई है। विभिन्न असेंबली की इकाइयों और पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के बीच कीमत का अंतर कीमत तुलनीयता को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि तुलना भारित औसत आधार पर की गई है। इस प्रकार अन्य हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क कि पीसीएन अधिसूचना उचित तुलना नहीं करने देती, गलत है।

60. इन दावों के संबंध में चीसेल की लंबाई और व्यास पर विचार किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों के पास पीसीएन संबंधी चर्चा के दौरान जांचकर्ता दल को इस तथ्य से अवगत कराया गया कि कतिपय भार के हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर केवल एक नियम व्यास तक के चीसेल को लगा सकते हैं। उदाहरण के लिए 0-75 एमएम के व्यास वाले चीसेल 0-500 किलोग्राम के बीच की भार रेंज के हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर पर ही लगाए जा सकते हैं। इस प्रकार ऐसे चीसेल का व्यास जिसे रॉक ब्रेकर पर लगाया जा सके, का प्रयोग रॉक ब्रेकर के स्वयं के भार के पता लगाने के लिए किया जा सकता है। जहां तक चीसेल की लंबाई का संबंध है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि मापदंड का प्रभाव चीसेल के भार में प्रदिर्शित होगा क्योंकि अधिक लंबाई की चीसेल का भार भी अधिक होगा। अत: इस संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे निराधार हैं।

*****

घ <u>घरेलू उद्योग का दायरा और मापदंड</u>

घ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

61. *डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, निंगबो यिनझाउ गेट मशीनरी लिमिटेड, सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, और फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड* ने घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. डोजको ने संबद्ध देशों से पीओआई के दौरान एचएस कोडों 8431 49 90 और 8431 49 30 के अंतर्गत पीयूसी का आयात किया है।

ख. डोजको ने संबद्ध देशों से [*** रूपए] मूल्य के हिस्सों और घटकों का आयात किया है। इसमें अलॉय स्टील / चीसेल टूल और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की लगभग [*** रूपए] मूल्य की असेंबली और उप असेंबली शामिल हैं।

ग. डोजको एक विचाराधीन उत्पाद का एक आयातक है और इसलिए उसे एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है।

घ. विनिर्माण का अर्थ विशेष रूप से किसी कारखाना विनिर्माण में किसी चीन का निर्माण या संयोजन की प्रक्रिया है जिसमें भागों / घटकों को जोड़ा जाता है और विनिर्माता के रूप में अंतिम उत्पाद को असेंबल करने में विचार किया जाता है। याचिकाकर्ता ने घरेलू उद्योग की स्थिति निर्धारित करते समय पात्र घरेलू उत्पादकों के रूप में ऐसे विनिर्माताओं पर विचार किया है।

ड. मौखिक सुनवाई के दौरान डोजको ने यह बताया है कि अलॉय स्टील चीसेल / टूल और हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर्स के अन्य विनिर्माता ही हैं जो संबद्ध देशों से सभी या कुछ भागों और घटकों का आयात करते हैं और पीयूसी बनाने के लिए उन्हें भारत में बस जोड़ते हैं।

च. यदि प्राधिकारी बढ़े हुए पीयूसी के दायरे को जारी रखते हैं तो उन्हें घरेलू उद्योग की स्थिति की पुन: जांच और विशलेषण करना चाहिए: (1) क्या आवेदक का पीओआई और क्षति अवधि के दौरान हिस्सों और घटकों का वाणिज्यिक उत्पादन रहा है (2) क्या आवेदक के पास भारतीय बाजार में उसके द्वारा विनिर्मित भागों और घटकों की बिक्रियां हैं (3) क्या भागों और घटकों की वाणिज्यिक मात्रा में बिक्रियां हैं (4) क्या घरेलू उद्योग को भागों और घटकों के आयात से क्षति हो रही है; (5) क्या घरेलू उद्योग दिनांक 16 जून, 2023 नोटिस में उल्लिखित 7 असेंबली / उप असेंबली का आयात कर रहा है।

छ. एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार आयातकों को घरेलू उद्योग की परिभाषा से बाहर रखना चाहिए।

ज. एक अन्य हितबद्ध पक्षकार ने आरोप लगाया कि डोजको ने संबद्ध देशों से कम से कम *** करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य की असेंबली और उप असेंबली का आयात किया है और जांच अवधि के दौरान पीयूसी के रूप में समान एचएस कोड के अंतर्गत (84314930 एवं 84314990) के लगभग *** करोड़ रुपये की कुल खरीद की है।

झ. याचिकाकर्ता ने ऐसे विनिर्माताओं को पात्र घरेलू उत्पादक नहीं माना है।

62. *हुंडई एवरडिग्म कॉर्प, और डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड* ने घरेलू उद्योग की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. याचिकाकर्ता घटकों, असेंबली / उप असेंबली को आयात कर रहा है और स्थानीय रूप से कर रहा है तथा पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के विनिर्माण के लिए केवल उनको असेंबल (बदलाव / सूक्ष्म मशीनीकरण के साथ या उसके बिना) कर रहा है।

ख. भारत में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (चीसेल के साथ या उसके बिना) के अनेक अन्य उत्पादक हैं। प्राधिकारी को ऐसे उत्पादकों की उत्पादन मात्राओं को शामिल करके घरेलू उद्योग की स्थिति निर्धारित करनी चाहिए।

ग. आवेदक ने अपने आवेदन में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के अन्य उत्पादकों को शामिल नहीं किया है।

घ. हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के अन्य उत्पादकों को पीयूसी के कथित पाटन के कारण कोई क्षति नहीं हो रही होगी।

ड. याचिकाकर्ता का यह दावा कि वे कच्ची सामग्री में 80-90 प्रतिशत मूल्यवर्धन कर रहे हैं जो कोई अन्य विनिर्माता नहीं कर रहा है, वर्तमान याचिका में मौजूद नहीं है।

च. 80-90 प्रतिशत के मूल्यवर्धन, मापदंड कभी भी एक मानक नहीं रहा है जिसे प्राधिकारी पूर्ववर्ती जांचों में अपनाया हो। यदि ऐसा होता तो काफी संख्या में पाटनरोधी निर्धारणों को कानून के अनुसार गलत माना जाता।

छ. नियम 25(2)(क)(ii) के अंतर्गत प्रवंचनारोधी जांच के प्रयोजनार्थ किसी निर्यातक के लिए 35 प्रतिशत का मूल्यवर्धन पर्याप्त माना जाता है।

ज. घरेलू उद्योग की स्थिति को ऐसे अपस्ट्रीम उत्पाद - अर्थात घटक असेंबली और उप असेंबली के लिए अलग से निर्धारित किया जाना चाहिए।

झ. आवेदक ने उप असेंबली, असेंबली या घटकों की किसी आबद्ध को दर्ज नहीं किया है।

ञ. आवेदक घटकों, असेंबली या उप असेंबली का विनिर्माण नहीं कर रहा है और इसलिए इन्हें अपस्ट्रीम उत्पादों के लिए घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है।

ट. यदि आवेदक इन घटकों का निर्माण कर रहा है तो यह देखना चाहिए कि क्या उन्हें बाजार में वाणिज्यिक रूप से बेचा गया है या नहीं।

ठ. डोजको ने विनिर्माण प्रक्रिया का अगोपनीय सारांश प्रस्तुत किया है तो हितबद्ध पक्षकारों के लिए उन पर टिप्पणियां करना कठिन बना देता है।

ड. अपने आवेदन के प्रपत्र iv(क) और प्रपत्र 6-1 में डोजको ने कच्ची सामग्री / घटकों की आबद्ध खपत शून्य बताई है जो दर्शाता है कि डोजको या तो आयात कर रहा है या अपने घटकों, असेंबली और उप असेंबली को स्थानीय रूप से ले रहा है और पूर्णत: असेंबल एचआरबी में किसी बदलाव के बिना केवल उन्हें असेंबल कर रहा है।

ढ. एसओपी मैनुअल और आक्सों अल्कोहल और टेक्नोवा इमेजिंग के मामले में सेस्टेट के निर्णय के अनुसार आवेदक को घरेलू उद्योग बनने के लिए पीयूसी का निर्माण करना चाहिए।

ण. यदि डोजको असेंबली या उप असेंबली घटकों का विनिर्माण नहीं करता है तो उसे इन अपस्ट्रीम उत्पादों का घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है। यदि डोजको उप असेंबली / असेंबली या घटकों का उत्पादन करता है तो प्रत्येक श्रेणी में स्थिति अलग-अलग निर्धारित करनी चाहिए।

त. पेंसिलीन जी पोटैशियम से संबंधी पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने मध्यवर्ती और अंतिम उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग की स्थिति अलग-अलग निर्धारित की थी।

थ. रबड़ केमिकल से संबंधित पाटनरोधी जांच में उत्पाद के विभिन्न वर्गों की आवेदक कंपनी उत्पादक के हिस्से की जांच करने के लिए अलग-अलग जांच की गई थी।

63. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी घरेलू स्थिति के संबंध में एडी ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी का उत्पाद के दायरे में शामिल प्रत्येक मद के लिए अलग स्थायी विश्लेषण करने का कानूनी दायित्व है।

ख. यह ऐसा मामला नहीं है, जहां पीयूसी के केवल विभिन्न पीसीएन हैं। ऐसा परिदृश्य हो सकता है, जहां किसी अलग मद के लिए डोजको स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा न करता हो।

ग. डोजको रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली का एक आयातक है और एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग बनने का पात्र है।

घ. बाजार आसूचना से डोजको ने सीआईएफ [***] अमरीकी डॉलर मूल्य के कुल [***] नगों का आयात किया है।

ड. डोजको द्वारा संबद्ध देश से असेंबली / उप असेंबली का आयात काफी अधिक है और उसे केवल अनुसंधान और विकास प्रयोजनों के लिए आयात नहीं माना जा सकता है।

च. डोजको भारत में पीयूसी का एक मात्र उत्पादक नहीं है। भारत में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर कम से कम 18 अन्य उत्पादक हैं।

छ. प्राधिकारी को यह निर्धारित करना चाहिए कि क्या ओवदक के पास कुल भारतीय उत्पादन का 25 प्रतिशत हिस्सा है और उसके बाद क्या डोजको और उसके समर्थकों का भारत में कुल घरेलू उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

ज. यह निर्धारित करने में मूल्यवर्धन या बैकवर्ड समेकन संगत नहीं है कि क्या पीयूसी के अन्य भारतीय विनिर्माता घरेलू उद्योग होने के पात्र हैं।

झ. ईसी - साल्मन (नार्वे) ने माना था कि उत्पादकों का अर्थ कोई उद्यम है जो मानसिक या शारीरिक श्रम के जरिए किसी पीयूसी के प्रकार को अस्तित्व में लाता है।

ञ. यहां तक कि वे उत्पादक जो रॉक ब्रेकर के कलपुर्जों का आयात करते हैं और भारत में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का विनिर्माण करते हैं, को घरेलू उद्योग का हिस्सा माना जाना चाहिए।

ट. चीन जन. गण. से 80 माइक्रोन और उससे कम की अल्मोनियम फोइल संबंधी पाटनरोधी जांच में कच्ची सामग्री का आयातक करने वाले उत्पादकों को घरेलू उद्योग माना गया था।

64. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में फाइन और फिन ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. डोजको और अन्य भारतीय उत्पादकों द्वारा असेंबली और उप असेंबली / उप असेंबली के आयातों के संबंध में डोजको द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई है।

ख. मौखिक सुनवाई के दौरान डोजको के वकील ने बताया कि वह उप असेंबली के आयात में शामिल हैं।

ग. फाइन और फिन पीयूसी के विनिर्माता है और डोजको का यह दावा झूठा है कि वह भारत में पीयूसी का एक मात्र उत्पादक हैं।

घ. दिल्ली क्लॉथ मिल्स[32] के मामले माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार कोई प्रक्रिया जिसके परिणामस्वरूप नाम, विशेषता या प्रयोग में परिवर्तन होता है, को विनिर्माण प्रक्रिया माना जाना चाहिए।

ड. फाइन और फिन विभिन्न कलपुर्जों और पीयूसी की असेंबली के आयात और घरेलू खरीद में शामिल हैं।

च. फाइन और फिन द्वारा विनिर्मित कच्ची सामग्री तैयार वस्तुओं के उत्पादन के रूप में अपना नाम विशेषता और प्रयोग में भारी परिवर्तन करती है। पूरी प्रक्रिया में 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत का मूल्यवर्धन होता है।

छ. भारत में अनेक अन्य उत्पादन समान या किसी प्रकार की विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल हैं।

65. हंसुंग ने घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्धारित करना चाहिए कि क्या असेंबली और उप असेंबली का कोई अन्य घरेलू उत्पादक है।

---

[32] 1962 (10) टीएमआई 1 - एससी

ख. डोजको दावा करता है कि जहां पीयूसी में 80 प्रतिशत के मूल्यवर्धन वाला एक मात्र उत्पादक है। जबकि अन्य कंपनियां रॉक ब्रेकर के हिस्सों का आयात करती है और भारत में असेंबल करती हैं।

ग. आयकर अधिनियम 1961, केंद्रीय जीएसटी अधिनियम 2017, कारखाना अधिनियम 1948 और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में ''विनिर्माण'' को परिभाषित करते समय मूल्यवर्धन पर विचार नहीं किया जाता है।

घ. सीआईटी बनाम टाटा लोकोमोटिव एंड इंजीनियरिंग कंपनी[33], के मामले में मुबई उच्च न्यायालय ने यह माना था कि ''विनिर्माण'' में असेंबली भी शामिल है।

ड. भारत - कोरिया सीईपीए के अनुच्छेद 3.4 में उद्गम के नियम यह विनिर्दिष्ट करते हैं कि देश में पूर्णत: प्राप्त या उत्पादित नहीं की गई वस्तु को उद्देश्य के उद्गम माना जा सकता है।

च. याचिकाकर्ता का यह तर्क कि भारत में सभी अन्य कंपनियों संगत नहीं है क्योंकि वे केवल आयात और कलपुर्जों को असेंबल करती हैं, प्रसंगिक नहीं है क्योंकि वे स्वयं भारी मात्रा में असेंबली और उप असेंबली का आयात करते हैं।

छ. विनिर्माण की परिभाषा में उत्पाद के अनुसार असेंबली भी शामिल है और यह प्रत्येक मामले में अलग होगी।

ज. डोजको का यह तर्क कि असेंबली और उप असेंबली के लिए कोई अलग स्थिति विश्लेषण नहीं करना चाहिए, हास्यास्पद हैं क्योंकि ऐसी कोई जांच मनमानी है और कानून के अंतर्गत पूर्णत: अव्यवहार्य है।

झ. 14 कंपनियों से प्राप्त समर्थन पत्र को स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि उसमें 2018 की व्यापार सूचना संख्या 13 और 14 में यथा विहित सूचना नहीं दी गई है।

घ.2 <u>घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध</u>

[33] (1968) 68 आईटीआर 325 बॉम

66. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में आवेदक द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. याचिकाकर्ता भारत में पीयूसी और उसके कलपुर्जों का एक मात्र उत्पादक और इसलिए वह एडी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

ख. ऐसी कंपनियां हो सकती है जो रॉक ब्रेकर हिस्सों का आयात करती है और भारत में उन्हें असेंबल करती है। तथापि ऐसी कंपनियों को वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ विनिर्माता नहीं माना जा सकता है।

ग. चीन और इजराइल से सिंक्रोनस डिजिटल हायरारकी ट्रांसमिशन उपकरण से संबंधित एसएसआर जांच में प्राधिकारी ने असेंबली के भौगोलिक स्थान के आधार पर घरेलू उत्पादन परिभाषित नहीं किया है।

घ. प्राधिकारी ने यह निर्णय दिया है कि उप असेंबली से किसी उत्पाद को केवल असेंबल करने वाला कोई आयातक घरेलू उत्पादक नहीं हो सकता है।

ड. घरेलू उद्योग की स्थिति को समग्र रूप से पीयूसी के संदर्भ में निर्धारित किया जाना चाहिए और न कि अलग-अलग असेंबली और उप असेंबली के रूप में ।

च. उत्पादकों की परिभाषा को जीएसटी अधिनियम, कारखाना अधिनियम और आयकर अधिनियम जैसे अन्य कानूनों से ज्ञात नहीं किया जा सकता।

छ. ईसी - साल्मन (नार्वे) में पैनल ने माना था कि किसी चीज को अस्तित्व में लाने वाले सभी उत्पादक घरेलू उत्पादक हैं।

ज. चीन से एसडीएच ट्रांसमिशन उपकरण मामले में प्राधिकारी ने माना था कि उत्पादन के अर्थ को मामला दर मामला आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

झ. डोजको केवल अनुसंधान और के प्रयोजन हेतु असेंबली और उप असेंबली का आयात करता है। घरेलू उद्योग द्वारा हिस्सों और घटकों का कुल आयात भारत में पीयूसी के कुल आयात के दो प्रतिशत से कम है।

ञ. घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना के आधार पर अन्य विनिर्माता असेंबली और उप असेंबली का आयात कर रहे हैं और भारत में इसे केवल असेंबल कर रहे हैं।

ट. घरेलू उत्पादकों की परिभाषा इतनी व्यापक नहीं हो सकती कि उसमें संबद्ध वस्तु के आयातक शामिल हो जाएं। ऐसी किसी व्याख्या से विशेष रूप से पूंजीगत समान वाली पाटनरोधी जांच में कानून में अंतर्निहित हास्यास्पदता हो जाएगी।

ठ. फाइन और फिन रॉक ब्रेकर्स की विभिन्न असेंबली और उप असेंबली को असेंबल करने में शामिल हैं और उन्हें विनिर्माता नहीं माना जा सकता है।

ड. पूंजीगत सामान की जांच में प्राधिकारी पूंजीगत सामान में लगने वाले प्रत्येक कलपुर्जे के लिए घरेलू उद्योग की अलग से जांच करने के किसी दायित्व के अधीन नहीं है। जैसा कि प्राधिकारी ने एसडीएच उपकरण से संबंधित पाटनरोधी जांच में बताया है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

67. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निम्नलिखित दो मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए:

क. क्या आवेदक स्थिति संबंधी परीक्षण को पूरा करता है ?

ख. क्या आवेदक द्वारा किए गए आयातों के मद्देनजर आवेदक नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग है ?

घ.3.1 क्या आवेदक स्थिति संबंधी परीक्षण को पूरा करता है ?

68. एडी नियमावली 1995 के नियम 5(3)(क) में निम्नानुसार प्रावधान हैं:

''....(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी उप नियम (1) के अंतर्गत किए गए किसी आवेदन के अनुपालन में कोई जांच तब तक शुरू नहीं करेंगे जब तक कि -

(क) वह समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों द्वारा व्यक्त आवेदन के समर्थन या विरोध की संख्या के जांच के आधार पर यह निर्धारित करें कि आवेदन घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किया गया है:

नीचे बशर्ते कि कोई जांच शुरू नहीं की जाएगी यदि आवेदन का स्पष्ट समर्थन करने वाले घरेलू उत्पादक घरेलू उद्योग द्वारा समान वस्तु के कुल उत्पादन के 25 प्रतिशत से कम हों और....

स्पष्टीकरण - इस नियम के प्रयोजनार्थ आवेदन को घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किया गया तभी माना जाएगा यदि वह ऐसे घरेलू उत्पादकों द्वारा समर्थित हो जिनका समग्र उत्पादन घरेलू उद्योग के उस हिस्से, जो आवेदन का समर्थन या विरोध जैसा भी मामला हो, कर रहा हो, द्वारा उत्पादित समान वस्तु के कुल उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक बनता हो।"

69. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि डोजको भारत में पीयूसी का एक मात्र उत्पादक नहीं है और ऐसे अनेक लोग हैं जो भारत में असेंबली / उप असेंबली और घटकों को असेंबल करके उत्पाद का विनिर्माण कर रहे हैं। यदि उनके उत्पादन पर भी विचार किया जाए तो घरेलू उद्योग स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा नहीं कर पाएगा।

70. डोजको ने बताया कि भारत में पीयूसी के अन्य कथित उत्पादक इस शब्द के सही अर्थ में उत्पादक नहीं हैं, बल्कि आयातक हैं जो भारत में वस्तु को केवल असेंबल करते और बेचते हैं । डोजको का दावा है कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का एक मात्र उत्पादक है जो [***] प्रतिशत का मूल्यवर्धन करता है। जबकि सभी अन्य उत्पादक अपने उत्पादों में बहुत थोड़ा सा मूल्यवर्धन करते हैं क्योकि वे कलपुर्जों का आयात करते हैं और उन्हें असेंबल करते हैं। डोजको अपने तर्क के समर्थन के लिए चीन से एसडीएच ट्रांसमिशन उपकरण में प्राधिकारी के जांच परिणाम पर भरोसा करता है।

71. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह बताते हुए डोजको के दावे का विरोध किया है कि उत्पाद का मूल्यवर्धन घरेलू उद्योग की स्थिति के निर्धारण में अनावश्यक है। उनके अनुसार विनिर्माण करना और उत्पादन करने का अर्थ असेंबल करना भी है। अत: कोई कंपनी जो असेंबल करती है, पीयूसी का विनिर्माता भी है।

72. प्राधिकारी अन्य हितबद्ध पक्षकारों की चिंताओं को नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की परिभाषा में गहन निरीक्षण अपेक्षित है और यह देखा जाना चाहिए कि क्या पीयूसी के अन्य कथित उत्पादक नियम 2(ख) की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। तथापि, इन दावों के आलोक में यह इस बात का निर्धारण कि क्या डोजको नियम 2(ख) की अपेक्षाओं को पूरा करता है। केवल तभी किया जा सकता है यदि भारत में कुल घरेलू उत्पादन के संबंध में कोई सत्यापन योग्य जानकारी हो।

73. प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने इस बारे में कोई विश्वसनीय अनुमान दिया है कि भारत में पीयूसी का कुल घरेलू उत्पादन कितना है। एडी, डी एंड ए, एवरडिम्ग, फाइन और फिन ने केवल पीयूसी के कुछ अन्य कथित उत्पादकों का उल्लेख किया है। तथापि, कोई अतिरिक्त सूचना नहीं दी है। तथापि, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस बारे में कोई सत्यापन योग्य आंकड़ा नहीं दिया है कि क्या इन कथित अन्य उत्पादकों के पास निर्माण सुविधाएं हैं जो उन्हें भारत में पीयूसी का उत्पादक बनाता हो या वे केवल संबद्ध वस्तु के व्यापारी और आयातक हैं जो भारत में वस्तु को असेंबल करते हैं और बाजार में पुन: बेच देते हैं। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी ऐसी कोई सूचना नहीं दी है कि क्या अन्य कथित उत्पादक भी आयातों में शामिल हैं और यदि हां तो कितनी मात्रा में। यदि यह मान भी लिया जाए कि पीयूसी के ये अन्य सभी कथित उत्पादक वास्तव में पीयूसी के उत्पादन में शामिल है तो प्राधिकारी के लिए इन कंपनियों के उत्पादन संबंधी सूचना लेना आवश्यक होगा। तथापि, किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने पीयूसी के इन अन्य कथित उत्पादकों के उत्पादन के संबंध में मूल सूचना भी नहीं दी है। इसके अलावा, पीयूसी का कोई कथित उत्पादक अपनी स्थिति के बारे में सूचना देने के लिए आगे नहीं आया है।

74. केवल कंपनियों की सूची देना और यह दावा करना कि वे पीयूसी का उत्पादन कर रहे हैं, अपर्याप्त है। घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रश्न उठाने वाले किसी पक्षकार को कम से कम मूल सूचना देनी चाहिए जो यदि पूरी न भी हो तो प्राधिकारी के लिए तर्कसंगत अनुमान लगाने या मान्यता बनाने में सक्षम हो। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए स्थिति संबंधी दावे केवल आरोप और संयोग है जो किसी भी साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। ऐसी सूचना के अभाव में इन कानूनी मुद्दों पर कोई चर्चा केवल कागजी कार्रवाई रहती है।

75. फाइन और फिन ने मौखिक सुनवाई के बाद अपने लिखित अनुरोध में यह दावा किया है कि वे विभिन्न हिस्सों, घटकों, असेंबली और उप असेंबली को आयात असेंबल करते हैं और भारत में *** प्रतिशत से *** प्रतिशत के मूल्यवर्धन के साथ पीयूसी को बेचते हैं। अत: फाइन और फिन दावा करते हैं कि उन्हें पीयूसी का घरेलू उत्पादक माना जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि फाइन और फिन दोनों ने प्राधिकारी द्वारा जारी आयातक प्रश्नावली के लिए परिशिष्ट प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा, आर्थिक हित प्रश्नावली के अपने उत्तर में उन्होंने पीयूसी के आयातक होने का दावा किया है। अपनी स्थिति के बारे में यह स्वीकारोक्ति उन्हें घरेलू उत्पादक होने का दावा करने से वंचित करती है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने सूचना देने के लिए अन्य घरेलू उत्पादकों को एक प्रश्नावली परिचालित की थी। तथापि, अन्य कथित उत्पादकों या फिन और फाइन ने जांच की शुरूआत के बाद प्राधिकारी द्वारा मांगी गई अन्य घरेलू उत्पादक संबंधी सूचना नहीं दी है।

76. इसके अलावा, फाइन और फिन ने केवल मौखिक सुनवाई के स्तर पर घरेलू उत्पादक के दर्जे का दावा किया है। यह दावा बाद का विचार है और एडी नियमावली 1995 के अंतर्गत यथा अपेक्षित संगत साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। अत: उक्त के मद्देनजर और फाइन तथा फिन के आयातक होने की स्वीकृति को देखते हुए प्राधिकारी फाइन और फिन को पीयूसी का उत्पादक नहीं मानने का प्रस्ताव करते हैं।

77. यह देखते हुए कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कुल घरेलू उत्पादन के संबंध में कोई सूचना नहीं दी है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग की स्थिति निर्धारित करने के लिए उपलब्ध तथ्य को लागू करने पर बाध्य हैं। चूंकि कि ऐसी कोई सत्यापन योग्य सूचना नहीं है कि अन्य कंपनियां पीयूसी के उत्पादन में शामिल हैं, इसलिए प्राधिकारी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि डोजको के पास भारत में पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन का 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

घ.3.2 **क्या आवेदक द्वारा किए गए आयातों के मद्देनजर आवेदक नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग है ?**

78. एडी नियमावली 1995 के नियम 2(ख) घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है: -

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, ***<u>परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादक समझा जा सकता है"।</u>***

79. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गंभीर दावा किया है कि डोजको ने संबद्ध देशों से पीयूसी का बड़ी मात्रा में आयात किया है। डोजको ने बताया कि उसके आयात भारत में कुल घरेलू मांग का केवल 2 प्रतिशत हैं और उसने केवल अनुसंधान और विकास प्रयोजनों के लिए पीयूसी का आयात किया है।

80. एडी नियमावली के नियम 2(ख) निर्धारित करता है कि ऐसी स्थिति जहां किसी घरेलू उत्पादक या उससे संबंधित पक्षकार ने संबंधित देशों से संबद्ध वस्तु का आयात किया हो, प्राधिकारी ऐसे किसी उत्पादक को पात्र घरेलू उत्पादक मान सकते हैं।

81. प्राधिकारी स्मरण करते हैं कि एडी नियमावली 1995 की नियम 2(ख) के अंतर्गत किसी घरेलू उत्पादक को घरेलू उद्योग के दायरे से बाहर किया जा सकता है यदि वह समृद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयातक हो या वह कथित पाटित वस्तु के किसी निर्यातक या आयातक से संबंधित हो। एडी नियमावली 1995 के नियम 2(ख) में ''जा सकता है'' शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि प्राधिकारी के पास घरेलू उत्पादकों को शामिल करने का भी विशेषाधिकार है जो भारत में संबद्ध वस्तु के आयातक भी हों और घरेलू उद्योग के दायरे में हों या जो संबद्ध वस्तु के आयातकों या निर्यातकों से संबंधित हों।

82. गुजरात फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड[34] के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संमुक्ति की थी कि यह प्रश्न की कि क्या ऐसे घरेलू उत्पादक जिसने संबद्ध वस्तु का आयात किया है, को एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग के

[34] स्टेट आफ गुजरात फट्रिलाइजर एंड केमिकल बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य, 2012 एससीसी आनलाइन सीएएल 8071

दायरे से वंचित किया जाए, की जांच घरेलू उत्पादक द्वारा किए गए आयातों के संबंध में उसके कार्यकलापों की प्रकृति के आधार पर करनी चाहिए।

83. प्राधिकारी अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा बतायी गई गंभीर चिंताओं को नोट करते हैं। मौखिक सुनवाई के दौरान डोजको ने बताया था कि उसने असेंबली और उप असेंबली की मामूली मात्रा का आयात किया है। फील, सुसान, डेमो और निंगबो ने संबद्ध देशों से पीओआई के दौरान एचएसएन [84314990] और [84314930] के अंतर्गत डोजको द्वारा किए गए आयात की सौदावार ब्यौरे दिए हैं एडी ने भी डोजको द्वारा किए गए पीयूसी और एनपीयूसी (गैर-पीयूसी) आयातों की मात्रा उपलब्ध करायी है। जांच दल ने डोजको को इस पर टिप्पणी करने का निर्देश दिया और डोजको से उन सौदों की पहचान करने के लिए कहा जो पीयूसी के आयात में शामिल हैं। निम्नांकित तालिका डोजको द्वारा किए गए आयातों का ब्यौरा दर्शाती है।

84. डोजको ने अपना उत्तर प्रस्तुत किया जिसमें उसने पीयूसी और एनपीयूसी से संबंधित सौदों की पहचान की है जांच दल ने आयात विवरण के संबंध में डोजको द्वारा प्रस्तुत उत्तर को सत्यापित किया। डोजको द्वारा प्रदत्त डीजी सिस्टम के आंकड़ों और आयात आंकड़ों के आधार यह नोट किया गया है कि डोजको समृद्ध देशों से [***] एमटी संबद्ध वस्तु का आयात किया है।

85. डोजको ने दावा किया कि उसके द्वारा किए गए लगभग [*** प्रतिशत] आयात अनुसंधान और डिजाइन के लिए थे। यह भी दावा किया गया है कि उसे संबद्ध देशों से कम कीमत के आयातों से प्रतिस्पर्धा के कारण शेष मात्रा का आयात करने पर बाध्य होना पड़ा जिससे ऐसी असेंबली और उप असेंबली के उत्पादन की उसकी क्षमता प्रभावित हुई ।

86. गुजरात फर्टिलाइजर एंड केमिकल लि० के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नोट किया कि पीयूसी के कुल उत्पादन के 15 प्रतिशत का आयात करने वाले किसी आवेदक को नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग के अर्थ से वंचित नहीं किया गया था, क्योंकि आवेदक की अनिवार्य विशेषता में बदलाव नहीं हुआ था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डोजको ने (***) एमटी असेंबली और उप असेंबली का आयात किया था

जो पीयूसी (रॉक ब्रेकर + चीसेल) के उसके कुल उत्पादन का (*** प्रतिशत) और उसकी कुल बिक्रियों (रॉक ब्रेकर + चीसेल) का (*** प्रतिशत) बनता है। डोजको ने पूर्ण: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल का आयात नहीं किया है। डोजको द्वारा किया गया आयात (आर एंड डी के अलावा) भारत में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की कुल घरेलू मांग का केवल लगभग 1 प्रतिशत बनता है। आयात भारत में कुल घरेलू मांग के संबंध में मामूली हैं।

87. डोजको ने बताया कि संबद्ध देशों से निर्यातकों द्वारा संबद्ध वस्तु के आक्रामक पाटन के कारण उसे संबद्ध वस्तु का आयात करना पड़ा था। इसके अलावा, डोजको केवल असेंबली और उप असेंबली का आयात किया है। डोजको व्यापार के लिए इन असेंबली और उप असेंबली की पुन: बिक्री नहीं करता है, बल्कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के विनिर्माण के लिए उनका प्रयोग करता हे। अत: डोजको को आयातित वस्तु का व्यापारी नहीं माना जा सकता है। इस प्रकार विनिर्माता के रूप में डोजको की अनिवार्य विशेषता नहीं बदली है। इस संबंध में यह नोट किया जाए कि एडी, डी एंड ए, एवरडिग्म, हंसुंग, फाइन और फिन ने बताया है कि असेंबली, उप असेंबली और घटकों का आयात करने तथा उन्हें असेंबल करने वाली कंपनियों को भारत में हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का विनिर्माता माना जाना चाहिए। तथापि, फाइन और फिन ने स्वीकार किया है कि वे पीयूसी के आयातक हैं और उन्होंने अन्य घरेलू उत्पादकों से संबंधित प्राधिकारी को संगत सूचना नहीं दी है। तदनुसार, उपर्युक्त कारणों से प्राधिकारी निम्नलिखित मानने का प्रस्ताव करते हैं:

क. प्राधिकारी के पास उपलब्ध तथ्यों के आधार पर डोजको का भारत में कुल घरेलू उत्पादन में कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा बनता है;

ख. और डोजको नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग की परिभाषा पूरी करता है।

******

ड **गोपनीयता**

ड.*1* ***<u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>***

88. डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, निंगबो यिनझाउ गेट मशीनरी लिमिटेड, सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, और फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. याचिका के अगोपनीय अंश से उसमें लगाए गए आरोपों को तर्कसंगत ढंग से नहीं समझा जा सकता है।

ख. एडी नियमावली के नियम 7 का उद्देश्य किसी पाटनरोधी जांच में सभी हितबद्ध पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की पर्याप्त समझ प्रदान करना है।

ग. याचिका व्यापार सूचना संख्या 1/2013 दिनांक 9 दिसंबर 2013 के साथ पठित एडी नियमावली के नियम 7 में निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करती हे।

घ. घरेलू उद्योग ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और लागत संबंधी सूचना, वार्षिक रिपोर्ट / वित्तीय विवरणों के संबंध में अधूरी याचिका प्रस्तुत की है। यद्यपि यह एमसीए पोर्टल पर उपलब्ध है।

ड. सभी पक्षकारों के बचाव को पूर्णत: प्रयोग नहीं किया जा सकता है क्योंकि याचिका में प्रदत्त काफी आंकड़ों को अगोपनीय रूपांतरण में उचित ढंग से सूचीबद्ध या प्रदान नहीं किया है।

89. एडी ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. आवेदन में एडी नियमावली और व्यापार सूचनाओं में यथा विहित आवश्यक जानकारी नहीं दी गई है।

ख. आवेदक विनिर्माण प्रक्रिया, कच्ची सामग्री के नाम, सामान्य मूल्य के देश वार अनुमान और एनआईपी गणना के संबंध में लिखित सूचना का अगोपनीय अंश देने में विफल रहा है।

ग. एडी ने आवेदक सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ अपने ईक्यूआर का अगोपनीय अंश प्रस्तुत किया है।

90. एवरडिग्म और डी एंड ए ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. स्टरलाइट इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में उच्चतम न्यायालय ने माना था कि गोपनीयता ऐसी चीज नहीं है जिसे स्वतं: मान लिया जाए।

ख. रिलायंस इंडस्ट्रीज बनाम डीए मामले में उच्चतम न्यायालय ने माना था कि डी ए पर यह मूल्यांकन करने का दायित्व है कि गोपनीयता का दावा न्यायोचित है अथवा नहीं।

ग. डोजको ने आर एंड डी, खर्च, जुटाई गई निधियों, एनआईपी आदि से संबंधित आंकड़ों के बारे में अपने आवेदन में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है। डोजको व्यापार संख्या 10/2018 का अनुपालन करने में विफल रहा है।

घ. अत्यधिक गोपनीयता प्रतिवादियों को उचित ढंग से अपना बचाव करने का पर्याप्त अवसर नहीं देती है।

ड. प्राधिकारी परिसंपत्तियों, वर्तमान देयताओं और मूल्यह्रास, आरओसीई तथा एनआईपी पर परिणामी प्रभाव पर आवंटन के आधार को गहनता से सत्यापित कर सकते हैं।

ड.*2* ***घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध***

91. गोपनीयता के संबंध में डोजको ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं:

क. एडी, वोल्वो, जेसीबी इंडिया और फाइन इक्विपमेंट्स ने अपने अनुरोधों का अगोपनीय अंश परिचालित नहीं किया है।

ख. इस तथ्य के बावजूद कि माप की इकाई एमटी है, पक्षकारों ने अपनी जानकारी नग में दी है।

ग. हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों का अगोपनीय अंश व्यापार सूचना सं. 10/2018 के अनुसार अधूरा है।

घ. प्राधिकारी ने डोजको द्वारा प्रस्तुत एनसीवी याचिका के लिए पहले ही कमी संबंधी सूचना जारी की है और डोजको ने विधिवत रूप से उसका अनुपालन किया है।

ड.*3* ***<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>***

92. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम 7-में निम्नानुसार व्यवस्था है-:

*7. **गोपनीय सूचना:** (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम(2), नियम 15 के उपनियम(4) और नियम 17 के उपनियम(4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।*

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

93. हितबद्ध पक्षकार और घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना और आंकड़ों की गोपनीयता के दावों के पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दौवों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गापेनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है, जहां कहीं अपेक्षित हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था। प्राधिकारी ने सभी पक्षकारों से बार-बार उनके अनुरोधों के अगोपनीय अंश को ई-मेल के जरिए साझा करने का निर्देश दिया है।

94. डोजको ने रुझान संबंधी आंकड़ों को गलत ढंग से निर्धारित किया है। मौखिक सुनवाई के समय निर्देश दिए जाने पर इनमें सुधार किया गया था और डोजको ने सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया था।

च <u>विविध अनुरोध</u>

च.*1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

95. डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, निंगबो यिनझाउ गेट मशीनरी लिमिटेड, सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, और फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने विविध मुद्दों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. मौखिक सुनवाई में आवेदक ने दावा किया कि उसे पूर्ववर्ती वर्ष 2020-21 छोड़कर संपूर्ण क्षति अवधि और पीओआई में भारी घाटा हो रहा है। अपने एनसीवी आवेदन में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचीबद्ध आंकड़े ऐसा नहीं दर्शाते हैं। इसके बजाय 2020-21 को छोड़कर सभी वर्षों में भारी लाभ दर्शाया गया है।

ख. आवेदक ने सूचीबद्ध पद्धति में त्रुटि की है। इसलिए सभी मानदंडों में अलग-अलग आर्थिक परिदृश्य है। इसके मद्देनजर उत्पादक/निर्यातक को अगोपीय याचिका को सही करने का और त्रुटि सुधार का निर्देश दिया जाए।

ग. प्राधिकारी को सही एनसीवी के परिचालन के बाद दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित करनी चाहिए।

घ. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त आंकड़े अप्रैल से जून 2021 की अवधि के लिए हैं जबकि पीओआई 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की है।

ड. मौखिक सुनवाई के दौरान डोजको ने अनुरोध किया कि उन्होंने हिस्सों और घटकों का आयात आंकड़ों में शामिल किया है। हिस्सों और घटकों को कुल आयात आंकड़ों में शामिल करने से आयात मात्रा और आयात कीमतों में में गड़बड़ी हो गई है।

च. हिस्सें और घटक कीमत में लगभग 30 से 40 प्रतिशत कम हैं और इसलिए ऐसा लगता है कि कम कीमतों पर मात्रा में वृद्धि हुई है।

छ. घरेलू उद्योग ने आयात आंकड़ों को नगों से एमटी में बदलने की पद्धति का प्रकटन नहीं किया है।

ज. घरेलू उद्योग ने कोई मनमाना आधार लागू किया है जिसके परिणामस्वरूप गलत कीमतों पर गलत और अत्यधिक आयात मात्राएं हो गई हैं।

झ. निर्यातक उनके द्वारा बेचे गए हिस्सों और घटकों के भार के अनुसार आंकड़े नहीं रखते हैं।

ञ. याचिकाकर्ता द्वारा उनके लिखित अनुरोध में प्रस्तुत समर्थन पत्र पर इस स्तर पर प्राधिकारी द्वारा विचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उसमें विहित प्रपत्र में सूचना नहीं दी गई है।

96. विविध मुद्दों के बारे में हंसुंग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. याचिकाकर्ता ने स्वयं पीसीएन पद्धति के अनुसार आंकड़ों की सूचना दी है। घरेलू उद्योग ने पीसीएन अधिसूचना के आलोक में अपने मूल आवेदन को संशोधित नहीं किया है।

ख. प्राधिकारी को पीयूसी के इकाई कीमत आंकड़े पीयूसी की इकाई कीमत की तुलना के लिए प्रति नग के बजाव प्रति किलोग्राम के रूप में विचार करना चाहिए।

ग. हंसुंग द्वारा घरेलू बाजार में बेची गई चीसेल की कीमत और निर्यात कीमत लंबाई में अंतर के कारण प्रति इकाई कीमत के मामले में काफी अलग- अलग है।

घ. उचित तुलना के लिए पीयूसी की तुलना प्रति किलोग्राम इकाई कीमत के अनुसार होनी चाहिए।

ड. याचिकाकर्ता ने पीसीएन पद्धति के अनुसार आंकड़े नहीं दिए हैं। याचिकाकर्ता ने अपने आंकड़े संशोधित किए हैं, परंतु असेंबली / उप असेंबली से संबंधित आंकड़े अलग से शामिल नहीं किए हैं।

च. याचिकाकर्ता द्वारा प्रदत्त आंकड़े उचित तुलना के प्रयोजनार्थ अधूरे हैं।

छ. याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए आयात आंकड़े अविश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त हैं।

97. फाइन और फिन ने निम्नलिखित विविध अनुरोध किए:

क. पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयातकों द्वारा बेची गई वस्तु की लागत बढ़ जाएगी। ऐसी संभावना नहीं है कि उस लागत का वहन डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं द्वारा किया जाएगा।

ख. आयातक लागत का वहन करेंगे और उनके समाप्त होने की संभावना है।

ग. यदि डाउनस्ट्रीम उद्योग लागत में वृद्धि को चुकाता है तो उद्योग को अपनी सेवाओं की कीमत में वृद्धि करनी पड़ेगी जिससे अवसंरचना विकास की लागत काफी बढ़ जाएगी।

घ. पीयूसी को मुख्य मशीनरी में एक एसेसरी / टूल के रूप में विशिष्ट कार्य करने के लिए लगाया जाता है। पीयूसी का कोई विकल्प नहीं है।

ड. पीयूसी बहुत जल्दी पुराना हो जाता है। इन मदों को बदलने के लिए बार-बार आयातित किया जाता है। लागत में कोई वृद्धि अंतिम प्रयोक्ताओं के लिए काफी नुकसानदायक है।

च. टूल और हिस्सों को प्रत्येक विनिर्माता द्वारा उसके अपने रॉक ब्रेकर के डिजानइ में फिट होने के लिए विशेष रूप से डिजाइन और तैयार किया जाता है। एक विनिर्माता के टूल और हिस्से अन्य के साथ बदले नहीं जा सकते हैं।

छ. चीसेल रॉक ब्रेकर के विनिर्देशन और डिजाइन के अनुसार निर्मित होती है और इसका भारी मात्रा में उत्पादन नहीं हो सका है।

ज. विनिर्माताओं द्वारा प्रस्तुत बिक्री पश्चात् सहायता विनिर्माताओं के व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण घटक है। इन वस्तुओं में जल्दी पुराना होने के कारण बिक्री पश्चात् सहायता की बार-बार जरूरत होती है। क्रेता को देश भर में कारगर सेवाएं प्रदान करने के लिए विनिर्माताओं की क्षमता के बारे में सोचना पड़ता

है क्योंकि सेवाओं में किसी देरी / अनुपलब्धता से संपूर्ण उपकरण और मशीनरी बाधित हो सकती है।

झ. कीमत खरीद के निर्णयों को प्रभावित करने वाला एक मात्र कारक नहीं है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुतीकरण</u>

98. घरेलू उद्योग द्वारा कोई विरोधात्मक विविध निवेदन नहीं किए गए हैं।

च.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

99. आवेदक द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़ों की अविश्वसनीयता के संबंध में प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम द्वारा प्रदत्त आयात आंकड़ों की जांच की है और आवेदक द्वारा प्रदत्त तीसरे पक्षकार की सूचना पर ध्यान नहीं दिया है। इसके अलावा, जब भी पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना में त्रुटि या कमियां होती हैं तो प्राधिकारी ने सभी पक्षकारों को उनमें सुधार करने या निर्देश दिया है और सभी अन्य पक्षकरों को अगोपनीय अंश परिचालित करने के लिए कहा है।

100. हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी अनुरोध किया है कि हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर के विभिन्न हिस्सों और स्वयं रॉक ब्रेकर की कीमत में अंतर के कारण और अनुचित कीमत तुलना को भी इस संबंध में प्राधिकारी ने ऊपर पहले ही अनुचित कीमत तुलना संबंधी चिंताओं पर ध्यान दिया है। प्राधिकारी दोहराते हैं कि वर्तमान जांच में अपनाई गई माप की इकाई नग या इकाईयों के बजाय एमटी है। अत: जब प्राधिकारी पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए तुना करते हैं तो निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य की तुलना भारित औसत आधार पर होती है (प्रति नग कीमत के बजाय प्रति एमटी कीमत)। प्रति इकाई आधार पर तुलना नहीं हो रही है। अत: अलग असेंबली और उप असेंबली की कीमतों की तुलना अलग-अलग हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर्स की कीमतों से नहीं की गई है। विभिन्न असेंबली और पूर्ण: असेंबल हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की इकाइयों के बीच कीमत तुलना से कीमत तुलनीयता प्रभावित नहीं होती है। चूंकि यह तुलना भारित औसत आधार पर की गई है।

*****

छ <u>बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी), सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

छ.1 बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार्य (एमईटी) और सामान्य मूल्य

छ.1.1 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

101. एडी ने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार और सामान्य मूल्य के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी को एडी करार के अनुच्छेद 2.4 और एडी नियमावली के अनुबंध - । के पैरा 6(i) के अनुसार सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए उचित तुलना के सिद्धांत को अपनाना चाहिए।

ख. रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली की लागत पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर से भिन्न है।

ग. प्रत्येक असेंबली के लिए अलग मोल्डिंग, ताप उपचार और कच्ची सामग्री की जरूरत होती है। यह लागत पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर की लागत से भी अलग होगी क्योंकि एक असेंबल रॉक ब्रेकर को अनेक घटकों और असेंबली / उप असेंबली से बनाया जाता है जिनमें प्रत्येक का लागत ढांचा अलग होता है।

घ. प्राधिकारी को रॉक ब्रेकर की असेंबली और उप असेंबली की तुलना पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर से अलग से करनी चाहिए।

ड. एडी ने जांच में प्राधिकारी का पूरा सहयोग किया है और उसे इस जांच में सहयोगी माना चाहिए।

छ.1.2 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

102. घरेलू उद्योग ने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार और सामान्य मूल्य के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. डी एंड ए निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है। तथापि, अपनी संबंधित आयातक कंपनी ईपीआई आरओसी के लिए आयातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। इसलिए डी एंड ए के उत्तर को अस्वीकृत किया जाना चाहिए।

ख. डेमो की भारत में संबंधित कंपनी डेमो इंजिनियंरिंग इंडिया प्रा० लि० ने आयातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। अत: डेमो के उत्तर को अस्वीकृत करना चाहिए।

ग. पक्षकारों ने नग में पीसीएन की सूचना दी है जबकि स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि माप की इकाई एमटी है।

घ. चीन के उत्पादकों/निर्यातकों के सामान्य मूल्य की गणना एडी नियमावली के अनुबंध । के पैरा 7 के आधार पर की जानी चाहिए। क्योंकि चीन जन. गण. एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था है।

ड. वस्तुओं के कतिपय निर्यातक / उत्पादक ने प्राधिकारी से सहयोग नहीं किया है। प्राधिकारी उन्हें असहयोगी मानना चाहिए और प्रश्नावली का उनका उत्तर अस्वीकृत करना चाहिए।

छ.1.3 ***प्राधिकारी द्वारा जांच***

103. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(क) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(ख) *उपधारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:*

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया

गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

104. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी थीं जिनमें उन्हें प्राधिकारी द्वारा विहित ढंग और तरीके से सूचना देने की सलाह दी गई थी। निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर देकर जांच में सहयोग किया है:

क. डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड
ख. निंगबो यिनझोउ गेट मशीनरी लिमिटेड
ग. सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड
घ. फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड
ड. यंताई एडी प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड
च. हंसुंग स्पेशल मशीनरी कंपनी लिमिटेड
छ. हुंडई एवरडिग्म कॉर्पोरेशन
ज. डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड

105. संबद्ध देशों से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

छ.1.3.1 <u>चीन जन. गण. से उत्पादकों / निर्यातकों का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत</u>

106. डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था हैः

"जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा:

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन

उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं हैः

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(ख) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(ग) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(घ) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

107. चीन जन. गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्थ का व्यवहार केवल अनुच्छेद 15(क)(ii) के कारण नहीं है, बल्कि अनुच्छेद 15 के शेष पाठ की वजह से है। अर्थात् उक्त पैरा (क), गेट 1994 के अनुच्छेद vi[35] में दिए गए व्यापक नियम और डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 2.2.1.1 । गेट अनुच्छेद vi और पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1. के साथ पठित चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 से उभरते हुए वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय कार्य ढांचे के अनुसार चीन जन. गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्था मानने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15 (क) (ii) समाप्त हो गया है। तथापि, डब्ल्यूटीओ ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 (क) (i) के साथ पठित पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 2.2.1.1 यह दर्शाता है कि चीन जन. गण. से उत्पादकों/ निर्यातकों को यह साबित करना अपेक्षित है कि चीन जन. गण. में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति मौजूद है। इसके अलावा एडी नियमावली के अनुच्छेद 1 का पैरा 8 निर्धारित करता है कि गैर बाजार अर्थव्यवस्था देश के रूप में मानने जाने के लिए निर्धारित या माना गया कोई देश गैर बाजार अर्थव्यवस्था मान लिया जाता है। ऐसे देश से निर्यातक एडी नियमावली के अनुबंध । के पैरा 8(3) में अपेक्षित सूचना / साक्ष्य देकर इस धारणा का खंडन कर सकते हैं जो प्राधिकारी द्वारा जारी पूरक प्रश्नावली के उत्तर के रूप में होगी। अत: उत्पादकों और

---

[35] अनुबंध I से गेट अनुच्छेद है, के लिए दूसरा एड नोट देखें जिसका पाठ निम्नानुसार है:
2. यह मान्यता दी जाती है कि किसी ऐसे देश से आयात के मामले में जहां पर उसके व्यापार में पूर्ण या काफी अधिक एकाधिकार हो और जहां घरेलू कीमतें सरकार द्वारा तय की जाती हों, पैरा 1 के प्रयोजनार्थ कीमत तुलनीयता के निर्धारण में विशेष कठिनाई आ सकती है और ऐसे मामलों में आयातक संविदागत पक्षकारों के लिए इस संभावना पर विचार करना आवश्यक हो जाता है कि ऐसे किसी देश में घरेलू कीमतों से कड़ी तुलना हमेश उचित नहीं हो सकती है।

निर्यातकों पर यह साबित करने का दायित्व है कि बाजार अर्थव्यवस्था की दशाएं संबद्ध देश में मौजूद हैं।

108. प्राधिकारी की चीन जन. गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्था मानने की सतत प्रक्रिया है। यह नोट किया जाता है कि चूंकि चीन जन. गण. से प्रतिवादी उत्पादकों /निर्यातकों ने इस धारणा का पर प्रश्न उठाने के लिए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार / पूरक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है कि चीन जन. गण. में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं, इसलिए सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध I पैरा 7 के अनुसार किया जाना अपेक्षित है जिसका पाठ निम्नानुसार है:

"7.गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देकते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

109. यह नोट किया गया है कि एडी नियमावली के अनुबंध I का पैरा 7 गैर बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए सामान्य मूल्य के परिकलन की तीन पद्धतियां निर्धारित करता है: (क) बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में कीमत यह परिकलित मूल्य के आधार पर; (ख) ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात कीमत; और (ग) किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर । प्राधिकारी नोट करते हैं कि एडी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के प्रावधान के अंतर्गत सामान्य मूल्य को पहले किसी प्रतिनिधि देश ने कीमत या परिकलित मूल्य के आधार पर निर्धारित करना चाहिए या ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात कीमत के अनुसार निर्धारित

करना चाहिए। तथापि, जब ऐसा आधार संभव नहीं हो, केवल तभी प्राधिकारी भारत में प्रदत्त या देय कीमत सहित किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित कर सकते हैं[36]।

110. यह नोट किया जाए कि पहली और दूसरी पद्धति के आधार पर सामान्य मूल्य के परिकलन के लिए पक्षकारों ने कोई सूचना / साक्ष्य नहीं दिया है। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे में उत्पादित संबद्ध वस्तु की कीमत या परिकलित मूल्य के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा, वह एचएस कोड जिसके अंतर्गत पीयूसी का आयात हो रहा है। अन्य उत्पादों को भी शामिल करता है जो पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं हैं। अत: तीसरे देश से अन्य देशों को संबद्ध वस्तु की निर्यात कीमत ज्ञात करना संभव नहीं है, क्योंकि पीयूसी के आयात वाले संगत एचएस कोड के लिए निर्यात आंकड़ों में अन्य उत्पाद भी शामिल हैं जो पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं हैं। प्राधिकारी के पास उक्त दो पद्धतियों से सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए कोई सार्वजनिक आंकड़े भी उपलब्ध नहीं है। उक्त सूचना / साक्ष्य के अभाव में प्राधिकारी के लिए पहली या दूसरी पद्धति से सामान्य मूल्य निर्धारित करना संभव नहीं है। अत: प्राधिकारी ने तीसरी पद्धति अर्थात् भारत में वास्तव में प्रदत्त या देय कीमत सहित किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर चीन से सभी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य परिकलित करने का निर्णय लिया है। प्राधिकारी ने भारत में प्रदत्त या देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य परिकलित किया है।

छ.1.3.2 ***निंगबो यिनझोउ गेट मशीनरी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

111. निंगबो के लिए सामान्य मूल्य की गणना ऊपर पैराग्राफ 96 में बताए गए सिद्धांतों के आधार पर की गई है।

- *निर्यात कीमत*

[36] सेनयांग मत्सुसित एस बैट्री कंपनी लि० बनाम एक्साइड इंडस्ट्री लि० 2005 3 एससीसी 39 पैरा 7

112. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि निंगबो चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक और निर्यातक है। निंगबो ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात किया है और भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को *** एमटी चीसेल का सीधे निर्यात किया है। निंगबों ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और अन्य व्यय के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने निंगबो द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और निंगबो के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार निंगबो के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.3 ***यंताई एडी प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

113. एडी के लिए सामान्य मूल्य उक्त पैरा 96 में उल्लिखित सिद्धांतों के आधार पर परिकलित किया गया है।

- *निर्यात कीमत*

114. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि एडी चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक और निर्यातक है। एडी ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात किया है और भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को *** एमटी चीसेल का सीधे निर्यात किया है। एडी ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और

अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने एडी द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और एडी के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार एडी के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.4 ***चीन जन. गण. से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

115. चीन जनगण से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य की गणना उपर्युक्त अनुच्छेदों में स्पष्ट सिद्धांतों के आधार पर की गई है।

- *निर्यात कीमत*

116. प्राधिकरण ने चीन जन गण से सहयोगी उत्पादकों के आंकड़ों के आधार पर आयातों की मात्रा और मूल्य पर विचार करने के बाद चीन जनगण से असहयोग उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य निर्धारित किया है। इस प्रकार निर्धारित निर्यात मूल्य नीचे उल्लिखित पाटन मार्जिन तालिका में बताया गया है।

छ.1.3.5 कोरिया गणराज्य से उत्पादकों/निर्यातकों के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत

छ.1.3.6 ***डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

117. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि डेमो संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री

करता है। डेमो ने *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रदत घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, डेमो ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *<u>निर्यात कीमत</u>*

118. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि डेमो कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक और निर्यातक है। डेमो ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात किया है। डेमो ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने डेमो द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और डेमो के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार डेमो के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.7 ***<u>सूसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत</u>***

- *<u>सामान्य मूल्य</u>*

119. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि सूसान संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री करता है। उसने अपने घरेलू बाजार में *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और *** एमटी चीसेल की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, सूसान ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *<u>निर्यात कीमत</u>*

120. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि सूसान कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक और निर्यातक है। सूसान ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात किया है और भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को *** एमटी चीसेल का सीधे निर्यात किया है। सूसान ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने सूसान द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और सूसान के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार सूसान के

लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.8 ***<u>फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत</u>***

- *<u>सामान्य मूल्य</u>*

121. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि फील कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री करता है। इसने अपने घरेलू बाजार में *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, फील ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *<u>निर्यात कीमत</u>*

122. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि फील कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक और निर्यातक है। फील ने भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात

किया है। फील ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने फील द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और फील के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार फील के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.9 ***हांसुंग स्पेशल मशीनरी कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *<u>सामान्य मूल्य</u>*

123. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि हांसुंग चीसेल का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री करता है। इसने अपने घरेलू बाजार में *** एमटी चीसेल की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, हांसुंग ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *<u>निर्यात कीमत</u>*

124. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि हांसुंग कोरिया गणराज्य से चीसेल का एक

उत्पादक और निर्यातक है। हांसुंग ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी चीसेले का सीधे निर्यात किया है। हांसुंग ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन तथा पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत, पैकेजिंग लागत, ब्रोकेज शुल्क, बैंक प्रभार, लोडिंग व्यय और ऋण निर्यात बीमा के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने हांसुंग द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और हांसुंग के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार हांसुंग के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.10 ***हुंडई एवरडिग्म कॉर्प का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

125. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि एवरडिग्म हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री करता है। इसने अपने घरेलू बाजार में *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, एवरडिग्म ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *निर्यात कीमत*

126. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि एवरडिग्म कोरिया गणराज्य से चीसेल का एक उत्पादक और निर्यातक है। एवरडिग्म ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर का सीधे निर्यात किया है। एवरडिग्म ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत, पैकेजिंग लागत, ब्रोकेज शुल्क, बैंक प्रभार, लोडिंग व्यय और ऋण निर्यात बीमा के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने एवरडिग्म द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और एवरडिग्म के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार एवरडिग्म के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.11 ***डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत***

- *सामान्य मूल्य*

127. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि डी एंड ए हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल का एक उत्पादक है। उसने जांच अवधि के दौरान असंबंधित उपभोक्ताओं को भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। उत्पादक घरेलू बाजार में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु की बिक्री करता है। इसने अपने घरेलू बाजार में *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर की बिक्री की है। घरेलू बिक्री भारत में निर्यातों की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभप्रद घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है, जहां संबद्ध वस्तु के लिए लाभप्रद सौदें 80 प्रतिशत से अधिक पाए गए हैं, वहां घरेलू बिक्री के सभी सौदों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है और लाभप्रद सौदों के 80 प्रतिशत से कम होने पर केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु विचार किया जा रहा है। तथापि, डी एंड ए ने व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण को पास नहीं किया है और इसलिए केवल लाभप्रद सौदों पर विचार किया गया है। उत्पादक द्वारा

दावा किए गए सभी समायोजनों को वैध पाया गया था और इसलिए अनुमति दी गई थी। निर्धारित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *निर्यात कीमत*

128. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और पूरक प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि डी एंड ए कोरिया गणराज्य से चीसेल का एक उत्पादक और निर्यातक है। डी एंड ए ने पीओआई के दौरान भारत में अपने असंबंधित उपभोक्ता को सीधे *** एमटी हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर (असेंबली और उप असेंबली सहित) का सीधे निर्यात किया है। डी एंड ए ने अपेक्षित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत की है और समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतरर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, ऋण लागत, पैकेजिंग लागत, ब्रोकेज शुल्क, बैंक प्रभार, लोडिंग व्यय और ऋण निर्यात बीमा के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने डी एंड ए द्वारा प्रस्तुत सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और डी एंड ए के दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। तदनुसार डी एंड ए के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत को आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.1.3.12 *कोरिया गणराज्य से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत*

- *सामान्य मूल्य*

129. अत: प्राधिकारी ने कोरिया गणराज्य से सभी असहयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर उसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय तथा तर्कसंगत लाभ के लिए समायोजित करने के बाद सामान्य मूल्य का परिकलन किया है। कोरिया गणराज्य से उत्पादकों / निर्यातकों के लिए इस प्रकार निर्धारित परिकलित सामाल्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

- *निर्यात कीमत*

130. प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार पीओआई के लिए आयातों की मात्रा और मूल्य पर विचार करने के बाद कोरिया गणराज्य से असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत निर्धारित की है। समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा,

संभलाई प्रभार, कमीशन और बैंक प्रभारों के लिए समायोजन किए गए हैं। इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत नीचे उल्लिखित पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

ज <u>पाटन और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

131. संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए पाटन मार्जिन निम्नानुसार है:

पाटन मार्जिन तालिका– हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर						
क्र. सं.	उत्पादक	सामान्य मूल्य (यूएसडी/एमटी)	निवल निर्यात कीमत (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन रेंज
कोरिया गणराज्य						
1.	डेमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	10-20
2.	सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	न्यूनतम
3.	फील इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	0-10
4.	हुंडई एवरडिग्म कॉर्पोरेशन	***	***	***	***	10-20
5.	डी एंड ए हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	न्यूनतम
6.	कोई उत्पादक	***	***	***	***	50-60
चीन जन. गण.						
1.	निंगबो यिनझोउ गेट मशीनरी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
2.	यंताई एडी प्रिसिजन मशीनरी कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	130-140
3.	कोई उत्पादक	***	***	***	***	170-180

पाटन मार्जिन तालिका–**चीसेल**						
क्र. सं.	उत्पादक	सामान्य मूल्य (यूएसडी/एमटी)	निवल निर्यात कीमत (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन रेंज
कोरिया गणराज्य						
1.	सुसान हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	न्यूनतम
2.	हेनसंग स्पेशल मशीनरी कं. लि.	***	***	***	***	10-20
3.	अन्य उत्पादक	***	***	***	***	10-20
चीन जन.गण.						
1.	निंगबो यीनझोऊ गेट मशीनरी लि.	***	***	***	***	10-20
2.	अन्य उत्पादक	***	***	***	***	20-30

****

झ क्षति आकलन की पद्धति और कारणात्मक संबंध की जांच

झ.1 सामान्य विविध अनुरोध

झ.1.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

132. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. जांच शुरूआत अधिसूचना को अक्षरश: पढ़ने से यह बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि असेंबली / उप असेंबली को वर्तमान जांच के दायरे में शामिल किया गया था। अनुबंध 8 के पैरा (ii) में स्पष्ट उल्लेख है कि आयात आंकड़ों को रॉक ब्रेकर, रॉक ब्रेकर असेंबली / उप असेंबली और हिस्सों पर विचार करते हुए अलग-अलग किया गया है। इस प्रकार असेंबली और उप असेंबली को आयात

आंकड़ों और घरेलू उद्योग के मापदंडों में जांच की शुरूआत से ही शामिल किया गया है[37]।

ख. कतिपय हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी से प्रत्येक उप असेंबली और उप असेंबली के लिए अलग क्षति विश्लेषण करने का अनुरोध किया है। यह स्थिति प्राधिकारी की पूर्व प्रक्रिया[38] से समर्थित नहीं है। रॉक ब्रेकर की असेंबली / उप असेंबली अलग उत्पाद नहीं बल्कि उत्पाद का एक अलग रूप है। यह अनुरोध किया गया है कि जांच शुरूआत अधिसूचना में असेंबली / उप असेंबली को शामिल करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि निर्यातक, उत्पादक, व्यापार प्रवृत्ति में बदलाव न करें और शुल्क लगने पर उनसे न बचे। अत: उप असेंबली और असेंबली के लिए अलग क्षति विश्लेषण आवश्यक नहीं है[39]।

ग. इसके अलावा, रॉक ब्रेकर और चीसेल के लिए क्षति का विश्लेषण पहले ही अलग से किया गया है[40]।

घ. आवेदक ने पाटन, क्षति और पाटित आयातों तथा आवेदक को क्षति के बीच कारणात्मक संबंध सिद्ध करने के लिए रिकार्ड में पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। आवेदक प्राधिकारी से रिकार्ड के तथ्यों और साक्ष्यों की वस्तुनिष्ठ जांच करने और शुल्क लागू करने की सिफारिश करने का अनुरोध करता है[41]।

ड. यदि कतिपय मापदंडों में गिरावट नहीं प्रदर्शित होती है तब भी वह इस निष्कर्ष का एक मात्र आधार नहीं हो सकता है कि घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है[42]। इस बात को रिलायंस इंडस्ट्रीज बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में माननीय सेस्टेट ने भी माना है। क्षति का आकलन करते समय प्राधिकारी के

---

[37] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 54

[38] चीन जन. गण. और इजराइल के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सिंक्रोनस डिजिटल हायरारकी ट्रांसेमिशन उपकरण के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा; चीन जन. गण., श्रीलंका और वियतनाम के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कंपैक्ट फ्लोरेसेंट लैंपों के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच; चीन जन. गण., चीनी ताइपे और यूएसए से पवन चालित विद्युत जनरेटर के लिए कास्टिंग, चाहें मशीन वाली हो या नहीं, अपरिष्कृत, तैयार या उप असेंबल्ड रूप में या एक उप असेंबली के भाग के रूप में या पवन चालित विद्युत जनरेटर के लिए किसी उपकरण / घटक के भाग के रूप में; सौर सेल चाहें मॉड्यूल में आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से असेंबल हों अथवा नहीं, के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच (जैसा डोजको द्वारा उसके लिखित अनुरोध में बताया गया)।

[39] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 58

[40] डोजको के खंडन अनुरोधों का पैरा 47

[41] डोजको के खंडन अनुरोधों का पैरा 46

[42] डोजको के खंडन अनुरोधों का पैरा 57

लिए घरेलू उद्योग के सभी मापदंडों का विश्लेषण और आकलन करना अपेक्षित है और केवल एक मापदंड को अलग नहीं करना चाहिए[43]।

झ.1.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

133. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक की आयात आंकड़ा पृथक्करण पद्धति[44] के अनुसार रॉक ब्रेकर हिस्सों को उत्पाद दायरे में शामिल नहीं किया गया था। अत: आवेदक का यह दावा असेंबली / उप असेंबली को उत्पाद दायरे में शामिल किया गया है, निराधार है[45]।

ख. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त आयात आंकड़े विश्वसनीय नहीं हैं[46]। संबद्ध वस्तु का नग / संख्या में आयात किया जाता है। तथापि, घरेलू उद्योग ने आंकड़े एमटी में बताए हैं। घरेलू उद्योग ने यह भी नहीं बताया है कि आयात सौदों का कम से कम 50 प्रशित भारत में है जैसा आंकड़ों के परिकलन की माप की इकाई में परिभाषित है[47]।

ग. घरेलू उद्योग ने नग / संख्या को एमटी में बदलने के लिए प्रयुक्त पद्धति को परिभाषित नहीं किया है। गैर परिभाषित परिवर्तन पद्धति के प्रयोग से आयात आंकड़े बढ़ सकते हैं और आयात कीमत में खराबी हो सकती है।

---

[43] डोजको के खंडन अनुरोधों का पैरा 58

[44] डोजको के आवेदन का अनुबंध 8: "पद्धति नीचे उद्धरित है:
आयात आंकड़ों को अलग करने के लिए निम्नलिखित पद्धति प्रयोग होती है:

i. याचि□कर्ता ने उपशीर्ष 843 14930 और 84314990 के लिए एचएस कोड वर्गीकरण में की गई प्रत्येक लाइन मद के विवरण की जांच द्वारा पीयूसी के आयात आंकड़े मांगे हैं।
ii. पीयूसी को उसके नाम और उसके विवरण अर्थात रॉक ब्रेकर, रॉक ब्रेकर हिस्से और चीसेल के आधार पर अभिज्ञात किया गया है।
iii. उत्पाद विवरण जैसे हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर जेएसबी 50एस, एललस हाइड्रोलिक ब्रेकर और ब्रेकर एचएम 380 पर रॉक ब्रेकर के रूप में विचार किया गया है।
iv. उत्पाद विवरण जैसे माउंटिंग पेन, थोरो बोल्ट असेंबली, कॉलर बुश या हाइड्रोलिक ब्रेकर कलपुर्जों के रूप में परिभाषित उत्पाद पर रॉक ब्रेकर और हिस्सों (आरबी पार्ट्स) के रूप में विचार किया गया है।
v. सभी आयात सौदों कि.ग्रा., एमटी, नगों संख्याओं में हैं। सभी मदों को उपकरण के मानक भार की साझी इकाइयों जैसे क्रि.ग्रा. और एमटी के आधार पर परिवर्तित किया गया है।

[45] एडी के लिखित अनुरोध का पैरा 59

[46] डेमो के लिखित अनुरोधों का पैरा 10; निंगबों के लिखित अनुरोधों का पैरा 40

[47] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 11; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 10; निंगबों के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14

प्राधिकारी को घरेलू उद्योग द्वारा किए गए आयात आंकड़ों का प्रयोग नहीं करना चाहिए[48]।

घ. प्राधिकारी को हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर, चीसेल, असेंबली और उप असेंबली के लिए अलग-अलग क्षति विश्लेषण करना चाहिए। घरेलू उद्योग ने अंतिम उत्पाद अर्थात् हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर और चीसेल के स्तर पर के आंकड़ों को ही शेयर किया है और इसलिए उनके द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में वस्तुनिष्ठता नहीं है[49]।

ड. पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर अपनी असेंबली और उप असेंबली की तुलना अंतिम उपयोग और कीमत की दृष्टि से अलग उत्पाद है। असेंबली और उप असेंबली को अलग से विनिर्मित किया जाता है और उसके बाद हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर बनाने में प्रयोग किया जाता है और इसलिए प्राधिकारी को असेंबली और उप असेंबली के लिए पृथक पाटन और क्षति जांच करनी चाहिए50। प्राधिकारी के लिए पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 में दी गई उचित□ँ तुलना के सिद्धांत का पालन करना अपेक्षित है जो क्षति मार्जिन की गणना पर समान रूप से लागू होती है[51]।

च. असेंबली / उप असेंबली पीयूसी का हिस्सा नहीं है और इसलिए क्षति जांच अलॉय स्टील चीसेल और रॉक ब्रेकर तक सीमित रहनी चाहिए[52]।

छ. आवेदक को अपने आवेदन में असेंबली / उप असेंबली के आयातों से संबंधित जानकारी देनी चाहिए। इस प्रकार एडी इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता है कि क्या आवेदक को जांच के अंतिम स्तर पर उत्पाद दायरे में वृद्धि के कारण क्षति हो रही है[53]। डोजको ने पीयूसी के बढ़े हुए दायरे पर विचार करते हुए मौखिक सुनवाई के स्तर तक अद्यतन आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है[54]।

---

[48] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 10; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14; सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14; फील के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 9, निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14; निंगबो के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 9

[49] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 25; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 25

[50] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 2; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 24-25; एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 64-65

[51] एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 63

[52] एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 62

[53] एडी के लिखित अनुरोध के पैरा 83-83

[54] एडी के लिखित अनुरोध के पैरा 83

ज. ईसी - नार्वे[55] में पैनल ने यह देखा है कि एक पीयूसी में अनेक उत्पादों का समूह बनाने से पूरी जांच पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे आंकड़ों का संग्रहण और मूल्यांकन काफी जटिल हो जाता है। अत: प्राधिकारी से रबड़ केमिकल[56] और पेंसिलीन जी - पोटैशियम[57] में उनकी पूर्ववर्ती प्रक्रिया के पालन का और असेंबली और उप असेंबली की अलग-अलग[58] क्षति जांच करने का अनुरोध किया जाता है।

झ. आवेदक ने संबद्ध देशों से काफी मात्रा में पीयूसी (असेंबली, उप असेंबली) और रॉक ब्रेकर के अन्य हिस्सों (पीयूसी में शामिल नहीं) का आयात किया है। इस प्रकार क्षति अधिक हुई हो, स्व-कारित है[59]।

ञ. पीयूसी का कोई विकल्प नहीं है[60]।

ट. इसके अलावा, पीयूसी का प्रयोग चट्टान तोड़ने के लिए होता है और इसलिए ये मदें काफी जल्दी पुरानी होती हैं। इन मदों को लगातार बदलना पड़ता है और इसलिए लागत में किसी वृद्धि से अंतिम प्रयोक्ता बुरी तरह प्रभावित होंगे[61]।

ठ. प्रत्येक विनिर्माता विशिष्ट रूप से पीयूसी में प्रयुक्त टूल्स[62] और हिस्सों को विशिष्ट रूप से डिजाइन करता है। प्रत्येक आपूर्तिकर्ता या विनिर्माता के पास अपने डिजाइन और विनिर्देशन होते हैं, को अन्य उत्पादकों द्वारा डिजाइन किए गए रॉक ब्रेकर में फिट हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं। अन्य विनिर्माताओं द्वारा उत्पादित हिस्सों के प्रयोग के लिए विनिर्माताओं को बाध्य करने से मूल उपकरण में नुकसान हो जाएगा और ओईएम विनिर्माताओं द्वारा प्रस्तावित वारंटियां निष्प्रभावी और बेकार हो सकती हैं[63]।

---

[55] पैनल रिपोर्ट यूरोपीय समुदाय – नार्वे से फार्म साल्मन संबंधी पाटनरोधी उपाय

[56] चीन से रबड़ केमिकल अर्थात् एमबीटी, सीबीएस, टीडीक्यू, पीबीआई और टीएमटी तथा चीन और कोरिया गणराज्य से पीएक्स 13 (6पीपीडी) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

[57] चीन जन. गण. और मैक्सिको के मूल के अथवा वहां से निर्यातित पेंसलीन जी पोटैशियम और चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 6 – एपीए के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

[58] एवरडिग्म खंडन अनुरोध का पृष्ठ 25; डी एंड ए खंडन अनुरोध का पृष्ठ 25;

[59] एडी के अनुरोधों का पैरा 46-47; एडी के खंडन अनुरोध का पैरा 60-61

[60] फिन और फाइन के लिखित अनुरोध का पैरा ई.3

[61] फिन और फाइन के लिखित अनुरोध का पैरा ई.3

[62] यहां पर टूल शब्द को चीसेल के लिए बाजार शब्दावली के पर्यायवाची मानने के क्रम में नहीं पड़ना चाहिए।

[63] फिन और फाइन के लिखित अनुरोध का पैरा ई.4

ड. इसके अलावा, प्रत्येक चीसेल रॉक ब्रेकर के विनिर्देशन और डिजाइन के अनुसार बनायी जाती है और इसलिए बड़े पैमाने पर उत्पादित नहीं हो सकती है। प्रत्येक चीसेल को रॉक ब्रेकर के विनिर्देशन के अनुसार अनुकूल बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि चीसेल के साथ रॉक ब्रेकर की अनुरूपता एक प्रमुख विचार बिंदु है, जो खरीद के निर्णय को प्रभावित करता है[64]।

ढ. संबद्ध वस्तु की बिक्री के बाद प्रदत्त बिक्री पश्चात् सहायता भी एक प्रमुख कारक जो किसी अंतिम प्रयोक्ता के खरीद निर्णय को प्रभावित करता है। उत्पाद की गुणवत्ता विश्वसनीयता और विनिर्देशन अन्य महत्वपूर्ण बातें हैं जो पीयूसी की खरीद का मार्गदर्शन करती हैं[65]।

ण. मौखिक सुनवाई के दौरान डोजको ने माना था कि उसने सूची के संबंध में गलत जानकारी दी थी जिससे क्षति संबंधी टिप्पणी करने की एडी की क्षमता प्रभावित हुई थी[66]।

त. आवेदक को कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है[67]। वास्तविक क्षति का कथित दावा किसी सकारात्मक साक्ष्य पर आधारित नहीं है[68]।

थ. उत्पादक / निर्यातक उनके द्वारा बेचे गए हिस्सों और घटकों के भार के अनुसार आंकड़े नहीं रखते हैं और इसलिए माप की निर्धारित इकाई में सूचना नहीं दी जा सकती है[69]।

द. प्राधिकारी को आवेदक द्वारा प्रदर्शन - 3 के रूप में प्रस्तुत समर्थन पत्र पर विचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह व्यापार सूचना संख्या 13/2018 दिनांक 27 सितंबर, 2018 और व्यापार सूचना संख्या 14/2018 दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 के उल्लंघन में हैं जिनमें किसी समर्थक के लिए जांच पूर्व स्तर पर प्राधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में उत्तर देना अपेक्षित है[70]।

---

[64] फिन और फाइन के लिखित अनुरोध का पैरा ई.6
[65] फिन और फाइन के लिखित अनुरोध के पैरा ई.7 – ई.8
[66] एडी के लिखित अनुरोध का पैरा 84
[67] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पैरा 24
[68] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पैरा 35
[69] फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 14
[70] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 11; फील के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 11

झ.*1.3 प्राधिकारी द्वारा जांच*

134. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अपने अनुरोधों के हिस्से के रूप में निम्नलिखित मुद्दे उठाए हैं:

1. क्या असेंबली और उप असेंबली को पीयूसी के दायरे और परिणामस्वरूप आयात आंकड़ों में शामिल किया गया था ?
2. क्या इकाई के रूप में नग / संख्या में बताए गए आयात सौदे एमटी में उचित ढंग से परिवर्तित किए गए थे ?
3. क्या असेंबली और उप असेंबली के लिए क्षति संबंधी जांच अलग-अलग की गई है ?
4. क्या आवेदक को स्व-कारित क्षति हो रही है ?

झ.*1.3.1* <u>असेंबली/ उप असेंबली पीयूसी के दायरे का हिस्सा है</u>

135. एडी ने बताया है कि आवेदन में डोजको द्वारा यथा उल्लिखित आयात पद्धति में यह स्पष्ट नहीं था कि रॉक ब्रेकर हिस्सों को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है। यह नोट किया गया है कि रॉक ब्रेकर में अनेक असेंबली, उप असेंबली और अनेक छोटे जोड़ घटक शामिल होते हैं जो पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर बनाने के लिए असेंबली और उप असेंबली को साथ जोड़ते हैं। इस जांच का उद्देश्य केवल उन असेंबली और उप असेंबली को शामिल करना है जिन्हें पीयूसी का हिस्सा माना गया है। जैसा कि जांच शुरूआत अधिसूचना तथा कार्यक्षेत्र अधिसूचना के जरिए प्रदत्त मार्गदर्शन से स्पष्ट था। कार्यक्षेत्र अधिसूचना के जरिए ऐसी असेंबली / उप असेंबली के दायरे को कार्यक्षेत्र अधिसूचना में उल्लिखित 7 असेंबली तक सीमित किया गया था। आवेदक ने अपनी कार्यप्रणाली में केवल यह कहा है कि रॉक ब्रेकर भागों को पीयूसी के दायरे से बाहर रखा गया था। यह नोट किया जाता है कि इन भागों को जांच शुरूआत अधिसूचना के साथ-साथ बाद की कार्यक्षेत्र अधिसूचना के माध्यम से पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं किया गया है। इस प्रकार असेंबली और उप असेंबली को जांच के दायरे में जांच की शुरूआत से ही कार्यक्षेत्र अधिसूचना[71] में उल्लिखित सीमा तक शामिल किया गया है।

[71] अधिसूचना, विचाराधीन उत्पाद का दायरा और उत्पाद नियंत्रण संख्या, दिनांक 16 जून 2023।

झ.1.3.2 नग / संख्या में सूचित मात्राओं का एमटी में परिवर्तन पीसीएस / एनओएस

136. डेमो, फील, सूसान और निंगबो ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़ों का विरोध किया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि आवेदक को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे सौदों जिनमें पीसीएस ये नग[72], और यूएनटीएस[73], को भार के रूप में कैसे बदला गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि संबद्ध वस्तु की मात्रा और मूल्य का डीजी सिस्टम के आंकड़ों और भागीदार निर्यातकों द्वारा एमटी में प्रदत्त निर्यात आंकड़ों के आधार पर पता लगाया गया है। ऐसे सौदों के संबंध में जिनमें मात्रा एमटी में उल्लिखित नहीं थी, जांच दल ने भागीदार उत्पादकों को उनकी सूचना में किसी कमी और / या विसंगति को स्पष्ट करने या उनमें सुधार करने के लिए पूरक प्रश्नावलियां जारी की थी। पूरक प्रश्नावली के लिए पक्षकारों के उत्तरों पर संबद्ध वस्तु की अंतिम मात्रा ज्ञात करने के लिए विचार किया गया है।

झ.1.3.3 असेंबली/ उप असेंबली के लिए अलग क्षति जांच

137. एडी ने तर्क दिया है कि आवेदन में असेंबली और उप असेंबली के निर्यातों से संबंधित जानकारी नहीं दी गई थी। एडी ने आगे टिप्पणी की है कि इस सूचना के अभाव में वह यह टिप्पणी नहीं कर सका है कि क्या आवेदक को उत्पाद के दायरे को बढ़ाने की वजह से क्षति हुई है। इसके अलावा, एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि असेंबली और उप असेंबली के अलग-अलग अंतिम प्रयोग हैं और उन्हें अलग-अलग उत्पादित किया जाता है; इसलिए प्राधिकारी को असेंबली और उप असेंबली के लिए अलग- अलग जांच करनी चाहिए। एडी ने प्राधिकारी से पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर और चीसेल की क्षति जांच को सीमित करने का अनुरोध किया है। इसके विपरीत डोजको ने यह तर्क देने के लिए प्राधिकारी की पूर्व प्रक्रिया पर भरोसा किया है कि असेंबली और उप असेंबली की अलग-अलग जांच आवश्यक नहीं है। डोजको ने यह भी बताया है कि असेंबली और उप असेंबली केवल एक रूप हैं जिनमें रॉक ब्रेकर का आयात होता है।

138. जैसा ऊपर खंड ग और पूर्वोक्त पैराओं में पहले बताया गया है। आवेदन तथा जांच शुरूआत अधिसूचना में यह बिल्कुल स्पष्ट किया गया कि असेंबली / उप असेंबली

[72] नग (पीसीएस), इकाई (यूएनटीएस)
[73] तदैव

पीयूसी का हिस्सा हैं। डोजको रॉक ब्रेकर की सभी असेंबली और उप असेंबली का उत्पादन करता है। कार्यक्षेत्र अधिसूचना के जरिए भी मार्गदर्शन दिया गया था । इस प्रकार एडी का अनुरोध असाक्ष्यांकित है।

139. यह भी नोट किया गया है कि रॉक ब्रेकर असेंबली और उप असेंबली को असेंबली के लिए प्राथमिक रूप से ऐसी स्थिति में आयातित किया जाता है और पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर के रूप में बेचा जाता है। ऐसी असेंबली और उप असेंबली का कोई अन्य स्वतंत्र प्रयोग नहीं है और किसी भी भागीदार निर्यातक ने यह दावा नहीं किया है। अत: ऐसी वस्तु का अंतिम प्रयोग और न केवल देश में आने वाले ऐसे आयातों का यह रूप बाजार में महत्व रखता है।

140. इसके अलावा, रॉक ब्रेकर की असेंबली प्रक्रिया में न्यूनतम सेट-अप की जरूरत होती है। आवेदक के कारखाने के दौरे के दौरान जांच दल ने आवेदक से रॉक ब्रेकर को बनाने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शाने के लिए कहा था । कम भार के ब्रेकरों को न्यूनतम जनशक्ति से असेंबल किया जा सकता है। अधिक भार के रॉक ब्रेकर के मामले में असेंबल हिस्सों को सही स्थिति में लगाने के लिए केवल एक लिफिटिंग मशीन की आवश्यकता होती है और शेष प्रक्रिया कर्मचारियों द्वारा की जाती है।

141. यह नोट किया गया है कि डोजको प्राथमिक रूप से ऐसे प्रयोक्ताओं की मांग पूरी करता है जो पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर के लिए अनुरोध करते हैं। तथापि, यह निष्कर्ष निकालना विवेकपूर्ण नहीं होगा कि विशिष्ट अनुरोध पर डोजको अन्य उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होगा जो उप असेंबल रूप में रॉक ब्रेकर के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

142. डी एंड ए तथा एवरडिग्म ने यह दलील देने के लिए ईसी - साल्मन (नार्वे) पर भरोसा किया है कि असेंबली और उप असेंबली के संबंध में क्षति का अलग-अलग आकलन किया जाए। पैनल की संमुक्ति थी कि:

''7.58 अनिवार्यत: नार्वे का तर्क नीतिगत मुद्दे को उठाता है, जो दर्शाता है कि विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर सीमा के अभाव के कारण जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा त्रुटिपूर्ण पाटन निर्धारण हो सकते हैं। नार्वे का तर्क है कि यदि किसी एक जांच में

समान नहीं होने वाले उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद माना जाता है तो पाटन के निर्धारण से यह पता नहीं चल सकता है कि क्या कुछ या उन सभी उत्पादों का पाटन हुआ है। नार्वे जांच में आगे एक उदाहरण देता है जिसमें पार और साइकिल को एक विचाराधीन उत्पाद माना जाता है। हम नार्वे के अतिकारी उदाहरण से सहमत नहीं हैं। एक विचाराधीन उत्पाद में उत्पादों के समूहन से पूरी जांच प्रभावित हो जाएगी और जितना बड़ा यह समूह होगा उतने ही गंभीर इसके परिणाम हो सकते हैं जिससे संगत सूचना का संग्रहण और मूल्यांकन करने और एडी करार के अनुरूप निर्धारण करने का जांच प्राधिकारी का कार्य जटिल हो जाएगा। इस प्रकार हमें ऐसा लगता है कि अधिक व्यापक विचाराधीन उत्पाद के आधार पर पाटन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण की संभावना सुदूर है। यह संभावना हमें एडी करार के उन दायित्वों के पठन पर सहमत करने के लिए निश्चित रूप से पर्याप्त नहीं है जिसके लिए हमें करार के पाठ में कोई आधार नहीं मिलता है।

7.59 इसके अलावा, नार्वे की स्थिति से विचाराधीन उत्पाद को अलग करने और परिणामस्वरूप समान उत्पाद को अलग करने और अंततः घरेलू उद्योग को अलग करने की आवश्यकता की विचित्र स्थिति उत्पन्न हो जाएगी जिससे एडी करार से संगत पाटनरोधी शुल्क लागू करने की संभावना शून्य हो जाएगी। हमें अनुच्छेद 2.6 में ऐसी कोई बात नहीं दिखती है जो चर्चा के अनुसार समान उत्पाद को परिभाषित करती है, जो इस विचार का समर्थन करेगी। इस संबंध में, यह उल्लेखनीय है कि यद्यपि एडी करार घरेलू रूप से उत्पादित (या विदेशी) सामान और जांच का विषय होने वाले आयातित उत्पादों के बीच तुलना की आवश्यकता होती है। विचाराधीन उत्पाद की कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं है। हमारे विचार से केवल तथ्य कि एडी करार में समान उत्पाद की परिभाषा है, यह दर्शाता है कि सदस्य जब भी आवश्यक हो शब्दों की सावधानीपूर्वक और सटीक रूप से परिभाषा बताने में सक्षम हैं। विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा का अभाव यह दर्शाता है कि इस संबंध में कोई प्रयास नहीं किया गया था। हमारे विचार में यह विचार इस निष्कर्ष का समर्थन करता है कि अनुच्छेद 2.6 से विचाराधीन उत्पाद के अपरिभाषित रूप से समान उत्पाद की परिभाषा को लागू करना हास्यास्पद होगा। हमें दायित्वों के अनुच्छेद 2.1 और 2.6 के पाठ में ऐसा कोई आधार नहीं दिखता है जो विचाराधीन उत्पाद के संबंध में जांच प्राधिकारी पर नार्वे के संबंध में अनुरोध करता हो[74] (इस पर जोर दिया गया)"।

[74] पैरा 7.58-7.59, पैनल की रिपोर्ट, ईसी – नार्वे डब्ल्यूटी/डीएस337/आर

143. प्राधिकारी डी एंड ए द्वारा भेजी गई एक चुनिंदा व्याख्या से असहमत हैं, क्योंकि इससे विचाराधीन उत्पाद का अनावश्यक बिखराव होगा। यह नोट किया जाता है कि ईसी - साल्मन (नार्वे) मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल ऐसे बिखराव से बचना चाहता था जिसे डी एंड ए और एवरडिग्म द्वारा प्रस्तावित किया गया है। यह देखते हुए कि असेंबली / उप असेंबली को पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर बनाने के लिए आयातित किया जाता है और ये पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर के समान बाजार में प्रतिस्पर्धा करते हैं, यह नोट किया जाता है कि ऐसे बिखराव की आवश्यकता नहीं है।

झ.1.3.4 **<u>स्व-कारित क्षति</u>**

144. एडी ने दलील दी है कि आवेदक ने संबद्ध देशों से रॉक ब्रेकर और रॉक ब्रेकर के अन्य हिस्सों का भारी मात्रा में आयात किया है और इसलिए आवेदक को क्षति स्व-कारित है। एडी ने आवेदक द्वारा किए गए कथित आयातों की मात्रा और मूल्य भी दर्शाए हैं। जांच दल ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों और आवेदक के रिकार्डों के प्रयोग से इस दावे का सत्यापन किया है। यह नोट किया गया है कि आवेदक ने संबद्ध देशों से पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर का आयात नहीं किया है। तथापि, आवेदक ने रॉक ब्रेकर के अन्य हिस्सों का आयात किया है जो पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं हैं। यह मात्रा लगभग [***] एमटी है। वर्तमान जांच के दायरे में शामिल असेंबली / उप असेंबली और जिन्हें आवेदक द्वारा आयात किया गया है, [***] एमटी हैं। ये कुल मांग का लगभग एक प्रतिशत हैं। आवेदक ने स्पष्ट किया है कि लगभग [***] एमटी का आर एंड डी के लिए आयात किया गया है, शेष मात्राओं की आवश्यकता कम कीमत की सस्ती असेंबली / उप असेंबली के प्रतिस्पर्धा के कारण पड़ी जिसकी वजह से उनका आयात करना पड़ा।

145. यह नोट किया गया है कि केवल आयात का कार्य स्व-कारित क्षति नहीं माना जा सकता है जैसा कि घरेलू उद्योग की स्थिति से संबंधित खंड में पूवोक्त पैराओं में बताया गया है। ऐसे आयातों की मात्रा और मूल्य संबद्ध वस्तु की मांग तथा आवेदक की उत्पादन तथा बिक्री की तुलना में बहुत कम है। अत: प्राधिकारी यह नहीं मानने का प्रस्ताव करते हैं कि आवेदक को स्व-कारित क्षति हो रही है।

झ.1.3.5 **<u>अन्य मुद्दे</u>**

146. डोजको ने माना है कि आवेदन के अगोपनीय अंश में सूचीकरण गलत ढंग से किया गया था। डोजको ने जिसके बाद खंडन अनुरोध से पहले आवेदन को संशोधित किया और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसके लिखित अनुरोध के साथ परिचालित किया जिसके मद्देनजर प्राधिकारी क्षति संबंधी टिप्पणी में असमर्थता संबंधी एडी की चिंताओं से असहमत हैं।

147. डेमो और फील ने प्राधिकारी से आवेदक द्वारा प्रस्तुत समर्थन पत्रों पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार संबद्ध वस्तु का एम मात्र घरेलू उत्पादक है और इसलिए उसका कुल पात्र घरेलू उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा बनता है। प्राधिकारी ने आवेदक की स्थिति सिद्ध करने या क्षति की जांच के लिए समर्थन पत्रों पर विचार नहीं किया है।

झ.*2* <u>संचयी विश्लेषण</u>

झ.*2.1* *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

148. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. प्राधिकारी को क्षति का संचयी आकलन करना चाहिए, क्योंकि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.3 की सभी अपेक्षाएं पूरी हो गई हैं[75]। प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा तथा पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तर से अधिक है। प्रतिस्पर्धा की स्थिति की मौजूदगी के संबंध में डोजको चीन - स्टेनलेस स्टील पर एडी (जापान)[76] में डब्ल्यूटीओ पैनल की रिपोर्ट पर भरोसा किया है जिसमें पैनल ने किसी विशिष्ट देश से वस्तु की मात्रा में वृद्धि पर घरेलू उद्योग के साथ ऐसी वस्तु की प्रतिस्पर्धी होने के साक्ष्य के रूप में विचार किया था[77]।

ख. पाटनरोधी करार में ऐसा कुछ नहीं है जो संचयन की शर्तों के पूरा होने पर गैर संचयन का संकेत करता हो[78]। कतिपय हितबद्ध पक्षकारों ने आयातों के क्षतिकारी प्रभाव के निर्धारण के लिए केवल कोरिया से आयातों पर ध्यान

---

[75] डोजको के लिखित अनुरोध के पैरा 42,44; डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 49-50, 62

[76] पैनल की रिपोर्ट, चीन – जापान से स्टेनलेस स्टील उत्पादों पर पाटनरोधी उपाय, डब्ल्यूटी/डीएस601/आर

[77] तदेव पैरा 7.91 पर

[78] डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 48; डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 54

केंद्रित किया है। कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु के प्रभाव को ऐसे अलग करना प्राधिकारी को गुमराह करने का प्रयास है[79]। ईसी - कॉस्ट आयरन ट्ययूब[80] में जैसा डब्ल्यूटीओ पैनल ने बताया कि देश विशिष्ट विश्लेषण संचयी आकलन की पूर्वापेक्षा नहीं है[81]। इस बात को एकलिक फाइबर विनिर्माता बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में माननीय सेस्टेट ने माना है।

ग. वर्तमान जांच में चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातों की मात्रा में अचानक वृद्धि हुई है। इस प्रकार पाटित संबद्ध वस्तु और घरेलू रूप से उत्पादित वस्तु एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती हैं[82]।

झ.2.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

149. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु (रॉक ब्रेकर और चीसेल) की कीमतें अलग-अलग हैं। चीन जन. गण. तथा कोरिया गणराज्य के आयातों के पहुंच मूल्य में अंतर काफी अधिक है। यद्यपि चीन जन. गण. से आयातों

---

[79] डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 51

[80] पैनल की रिपोर्ट, यूरोपीय समुदाय – ब्राजील से मैलेबल कॉस्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क, डब्ल्यूटी/डीएस219/आर

[81] पैनल ने निम्नानुसार संमुक्ति की:

"7.233 अनुच्छेद 3.3 में विभिन्न स्रोतों से किसी उत्पाद के पाटित आयातों के प्रभाव के संचयी आकलन का प्रावधान है और ऐसा करने के लिए पूरा किए जाने वाले मापदंडों की स्पष्ट रूप से पहचान की गई है। इस प्रावधान के अंतर्गत जांचकर्ता प्राधिकारी संचयी आकलन की कार्रवाई तभी कर सकते हैं यदि: (1) प्रत्येक देश से पाटन मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक हो; (2) प्रत्येक देश से आयातों की मात्रा नगण्य नहीं हो और (3) आयातित उत्पादों और आयातित उत्पादों तथा समान घरेलू उत्पाद के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति के आलोक में आयातों का संचयी मूल्यांकन करना उचित हो।

7.234.....हम असहमत हैं। अनुच्छेद 3.3 में वास्तव में आयातों की मात्रा की ओर ध्यान देने की स्थिति दी गई है। प्रत्येक देश से आयातों की मात्रा के संबंध में अनुच्छेद 3.3 में दी गई अनिवार्य स्थिति यह है कि ऐसे आयातों की मात्रा नगण्य नहीं होनी चाहिए। इस प्रकार जांचकर्ता प्राधिकारी ऐसे आयातों को एकत्रित नहीं करेंगे जिन्हें अलग-अलग नगण्य मात्रा के रूप में पाया जाता है (और वास्तव में जांच समापन से संबंधित अनुच्छेद 5.8 के प्रावधान पहले लागू होंगे)। यह बात अनुच्छेद 3.3 के पाठ में मात्रा का एक मात्र स्पष्ट उल्लेख है। हमें अनुच्छेद 3.3 में मात्रा से संबंधित कोई अन्य स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता है और हम संधि के पाठ के प्रावधानों को नहीं पढ़ते हैं, क्योंकि वे मौजूद नहीं हैं। विशेष रूप से इस प्रावधान के पाठ में ऐसी कोई अतिरिक्त अपेक्षा नहीं है कि प्राधिकारी इस बात पर भी विचार करेंगे कि क्या संचयी आकलन की ओर बढ़ने से पहले देश वार आयात में भारी वृद्धि हुई है। वास्तव में ऐसी किसी अपेक्षा से संचयी विश्लेषण की मूल अवधारणा का महत्व कम हो जाएगा। अत: हम मानते हैं कि अनुच्छेद 3.3 में प्रावधान के पाठ से निकलने वाली आयात मात्रा के आकलन से संबंधित कोई अन्य अतिरिक्त अनिवार्य दायित्व नहीं हैं।

7.235.....हम अपने विचार के लिए संदर्भी समर्थन पाते हैं कि ब्राजील के तर्क के विपरीत अलग-अलग देशों की मात्रा और कीमत का अनुच्छेद 3.2 का विश्लेषण अनुच्छेद 3 के अन्य प्रावधानों में संचयन के लिए पूर्व शर्त के रूप में आवश्यक नहीं है और यह कि संचयन के बाद जिन प्रभावों को संचयी माना गया था उनमें अनुच्छेद 3.2 में दी गई मात्रा और कीमत प्रभाव शामिल हैं।

[82] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 42

की मात्रा में वृद्धि हुई है और पहुंच मूल्य में गिरावट आई है। तथापि, कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा में गिरावट आई है और पहूंच मूल्य चीन जन. गण. से लगभग तीन गुना है[83]। इस प्रकार प्रतिस्पर्धा अनिवार्य रूप से चीन जन. गण. के आयातों और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु के बीच मौजूद है[84] और इसलिए क्षति के लिए कोरिया गणराज्य के आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है[85]।

झ.2.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

150. पाटनरोधी नियमावली 1995 के अनुबंध- II के पैरा (iii) में यह उपबंध है कि यदि एक से अधिक देश से किसी उत्पाद के हुए आयात के साथ-साथ पाटनरोधी जांच की जा रही है तो प्राधिकारी उस स्थिति में ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करेंगे जब वह यह निर्धारित करें कि:- क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में पुष्टिकृत पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से हुए आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात की मात्रा की 3 प्रतिशत (या अधिक) है या जहां अलग-अलग देशों से आयात 3 प्रतिशत से कम हैं वहां समग्र रूप से आयात समान वस्तु के आयात के 7 प्रतिशत से अधिक है, और ख) आयातित वस्तु एवं समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के मद्देनजर आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना उचित है।

151. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध के रूप में निम्नलिखित मुद्दे उठाए गए हैं।

झ.2.3.1 <u>क्या कोरिया गणराज्य और चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के पहुंच मूल्य में अंतर के मद्देनजर संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति मौजूद है ?</u>

152. डी एंड ए तथा एवरडिग्म ने तर्क दिया है कि कोरिया गणराज्य व चीन जन. गण. से आयातित संबद्ध वस्तु के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। डी एंड ए तथा एवरडिग्म ने तर्क दिया है कि दोनों संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु के बीच कीमत में भारी अंतर है। उन्होंने यह भी बताया है कि यद्यपि चीन जन. गण. से संबद्ध आयातों की

---

[83] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 44; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20
[84] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20
[85] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 23

मात्रा में वृद्धि हुई है। तथापि कोरिया गणराज्य से मात्रा में गिरावट आई है। इसी प्रकार उन्होंने तर्क दिया है कि चीन जन. गण. से पहुंच मूल्य में गिरावट आई है जबकि कोरिया गणराज्य के लिए इसमें वृद्धि हुई है। डोजको ने बताया है कि संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों की मात्रा न्यूनतम स्तर से अधिक है और दोनों संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह भी बताया गया है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की मात्रा में वृद्धि हुई है और इसलिए पाटित वस्तुएं और घरेलू रूप से उत्पादित वस्तुएं एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती हैं। डोजको ने ईसी - आयरन कॉस्ट ट्यूब[86] पर यह तर्क देने के लिए भरोसा किया है कि संचयी विश्लेषण के लिए देश विशिष्ट विश्लेषण करना एक पूर्वापेक्षा नहीं है।

153. यह नोट किया गया है कि डी एंड ए और एवरडिग्म ने यह दावा नहीं किया है कि कोरिया गणराज्य से आयातित संबद्ध वस्तु घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु से प्रतिस्पर्धा नहीं करती है।

154. यह नोट किया गया है कि चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातित संबद्ध वस्तु घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु के समान वस्तु है उनके समान अंतिम प्रयोग हैं और समान कच्ची सामग्री के प्रयोग से समान उत्पादन प्रक्रिया द्वारा उनका उत्पादन होता है और उन्हें समान उपभोक्ता समूहों द्वारा खरीदा गया है। डी एंड ए और एवरडिग्म ने प्राथमिक रूप से यह तर्क देने के लिए दोनों देशों से संबद्ध वस्तु की मात्रा और कीमत में परिवर्तन की दलील दी है कि दोनों संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं करती है। यदि डी एंड ए और एवरडिग्म के तर्क को आयातों की वास्तविक मात्रा पर विचार किए बिना सीधे-सीध यह माने लिया जाए तो यह नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु की मात्रा और कीमत में वृद्धि और गिरावट यह सिद्ध करती है कि दोंनों देशों से संबद्ध वस्तु बाजार में प्रतिस्पर्धा करती हैं। यदि कोरिया गणराज्य और चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती तो कोरिया गणराज्य के आयात अपने स्तरों को बनाए रखने में और खपत में वृद्धि में अपने हिस्से में वृद्धि करने में सक्षम होते और चीन जन. गण. से आयातों में वृद्धि से प्रभावित नहीं होते।

---

[86] पैनल की रिपोर्ट, यूरोपीय समुदाय – ब्राजील से मैलेबल कॉस्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क, डब्ल्यूटी/डीएस219/आर

155. इसके अलावा, ईसी - कॉस्ट आयरन ट्यूब में डब्ल्यूटीओ पैनल ने संमुक्ति की है:

> 7.234 विशेष रूप से इस प्रावधान के पाठ में ऐसी कोई अतिरिक्त अपेक्षा नहीं है कि प्राधिकारी इस बात पर भी विचार करेंगे कि क्या संचयी आकलन की ओर बढ़ने से पहले देश वार आयात में भारी वृद्धि हुई है। वास्तव में ऐसी किसी अपेक्षा से संचयी विश्लेषण की मूल अवधारणा का महत्व कम हो जाएगा। अत: हम मानते हैं कि अनुच्छेद 3.3 में प्रावधान के पाठ से निकलने वाली आयात मात्रा के आकलन से संबंधित कोई अन्य अतिरिक्त अनिवार्य दायित्व नहीं हैं।
>
> 7.235.....हम अपने विचार के लिए संदर्भी समर्थन पाते हैं कि ब्राजील के तर्क के विपरीत अलग-अलग देशों की मात्रा और कीमत का अनुच्छेद 3.2 का विश्लेषण अनुच्छेद 3 के अन्य प्रावधानों में संचयन के लिए पूर्व शर्त के रूप में आवश्यक नहीं है और यह कि संचयन के बाद जिन प्रभावों को संचयी माना गया था उनमें अनुच्छेद 3.2 में दी गई मात्रा और कीमत प्रभाव शामिल हैं[87]। जोर दिया गया है।

156. उक्त के मद्देनजर प्राधिकारी डी एंड ए और एवरडिग्म के तर्कों से असहमत हैं। तदनुसार, प्राधिकारी चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातों के संचयी आकलन का प्रस्ताव करते हैं।

ञ खंड : रॉक ब्रेकर

ञ.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

ञ.1.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

157. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. संबद्ध देशों से रॉक ब्रेकर के आयातों में समग्र रूप से भारी वृद्धि हुई है। यद्यपि चीन से आयात में आधार वर्ष की तुलना में 802 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तथापि कोरिया से आयात पर्याप्त स्तर पर बने रहे हैं[88]।

ख. अन्य देशों का हिस्सा काफी कम रहा है[89]।

ञ.1.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

---

[87] पैरा 7.234-235 पैनल की रिपोर्ट, यूरोपीय समुदाय – ब्राजील से मैलेबल कॉस्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क, डब्ल्यूटी/डीएस219/आर

[88] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 45

[89] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 44

158. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पाटित आयातों में सापेक्ष और समग्र वृद्धि संबंधी जांच तब नहीं की जा सकती यदि आयातों के लिए अपनाई गई माप की इकाई एमटी में है[90]।

ख. आयातों में वृद्धि के लिए आवेदक भी जिम्मेदार है जिसने पीयूसी का भारी मात्रा में आयात किया है[91]।

ग. आवेदक ने आरोप लगाया है कि उसके निष्पादन में संबद्ध आयातों (रॉक ब्रेकर) की बढ़ी हुई मात्रा के साथ गिरावट आई है। तथापि आवेदन में प्रदत्त सूचना के अनुसार कोरिया गणराज्य से संबद्ध आयातों की मात्रा में 15 प्रतिशत की कमी आयी है। कोरिया गणराज्य से आयातों की मात्रा में समग्र और सापेक्ष रूप से काफी गिरावट आई है[92]। इस प्रकार कोरिया गणराज्य से आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है[93]।

घ. कोरिया से आयातों के हिस्से में पीयूसी के कुल भारतीय उत्पादन, कुल भारतीय मांग तथा कुल आयातों की दृष्टि से गिरावट आई है[94]। कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु की आयात मात्राओं के हिस्से में आधार वर्ष के तुलना में पीयूसी के कुल आयातों के 65 प्रतिशत तक गिरावट आई है[95]।

ड. चीन जन. गण. से आयातों की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है[96] जो आधार वर्ष तुलना में लगभग 9 गुना है और इसलिए घरेलू उद्योग को क्षति चीन जन. गण. से आयातों के परिणामस्वरूप हो सकती है[97]।

च. आवेदक के लिखित अनुरोध के पैरा 47 में आवेदक ने अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्रियां प्रस्तुत की हैं। यह पूरी जांच में आवेदक द्वारा प्रस्तुत तर्कों के विपरीत है जिसमें उसने बताया है कि कोई अन्य भारतीय उत्पादक नहीं है

---

[90] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 10; फील के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 10; निंगबों के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 10
[91] एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 48
[92] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 25; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 25
[93] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15
[94] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 27; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 27
[95] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 29; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20
[96] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 25; एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20
[97] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15

और इस तथ्य का अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विरोध किया है। अत: आवेदन को अस्वीकृत करना चाहिए और जांच को समाप्त करना चाहिए[98]। क्योंकि आवेदक ने इस तथ्य को छिपाया और प्राधिकारी को गुमराह किया है[99]।

ञ.1.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

159. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों की मात्रा में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है जैसा ऊपर उल्लिखित है। जांच दल ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों और भागीदार उत्पादकों द्वारा प्रदत्त निर्यात सूचना के आधार पर अंतिम मात्राओं को ज्ञात किया है।

160. मांग में पीयूसी की आपूर्ति के विभिन्न स्रोतों का वितरण निम्नानुसार है:

तालिका 1: मात्रात्मक मापदंड(पूर्णत: असेंबल्ड)							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	घरेलू बिक्रियां - आवेदक	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	172	115	
2	घरेलू बिक्रियां – अन्य उत्पादक	एमटी	-	-	-	-	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	-	-	
3	संबद्ध देश –आयात	एमटी	2,279	5,124	3,181	5,862	***[100]
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	225	140	257	
4	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	एमटी	निर्धारित नही				***[101]
5	अन्य देश – आयात	एमटी	43	27	105	95	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	62	243	220	
6	कुल आयात	एमटी	2,322	5,150	3,286	5,957	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	222	142	257	
7	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	197	147	231	
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात							
8	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***	***[102]
	रैंज	%	350-400	1050-1100	350-400	850-900	600-700

[98] एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 51
[99] एडी के खंडन अनुरोधों का पैरा 51
[100] गोपनीय क्योंकि न्यनतम मार्जिन की सीमा वाला केवल एक उत्पादक है। इस आंकड़े का खुलासा करने से निर्यातक की निर्यात मात्रा का प्रकटन हो जाएगा।
[101] तदेव
[102] तदेव

9	कुल मांग	%	***	***	***	***	***[103]
	रेंज	%	80-90	90-100	70-80	90-100	60-70
10	कुल आयात	%	98%	99%	97%	98%	***[104]

161. उक्त से यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से आयातों (पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर) में आधार वर्ष में 2,279 एमटी से पीओआई में 5,862 एमटी की वृद्धि हुई है। अर्थात 3,583 एमटी की वृद्धि हुई है। संबद्ध वस्तु की मांग में भी 2020-21 को छोड़कर, जब मांग 2019-20 के स्तरों की तुलना में घट गई थी, पीओआई समेत संपूर्ण मांग में वृद्धि हुई है। तथापि वह आधार वर्ष के स्तर से अधिक रही है। इस अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात में लगभग 1,943 एमटी की भारी गिरावट आई है जबकि घरेलू उद्योग की बिक्रिया दोगुनी हो गई है। इस प्रकार आवेदक की बिक्री में वृद्धि हुई है जबकि संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में गिरावट आई है। तथापि पाटित आयातों की मात्रा में पीओआई के दौरान भारी वृद्धि हुई है। 5,862 एमटी से ***[105] एमटी को पाटित पाया गया है। इस अवधि दौरान घरेलू उद्योग की बिक्रियों में मांग में *** प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद *** प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा, पाटित आयातों की मात्रा में *** प्रतिशत की वृद्धि हुई है (मांग में वृद्धि)। इस प्रकार संबद्ध देशों से पाटित आयातों ने न केवल मांग में संपूर्ण वृद्धि पर कब्जा कर लिया है, बल्कि घरेलू उद्योग की बिक्रियों को भी प्रतिकूलत: प्रभावित किया है।



162. संबद्ध देशों से पाटित आयातों में सापेक्ष वृद्धि के संबंध में यह नोट किया गया है कि आधार वर्ष की तुलना में भारतीय उत्पादन की दृष्टि से संबंध देश से पाटित

[103] तदेव
[104] तदेव
[105] अंतर-पार्टी गोपनीयता बनाए रखने के लिए आंकड़े को गोपनीय रखा गया।

आयातों में लगभग *** प्रतिशत की वृद्धि हुई है। संबंध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात पीओआई में भारतीय उत्पादन की दृष्टि से *** प्रतिशत रहे हैं और भारत में कुल आयातों का *** प्रतिशत बनते हैं। भारतीय मांग के संबंध में संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में वृद्धि के संबंध में संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों के हिस्से में आधार वर्ष में 80 प्रतिशत से पीओआई में 98 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल मांग में ऐसे आयातों के हिस्से में 2020-21 में गिरावट आई थी। पीओआई ने संबद्ध देशों से 98 प्रतिशत आयातों में से लगभग *** प्रतिशत मात्रा पाटित आयातों की है। इस प्रकार आयातों में समग्र और सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

163. निम्नांकित तालिका असेंबली और उप असेंबली के साथ पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर की मात्रा को दर्शाती है।

तालिका 2 : मात्रात्मक मापदंड - पूर्णत: असेंबल्ड और असेंबली / उप असेंबली							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-20**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	घरेलू बिक्रियां - आवेदक	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	172	115	
2	घरेलू बिक्रियां – अन्य उत्पादक	एमटी	–	–	–	–	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	-	-	
3	संबद्ध देश –आयात	एमटी	2617	5968	4048	9670	***[106]
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	222	141	259	
4	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	एमटी	निर्धारित नही				***[107]
5	अन्य देश – आयात	एमटी	61	177	190	191	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	289	311	312	
6	कुल आयात	एमटी	2,679	6,144	4,238	9,861	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	219	143	258	
7	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***	

[106] गोपनीय क्योंकि न्यनतम मार्जिन की सीमा वाला केवल एक उत्पादक है। इस आंकड़े का खुलासा करने से निर्यातक की निर्यात मात्रा का प्रकटन हो जाएगा।

[107] तदेव

तालिका 2 : मात्रात्मक मापदंड - पूर्णत: असेंबल्ड और असेंबली / उप असेंबली							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-20**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	195	148	232	
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात							
8	भारतीय उत्पादन	%	438	1267	457	1419	***[108]
	रेंज	%	350-400	1050-1100	350-400	1250-1300	1200-1250
9	कुल मांग	%	82	91	79	92	***[109]
	रेंज	%	80-90	90-100	70-80	90-100	70-80
10	कुल आयात	%	98	97	96	98	***[110]

164. जैसा ऊपर उल्लिखित है मात्रा और कीमत प्रभाव को रॉक ब्रेकर के लिए दो स्तरों पर लिया गया है - पहले पूर्णत: असेंबल स्तर पर और दूसरा पूर्णत: असेंबल तथा असेंबली और उप असेंबली स्तर पर हैं। इस तथ्य को देखते हुए कि असेंबली और उप असेंबली एक ही बाजार में पूर्णत: असेंबल ब्रेकर के साथ प्रतिस्पर्धा करती हैं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति का पता लगाने के लिए दोनों स्तरों पर विश्लेषण किया है।

165. यह नोट किया गया है कि संबद्ध देशों से आयातों में आधार वर्ष में 2617 एमटी में पीओआई में 9270 एमटी की वृद्धि हुई है। जबकि आवेदक की बिक्रियों में केवल *** एमटी की वृद्धि हुई है। 9670 एमटी में से *** पाटित है। इस अवधि के दौरान मांग में *** एमटी की वृद्धि हुई है। मांग में पूर्णत: असेंबल ब्रेकर के मामले में भी यही प्रकृति रही है। 2019-20 में शुरूआत में वृद्धि के बाद 2020-21 में इसमें गिरावट आई और उसके बाद पीओआई में आगे और वृद्धि हुई । 2019-20 में मांग में भारी वृद्धि के बावजूद आवेदक की बिक्रियों में गिरावट आई थी जबकि संबद्ध देशों से कम कीमत की आयातों की मात्रा में भारी वृद्धि हुई थी। तथापि, आगामी वर्ष में संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में गिरावट के साथ आवेदक अपनी बिक्रियों में भारी वृद्धि कर पाया है। फिर भी पीओआई में कम कीमत से आयातों के आने के कारण आवेदक की बिक्रियों में पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में भारी गिरावट आई है।

[108] तदेव
[109] तदेव
[110] तदेव



166. जहां तक संबंधित आयातों में सापेक्ष वृद्धि का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि आधार वर्ष की तुलना में भारतीय उत्पादन के संबंध में संबंधित देशों से आयात में लगभग 981% की वृद्धि हुई है। इस तरह के आयात में 2019-20 की तुलना में भारतीय उत्पादन के संबंध में लगभग 152% और 2020-21 की तुलना में लगभग 962% की वृद्धि हुई है। पीओआई में कुल भारतीय मांग का *** विषय देशों से आयात किया जाता है। विषय देशों से आयात भी 2020-21 और 2019-20 की तुलना में बढ़ा है। इस प्रकार, आयात में निरपेक्ष और सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है। इसके अलावा, 98% ाधीन आयातों में से *** पाटित मूल्यों पर प्रविष्ट पाए गए हैं।

167. एवरडिग्म, सूसन, डेमो और फील ने तर्क दिया है कि कोरिया आरपी से आयात की पूर्ण मात्रा में निरपेक्ष और सापेक्ष रूप से गिरावट आई है। एवरडिग्म ने यह भी तर्क दिया है कि चीन पीआर से आयात की मात्रा आधार वर्ष की तुलना में 9 गुना बढ़ गई है, और इसलिए, क्षति चीन पीआर के कारण है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, पीओआई में कोरिया आरपी और चीन पीआर से पूरी तरह से इकट्ठे रॉक ब्रेकरों के आयात में आधार वर्ष की तुलना में क्रमशः 196% और 126% की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, 2020-21 की तुलना में, पीओआई में चीन पीआर और कोरिया आरपी से आयात पीओआई में क्रमशः 193% और 25% बढ़ गया है।

168. इसी प्रकार यदि असेंबली और उप असेंबली की मात्रा को शामिल किया जाए तो नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से आयातों में आधार वर्ष की तुलना में चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से 432 प्रतिशत और 56 प्रतिशत तथा 2019-20 की तुलना में 117 प्रतिशत और 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस प्रकार चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से पाटित आयातों की मात्रा में क्षति अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है। हालांकि इसका अनुपात अलग है। इस प्रकार संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में समग्र और सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है। इस कारण से प्राधिकारी इस तर्क से असहमत हैं कि क्षति केवल चीन जन. गण. के कारण हुई है।

169. उक्त के होते हुए भी यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि संचयन की शर्त पूरी हुई है तो यह नोट किया गया है कि अलग-अलग संबद्ध देशों की आयातों की मात्रा में वृद्धि और गिरावट से क्षति विश्लेषण प्रभावित नहीं होता है, क्योंकि पाटित आयातों के प्रभाव की जांच का दायित्व संबद्ध देशों के स्तर पर है और अलग-अलग संबद्ध देशों का नहीं है।

170. एडी ने टिप्पणी की है कि आवेदक ने लिखित अनुरोध में पीयूसी के अन्य घरेलू उत्पादक की मौजूदगी को माना है। प्राधिकारी ने आवेदक के लिखित अनुरोध को पढ़ा है और यह नोट किया जाता है कि अनुरोध के गोपनीय अंश में अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्रियां शून्य बतायी गई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डोजको ने अपने संशोधित आवेदन में गलती की है। इसके मद्देनजर एडी की चिंताओं का निवारण होता है।

ञ.2 <u>घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

ञ.2.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

171. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. रॉक ब्रेकर के आयात कुल भारतीय उत्पादन का 3 गुना है। रॉक ब्रेकर की मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। तथापि, घरेलू बाजार पर पूरी तरह से कम कीमत के आयातों का कब्जा है[111]।

ख. आवेदक के बाजार हिस्से में आधार वर्ष से रॉक ब्रेकर की मांग में 31 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद पीओआई के दौरान गिरावट आई है। बाजार हिस्से में गिरावट कम कीमत के आयातों की मात्रा में वृद्धि के कारण हुई है[112]।

ञ.2.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

172. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

[111] डोजको के लिखित अनुरोधों का पैरा 47
[112] डोजको के लिखित अनुरोधों का पैरा 48

क. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आधार वर्ष की तुलना में मांग में 31 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद उसके बाजार हिस्से में गिरावट आई है। कोरिया से आयातों की मात्रा में भी आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में गिरावट आई है। जबकि चीन से आयातों में 9 गुना वृद्धि हुई है[113]। इस प्रकार बाजार हिस्से का नुकसान कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण नहीं हो सकता है[114]।

ञ.2.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

173. निम्नलिखित तालिका में कुल भारतीय मांग में पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर के लिए घरेलू उद्योग और संबद्ध देशों का बाजार हिस्सा दर्शाती है।

तालिका 3 : बाजार हिस्सा - पूर्णत: असेंबल्ड							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां -	%	***	***	***	***	
	रैंज		10-20	0-10	20-30	0-10	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	80	92	76	89	***[115]
3	संबद्ध देश–गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नहीं				***[116]
4	अन्य देश		2	0	3	1	
5	कुल मांग	%	100	100	100	100	

174. यह ध्यान दिया जाता है कि 2020-21 को छोड़कर, पीओआई सहित क्षति की अवधि में मांग में आवेदक की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है, जिसमें विषय देशों से विषय वस्तुओं के आयात में गिरावट आई थी। अन्य देशों से विषय वस्तुओं की बाजार हिस्सेदारी 0-3% की सीमा में रही है। घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी आधार वर्ष में ***% से घटकर पीओआई में ***% हो गई है। 2019-20 और 2020-21 की तुलना में, पीओआई में आवेदक की हिस्सेदारी में क्रमशः ***% की वृद्धि और ***% की गिरावट आई है। 2020-21 के

[113] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 21
[114] तदेव
[115]गोपनीय क्योंकि न्यनतम मार्जिन की सीमा वाला केवल एक उत्पादक है। इस आंकड़े का खुलासा करने से निर्यातक की निर्यात मात्रा का प्रकटन हो जाएगा।.
[116] तदेव

दौरान आवेदक की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई जब संबंधित देशों से आयात 2019-20 की तुलना में ***% गिर गया। यह भी नोट किया गया है कि अन्य देशों से आयात के हिस्से ने भी इसी तरह की प्रवृत्ति का पालन किया है।

175. 2019-20 की तुलना में, पीओआई में मांग में 17% की वृद्धि हुई। हालांकि, विषय आयात की मात्रा में 14% की वृद्धि हुई है, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री में 36% की वृद्धि हुई है। फिर भी, जबकि 2020-21 की तुलना में पीओआई में मांग में ***% की वृद्धि हुई थी, आयात में 84% की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में पीओआई में घरेलू बिक्री में गिरावट आई है। पीओआई में डंप किए गए आयात मांग में वृद्धि के *** गुना से थोड़ा अधिक हैं। इस प्रकार, संबंधित देशों से पाटित आयातों के कारण पीओआई में आवेदक की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

तालिका 4: बाजार हिस्सा - पूर्णत: असेंबल्ड और असेंबली / उप असेंबली							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात**
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां -	%	***	***	***	***	
	रेंज		10-20	0-10	20-30	0-10	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	82	91	79	92	***[117]
3	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नही				***[118]
4	अन्य देश		2	3	4	2	
5	कुल मांग	%	100	100	100	100	

176. यह नोट किया गया है कि 2020-21, जिसमें संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों में गिरावट आई थी, को छोड़कर पीओआई सहित क्षति अवधि में मांग में आवेदक के हिस्से में निरंतर गिरावट आई है । अन्य देशों से संबद्ध वस्तु का बाजार हिस्सा 2-4 प्रतिशत की रेंज में रहा है। घरेलू उद्योग के हिस्से में आधार वर्ष में *** प्रतिशत से पीओआई में *** प्रतिशत की गिरावट आई है। 2019-20 और 2020-21 की तुलना

[117] तदेव
[118] तदेव

में आवेदक के हिस्से में पीओआई में क्रमश: *** प्रतिशत और *** प्रतिशत की गिरावट आई है। आवेदक के हिस्से में 2020-21 में वृद्धि हुई है। जबकि संबद्ध देशों से आयातों में 2019-20 के मुकाबले 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह भी नोट किया जाए कि अन्य देशों के आयातों के हिस्सों में यही प्रवृत्ति रही है। इस प्रकार संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों ने बाजार हिस्से को बुरी तरह प्रभावित किया है।

177. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि कोरिया गणराज्य से आयातों की मात्रा में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पीओआई में गिरावट आई है। यह नोट किया जाता है कि कोरिया गणराज्य से आयात आधार वर्ष और संपूर्ण क्षति अवधि के स्तर से अधिक हैं।

ञ.3 <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

ञ.3.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

178. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. आवेदक द्वारा कम लागत पर बिक्री के बावजूद कीमत कटौती लगातार सकारात्मक और काफी अधिक है[119]।

ख. इसके अलावा, ऐसे आयातों के कारण आवेदक अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि नहीं कर पाया है।[120]

ग. डी एंड ए और एवरडिग्म के तर्कों के विरुद्ध कोई व्यवसाय घाटे में बिक्री करने का निर्णय स्वैच्छिक रूप से नहीं लेगा। आवेदक को बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए कम कीमत पर बिक्री करनी पड़ी है क्योंकि पाटित आयातों ने कीमत से प्रतिस्पर्धा करने में आवेदक की सक्षमता को बुरी तरह बाधित किया है।[121]

---

[119] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 53
[120] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 48
[121] डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 55

घ. एडी का यह दावा कि बिक्री लागत और बिक्री कीमत तालमेल से चली हैं और इसलिए घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, गलत है। आवेदक अपने खर्चों को वसूल करने के लिए तर्कसंगत आय हेतु उचित कीमत पर बिक्री नहीं कर पा रहा है। आवेदक लागत पर बिक्री कर रहा है।[122]

ञ.3.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

179. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. एनएसआर एक व्यवसाय कंपनी का स्वैच्छिक वाणिज्यिक निर्णय का परिणाम है। इस प्रकार कीमत कटौती की मौजूदगी अपने आप में क्षति का संकेत नहीं है।[123] क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त आंकड़े उत्पादन और लाभप्रदता के अनुसार वृद्धि दर्शाते हैं और यह कि प्राधिकारी को पूर्ण रूप से जांच करनी चाहिए[124]।

ख. 2020-21 और पीओआई के बीच आवेदक की बिक्री लागत में लगभग 56 प्रतिशत की असंगत वृद्धि हुई है। प्राधिकारी को इस अचानक वृद्धि के संबंध में आवेदक से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए और जांच करनी चाहिए कि क्या आवंटन में कोई गलती हुई है[125]।

ग. आवेदक अपनी बिक्री लागत के अनुसार बिक्री कीमत में वृद्धि कर पाया है। इसलिए इस वजह से कोई क्षति नहीं हुई है[126]।

घ. कोरिया गणराज्य से आयातों के पहुंच मूल्य में आधार वर्ष की तुलना में 22 मूल बिंदुओं की वृद्धि हुई है। कोरिया गणराज्य से ऐसी उच्च पहुंच कीमत से संबद्ध आयातों की कम मात्रा पर आवेदक को क्षति के संबंध में विचार नहीं किया जा सकता है[127]।

---

[122] डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 55

[123] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 27; एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 22; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 27; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20

[124] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 27 और 28; डी एंड ए के खंडन अनुरोधों का पृष्ठ 20

[125] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 28 और डी एंड ए के लिखित अनुरोधों का पृष्ठ 28

[126] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 29 और डी एंड ए के लिखित अनुरोधों का पृष्ठ 28

[127] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 29 और डी एंड ए के लिखित अनुरोधों का पृष्ठ 28

ड. आवेदक की बिक्री कीमत उसकी बिक्री लागत के अनुरूप रही है। अत: आयातों के पहुंच मूल्य को आवेदक की बिक्री कीमत पर कोई प्रभाव डालने वाला नहीं कहा जा सकता है[128]।

ञ.3.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

ञ.3.3.1 कीमत में कटौती

180. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में यह विश्लेषण करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो सामान्य प्रक्रिया में बढ़ गई होती। इस बात की नीचे तालिका में जांच की गई है।

तालिका 5: कीमत कटौती (केवल पाटित आयात - पूर्णत: असेंबल्ड रॉक ब्रेकर्स)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	सीआईएफ	एलवी	एनएसआर	पीयू	पीयू	पीयू
		एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	%	रेंज
1	संबद्ध देश	4467	216580	228212	***	***	***	200-250

तालिका 6: कीमत कटौती (केवल पाटित आयात - पूर्णत: असेंबल्ड + उप असेंबल / असेंबल)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	सीआईएफ	एलवी	एनएसआर	पीयू	पीयू	पीयू
		एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	रू/एमटी	%	रेंज
1	संबद्ध देश	8265	159318	168199	***	***	***	200-250

181. यह नोट किया गया है कि कीमत कटौती संबद्ध वस्तु के लिए सकारात्मक और काफी अधिक है।

182. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि कीमत कटौती की मौजूदगी घरेलू उद्योग को क्षति की मौजूदगी के निष्कर्ष का आधार नहीं होनी चाहिए। प्राधिकारी क्षति जांच

[128] एडी के लिखित अनुरोध का पैरा 87-88

में के संबंध में अपनी दायित्व से परिचित हैं। यह भी नोट किया जाता है कि कीमत कटौती की मौजूदगी को क्षति को सिद्ध करने के लिए एक सकारात्मक कारक है। तथापि, घरेलू उद्योग को क्षति की मौजूदगी संबंधी निष्कर्ष एक आंतरिक प्रक्रिया है जिसमें आयातों की कीमत प्रभाव सहित अनेक कारकों को मिलाकार विचार किया जाता है।

ञ.3.3.2 <u>मूल्य दमन/मंदी</u>

183. प्राधिकारी यह जांच करने के लिए कीमत ह्रास / न्यूनीकरण का आकलन करते हैं कि क्या आयातों ने घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें बढ़ाने से रोका है तथा क्या ऐसे आयातों में कीमतों में कटौती की है। निम्नलिखित तालिका कीमत ह्रास/न्यूनीकरण के आकलन के लिए उपयोगी मापदंडों को दर्शाती है।

तालिका 7: कीमत ह्रास / न्यूनीकरण – केवल पूर्णत: असेंबल्ड

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई (पाटित आयात)
1	बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	61	99
2	बिक्रीकीमत (एनएसआर)	रू/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	72	99
3	पहुंच मूल्य	रू/एमटी	344564	289578	459647	228212
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	133	66

184. यह नोट किया गया है कि आवेदक की बिक्री लागत 2020-21 जिसमें आवेदक की बिक्री लागत में भारी गिरावट आई थी, को छोड़कर लगभग समान रेंज में रही है। आवेदक ने स्पष्ट किया है कि बिक्री लागत में इस अवधि के दौरान बिक्री में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्थिर लागत की भरपाई के कारण गिरावट आई है। यह भी नोट किया जाता है कि पहुंच मूल्य में गिरावट के साथ 2019-20 में आवेदक की बिक्री कीमत में गिरावट आई है। आवेदक ने यह भी स्पष्ट किया है कि तथापि वह बिक्री लागत में कटौती के कारण 2020-21 में अपनी बिक्री कीमत को बनाए रखने में सक्षम रहा था। तथापि, 2020-21 में पहुंच मूल्य में सुधार के बावजूद आवेदक अपनी बिक्री कीमत को बढ़ाने में असमर्थ था।

185. यद्यपि उसकी बिक्री लागत में काफी गिरावट आई थी। घरेलू उद्योग ने बताया है कि उसने कम कीमत के आयातों की कीमत का मुकाबला करने का प्रयास किया और इसलिए अपनी बिक्री कीमत को नहीं बढ़ा सका। आवेदक ने यह भी स्पष्ट किया कि तथापि वह बिक्री लागत में कटौती के कारण 2020-21 में अपनी बिक्री कीमत को बनाए रखने में सक्षम रहा था और परिणामस्वरूप अपना बाजार हिस्सा बढ़ाने में सक्षम रहा। तथापि, पीओआई में आवेदक की बिक्री लागत क्षति अवधि के पूर्ववर्ती वर्ष की रेंज में पुन: बढ़ गई थी। इसी के साथ पहुंच मूल्य में भारी गिरावट आई और वह आधार वर्ष के स्तर से कम हो गई।

186. एडी ने तर्क दिया है कि बिक्री मूल्य और बिक्री की लागत एक साथ चली गई है, और इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता है कि संबंधित देशों से आयात ने आवेदक के बिक्री मूल्य को प्रभावित किया है। आवेदक ने प्रस्तुत किया है कि एडी का दावा गलत है क्योंकि यह लागत पर बेच रहा है, और इसलिए, अपने खर्चों को पूरा करने में सक्षम नहीं है। प्राधिकरण नोट करता है कि पिछले वर्ष की तुलना में, बिक्री मूल्य में बिक्री की लागत में 39 सूचकांक अंकों की वृद्धि के विपरीत 27 सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई है, जबकि उतरा मूल्य 67 सूचकांक अंकों से गिर गया है। इस प्रकार, भूमि मूल्य ने न केवल आवेदक की कीमतों को दबा दिया है, बल्कि उन्हें भी उदास कर दिया है।

तालिका 8: कीमत ह्रास / न्यूनीकरण - पूर्णत: असेंबल्ड + असेंबली / उप असेंबली						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	61	99
2	बिक्री कीमत (एनएसआर)	रू/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	72	99
3	पहुंच मूल्य	रू/एमटी	3,46,121,	2,81,965	4,24,399	1,68,199
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	82	123	49

187. यह नोट किया गया है कि आवेदक की बिक्री लागत 2020-21 जिसमें आवेदक की बिक्री लागत में भारी गिरावट आई थी, को छोड़कर लगभग समान रेंज में रही है।

आवेदक ने स्पष्ट किया है कि बिक्री लागत में इस अवधि के दौरान बिक्री में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्थिर लागत की भरपाई के कारण गिरावट आई है। यह भी नोट किया जाता है कि पहुंच मूल्य में गिरावट के साथ 2019-20 में आवेदक की बिक्री कीमत में गिरावट आई है। तथापि, 2020-21 में पहुंच मूल्य में सुधार के बावजूद आवेदक अपनी बिक्री कीमत को बढ़ाने में असमर्थ था। यद्यपि उसकी बिक्री लागत में काफी गिरावट आई थी। घरेलू उद्योग ने बताया है कि अपने बाजार हिस्से में वृद्धि करने के लिए कम कीमत के आयातों की कीमत का मुकाबला करने का प्रयास किया और इसलिए अपनी बिक्री कीमत को नहीं बढ़ा सका। आवेदक ने यह भी स्पष्ट किया कि तथापि वह बिक्री लागत में कटौती के कारण 2020-21 में अपनी बिक्री कीमत को बनाए रखने में सक्षम रहा था। तथापि, पीओआई में आवेदक की बिक्री लागत क्षति अवधि के पूर्ववर्ती वर्ष की रेंज में पुन: बढ़ गई थी। इसी के साथ पहुंच मूल्य में भारी गिरावट आई और वह आधार वर्ष के स्तर से भी कम हो गई।

ञ.4 <u>उत्पादन क्षमता और क्षमता उपयोग एवं बिक्रियां</u>

ञ.4.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

188. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक के क्षमता उपयोग में गिरावट आई है[129]।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन में केवल *** प्रतिशत की वृद्धि हुई है[130]।

ञ.4.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

189. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यद्यपि आवेदक की क्षमता पीओआई सहित संपूर्ण क्षति अवधि में समान रही है, तथापि मांग में वृद्धि के साथ आवेदक के उत्पादन और क्षमता उपयोग में

[129] डोजको के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 50
[130] डोजको के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 50

आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में वृद्धि हुई है[131]। इसह प्रकार घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है[132]।

ख. आवेदक अपने उत्पादन में वृद्धि करने में सक्षम नहीं है, क्योंकि उसने पीयूसी का भारत में उत्पादन करने के बजाय आयात करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इस प्रकार आयातों में इस प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं निभाई है[133]।

ञ.4.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

190. निम्नांकित तालिका आवेदक के मात्रात्मक मापदंडों को दर्शाती है।

तालिका 9 : घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंड (रॉक ब्रेकर)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
1	क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
2	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	79	148	114
3	क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
	रेंज	%	30-40	20-30	40-50	30-40
4	घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	172	115

191. आवेदक की क्षमता पीओआई सहित पूरी क्षति अवधि में समान रही है। आवेदक के उत्पादन में 2020-21 के मुकाबले में भारी गिरावट आई है। यह नोट किया गया है कि इस अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में भारी गिरावट आई है। यह भी नोट किया जाता है कि 2019-20 और पीओआई के बीच आवेदक के उत्पादन में 35 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। तथापि समान अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की मात्रा में 150 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। संबद्ध वस्तु की मांग में भी 2020-21 को छोड़कर लगातार वृद्धि हुई है।

192. एवरडिग्म, सूसान, फील, डेमो और निंगबो ने तर्क दिया है कि आवेदक मांग में वृद्धि के साथ अपनी बिक्री और उत्पादन में वृद्धि करने में सक्षम रहा है। तथापि, यह नोट किया गया है कि आवेदक पीओआई के दौरान संबद्ध देशों से पाटित आयातों के

---

[131] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 26; एवरडिग्म के लिखित अनुरोध पृष्ठ का 30; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 29-30

[132] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16

[133] लिखित अनुरोध का पैरा 54

कारण मांग में वृद्धि के अनुपात में अपनी बिक्री और उत्पादन में वृद्धि नहीं कर पाया है। आवेदक के बाजार हिस्से में काफी गिरावट आई है जबकि आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है। 2019-20 और पीओआई के बीच मांग में *** एमी की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के लगभग *** पर संबद्ध आयातों पर कब्जा कर लिया है और घरेलू उद्योग इस वृद्धि के केवल *** प्रतिशत का उपयोग कर पाया था। इस प्रकार मांग में लगभग संपूर्ण वृद्धि को संबद्ध देश के पाटित आयातों ने कब्जा लिया है।

ञ.5 <u>बाजार हिस्सा</u>

ञ.5.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

193. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. संबद्ध देशों से आयात में घरेलू बाजार में 79 प्रतिशत हिस्सा ले लिया है[134]। इस प्रकार आवेदक अपनी बिक्री मात्रा में वृद्धि नहीं कर पाया है[135]। बिक्री में वृद्धि मांग में वृद्धि के साथ नहीं हुई है[136]।

ञ.5.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

194. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. मांग में वृद्धि के साथ आवेदक के बिक्री में वृद्धि हुई है[137]। आवेदक की बिक्री में आधार वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है और इसलिए आवेदक को कोई क्षति नहीं हुई है[138]।

ख. कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु की आयात मात्रा में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान भारी गिरावट आई है। अत: ऐसे आयात घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित नहीं कर सकते हैं[139]। इसके अलावा घरेलू उद्योग के निष्पादन में पीओआई सहित संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान सुधार हुआ है[140]।

---

[134] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 50
[135] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 50
[136] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 55(ग)
[137] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15
[138] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18
[139] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 26
[140] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 26

ञ.5.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

195. निम्नांकित तालिका घरेलू उद्योग और संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से को दर्शाती है।

तालिका 10: बाजार हिस्सा पूर्णत: असेंबल्ड							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***	
	रेंज		10-20	0-10	20-30	0-10	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	80	92	76	89	***[141]
3	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नहीं				***[142]
4	अन्य देश	%	2	0	2	1	
5	कुल मांग	%	100	100	100	100	
6	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	197	147	231	

तालिका 11: बाजार हिस्सा - पूर्णत: असेंबल्ड + असेंबली / उप असेंबली							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***	
	रेंज		10-20	0-10	20-30	0-10	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	82	91	79	92	***[143]
3	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नहीं				***[144]
4	अन्य देश	%	2	0	3	1	
5	कुल मांग	%	100%	100%	100%	100%	
6	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	**सूचीबद्ध**	100	206	160	327	

[141] अंतर-पार्टी गोपनीयता बनाए रखने के लिए आंकड़े को गोपनीय रखा गया।
[142] तदेव
[143] तदेव
[144] तदेव

196. आधार वर्ष की तुलना में आवेदक की बिक्रियों में समग्र संख्या में पीओआई में 15 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। इसी अवधि के दौरान मांग में 132 (केवल पूर्णत: असेंबल) और 226 (पूर्णत: असेंबल और उप असेंबली) सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। तथापि आधार वर्ष की तुलना में बिक्री और मांग की समग्र मात्रा में वृद्धि के बावजूद आवेदक के बाजार हिस्से में 9-10 प्रतिशत गिरावट आई है। इस अवधि के दौरान संबद्ध देशों से पाटित आयातों में समग्र रूप से *** प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2020-21 की तुलना में यह ऐसी अवधि है जिसमें आवेदक की बिक्री समग्र संख्या तथा बाजार हिस्से में उच्चतम स्तर पर पहुंची है, आवेदक के बाजार हिस्से में *** प्रतिशत की गिरावट आई जबकि संबद्ध देशों के बाजार हिस्से में *** प्रतिशत की वृद्धि हुई।

197. यह भी नोट किया गया है कि चार वर्ष की अवधि के मुकाबले मांग में वृद्धि होने पर भी संबद्ध देशों से आयातों की वृद्धि आवेदक की बिक्री की तुलना में काफी अधिक थी। पूर्णत: असेंबल स्तर पर यद्यपि मांग में 2020-21 और पीओआई के बीच *** प्रतिशत की वृद्धि हुई, परंतु पाटित आयातों में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2019-20 की तुलना में मांग में *** प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पाटित आयात में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार दोनों मामलों में पाटित आयातों में मांग से ज्यादा वृद्धि हुई है।

198. यदि असेंबली/उप-असेंबली सहित रॉक ब्रेकरों की पूरी मात्रा पर विचार किया जाता है, तो यह ध्यान दिया जाता है कि 2020-21 और पीओआई की अवधि के बीच, संबंधित देशों से डंप किए गए आयात की मात्रा में 139% की वृद्धि हुई जबकि मांग में ***% की वृद्धि हुई। हालांकि, इस दौरान आवेदक की बिक्री में *** फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, 2019-20 और पीओआई के बीच, मांग में ***% की वृद्धि हुई है जबकि आयात में 62% की वृद्धि हुई है। ***% ाधीन आयातों को पाटित मूल्यों पर भारत के वाणिज्य में प्रवेश करते हुए पाया गया है। इस प्रकार, आवेदक मांग में वृद्धि से लाभ नहीं उठा पाया है, जबकि डंप किए गए आयात की मात्रा मांग में वृद्धि से अधिक है।

ञ.6 <u>घरेलू उद्योग के वित्तीय मापदंड</u>

ञ.6.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

199. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक ऐसी कीमतों पर अपने उत्पाद को बेच रहा है जो पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण उसकी बिक्री लागत से कम है।

ख. आवेदक अपनी बिक्रियों पर लाभकारी कीमत अर्जित नहीं कर पाया है और इसलिए घाटा उठा रहा है।

ञ.6.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

200. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्निलखित अनुरोध किए गए हैं:

क. लाभप्रदता मापदंडों संबंधी सूचना में गड़बड़ी है क्योंकि आवेदक ने घरेलू और निर्यात बिक्री संचयी आंकड़े उपलब्ध कराए हैं[145]। ऐस गलत आंकड़ों पर आधारित क्षति संबंधी कोई निष्कर्ष वस्तुनिष्ठ जांच नहीं होगा[146]।

ख. आवेदक की लाभप्रदता में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान तेजी से वृद्धि हुई है[147]।

ग. सूचकरण में त्रुटि के कारण आवेदक द्वारा प्रस्तुत संशोधित सूचना के अनुसार यह नोट किया जा सकता है कि आवेदक आधार वर्ष से घाटा उठाने वाली कंपनी रहा है और उसे इस अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु का कोई पाटन नहीं होने पर भी पूरी क्षति अवधि के दौरान घाटा उठाना पड़ा है। इस प्रकार आयातों के अलावा, ऐसे अन्य कारक हैं जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है[148]।

घ. आवेदक द्वारा प्रस्तुत संशोधित आंकड़े आरओसीई आंकड़े को सकारात्मक दर्शाते हैं जबकि लाभप्रदता के शेष आंकड़े ऋणात्मक हैं। प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मानंदों की सत्यतता की जांच करनी चाहिए[149]।

---

[145] एवरडिग्म, डी एंड ए द्वारा यथा उल्लिखित डीआई की याचिका का पृष्ठ 87 और 90
[146] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 30; डी एंड ए लिखित अनुरोध का पृष्ठ 30
[147] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16
[148] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 11-12; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 12
[149] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 21; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 22

ड. स्थिर परिसंपत्ति / मूल्यह्रास में गिरावट के बावजूद औसत नियोजित पूंजी में वृद्धि और स्थापित क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं होने को स्पष्ट नहीं किया जा सकता[150]।

च. यह अनुरोध है कि कार्यशील पूंजी और मालसूची में सीधा संबंध होता है। तथापि आवेदक की कार्यशील पूंजी में असामान्य रुझान है जबकि औसत मालसूची में यही प्रवृत्ति नहीं रही है। आवेदक द्वारा प्रदत्त आंकड़े मनगढ़ंत और गलत प्रतीत होते हैं[151]।

छ. नियोजित पूंजी के प्रतिशत रूप में पीबीआईटी में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में रॉक ब्रेकर के लिए तेजी से वृद्धि हुई है जो सिद्ध करता है कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है[152]।

ञ.6.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

201. निम्नांकित तालिका आवेदक के वित्तीय मानदंडों को दर्शाती है।

तालिका 12: लाभप्रदता मापदंड (रॉक ब्रेकर्स)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई
1	बिक्रियों की लागत	रु/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	61	99
2	बिक्री कीमत	रु/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	72	98
3	लाभ/हानि	रु/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(106)	(21)	(104)
4	पीबीआईटी	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(106)	(26)	(143)
5	नकद लाभ	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(102)	(19)	(143)
6	आरओसीई	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	रेंज	(100)	(157)	(32)	(155)

202. यह नोट किया जाता है कि आवेदक की बिक्री लागत वर्ष 2021-22 जब आवेदक की बिक्री लागत में भारी गिरावट आई थी, को छोड़कर पीओआई सहित पूरी क्षति अवधि

[150] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19
[151] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19
[152] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20

में समान रेंज में रही है। आवेदक ने बताया है कि ऐसा बिक्री में वृद्धि की वजह से स्थिर लागत की भरपाई के कारण हुआ था। तथापि बिक्री लागत पीओआई के दौरान 2020-21 के पूर्व के स्तर पर पुन: बढ़ गई। आवेदक आधार वर्ष से अपनी बिक्री लागत से काफी कम कीमत पर अपना उत्पाद बेच रहा है। आवेदक ने बताया है कि कम कीमत के आयातों की मौजूदगी के कारण घरेलू उद्योग अपनी बिक्री लागत को भी वसूली करने में सक्षम नहीं है। आवेदक को आधार वर्ष से घाटा हो रहा है। तथापि पीओआई में ये घाटे और बढ़ गए हैं।

203. आवेदक को 2019-20 में भी भारी घाटा हुआ है। यह नोट किया गया है कि इस अवधि के दौरान संबद्ध आयातों का पहुंच मूल्य न्यूनतम था। यद्यपि पीओआई में 2019-20 की तुलना में पहुंच मूल्य में सुधार हुआ, परंतु यह अब भी आवेदक की बिक्री लागत से काफी कम है। आवेदक का पीबीआईटी और नकद लाभ भी लाभ के समान ही रहा है।

204. एवरडिग्म और डीए ने दावा किया है कि आवेदक ने घरेलू बिक्री के भीतर अपनी निर्यात बिक्री के आंकड़ों को शामिल किया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि जांच दल ने आवेदक के घरेलू प्रदर्शन से संबंधित आंकड़ों पर विचार किया है। इसके अलावा, निर्यात बिक्री कुल बिक्री के [***] से कम है।

205. यह नोट किया गया है कि 2020-21 में सुधार के बाद पीओआई सहित क्षति अवधि के दौरान आवेदक के आरओसीई में गिरावट आई है। सूसान और फील ने तर्क दिया है कि आवेदक की कार्यशील पूंजी और मालसूची में समान रुझान नहीं रहा है। यद्यपि इन दोनों में सह संबंध हैं। अत: सूसान ने आरोप लगाया है कि आवेदक ने अपने आंकड़ों की गलत सूचना दी है। यह नोट किया गया है कि मालसूची का स्तर उन अनेक कारकों में से केवल एक है जिनसे कार्यशील पूंजी सीधे संबंधित है। अत: यह आवश्यक नहीं है कि कार्यशील पूंजी और मालसूची में समान रुझान रहे।

206. सूसान और फील ने यह भी तर्क दिया है कि स्थिर परिसंपत्ति और मूल्यह्रास में बिना किसी परिवर्तन के नियोजित पूंजी में परिवर्तन अनुचित है। यह नोट किया जाता है कि नियोजित पूंजी में आवेदक के संबंधित पक्षकार द्वारा स्थिर परिसंपत्ति की बिक्री के कारण नियोजित पूंजी में बदलाव हुआ है।

ञ.7 <u>वेतन, मजदूरी और कर्मचारियों की संख्या</u>

ञ.7.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

207. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वित्त वर्ष 2020-21 से कर्मचारियों की संख्या समान बनी रही है। तथापि वेतन और मजदूरी में 44 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है जिससे घरेलू उद्योग की बढ़ती हुई प्रचालन लागत का पता चलता है।

ख. यह अनुरोध किया गया है कि पीयूसी एक जटिल इंजीनियर उत्पाद है और उसमें तकनीकी कौशल वाले कर्मचारियों की आवश्यकता है जिन्हें उच्चतर पारिश्रमिक देना आवश्यक होता है[153]।

ञ.7.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

208. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. कर्मचारियों के वेतन और मजदूरी में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि के साथ वृद्धि हुई है और इसलिए कोई क्षति नहीं हुई है[154]।

ख. आवेदक के प्रति कर्मचारी प्रति दिन उत्पादकता में वृद्धि हुई है[155]।

ञ.7.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

209. आवेदक के मजदूरी, रोजगार और उत्पाकता के संबंधित आंकड़े नीचे तालिका में दर्शाए गए हैं:

---

[153] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 51

[154] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18 ; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16; फील लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18; निंगबो लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17

[155] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18; फील लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19

तालिका 13: रोजगार (रॉक ब्रेकर्स)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
1	मजदूरी	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	117	145
2	कर्मचारियों की संख्या		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	127	132
3	उत्पादकता/दिन		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	79	148	114
4	उत्पादकता/कर्मचारी		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	79	116	86
5	मजदूरी/कर्मचारी		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	92	110

210. यह नोट किया गया है कि क्षति अवधि में कर्मचारियों की मजदूरी में वृद्धि हुई है और पीओआई में यह उच्चतम स्तर पर रही है। कर्मचारियों की संख्या में क्षति अवधि के दौरान भी वृद्धि हुई है। आवेदक ने बताया कि पीयूसी एक जटिल इंजीनियरिंग उत्पाद है और इसलिए उन्होंने कुशल कर्मियों को नियुक्त किया है जो उच्चतर पारिश्रमिक मानते हैं। यह भी नोट किया गया है कि 2020-21 के दौरान उत्पादन में वृद्धि के साथ कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई। यह नोट किया जाता है कि प्रति दिन उत्पादकता में वृद्धि हुई जबकि प्रति कर्मचारी उत्पादकता में मामूली गिरावट दर्ज हुई।

211. सूसान और फील ने तर्क दिया है कि आवेदक को क्षति नहीं हो रही है क्योंकि वह अपनी मजदूरी और अपने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करने में सक्षम रहा है। यह नोट किया गया है कि केवल मजदूरी में वृद्धि और कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि क्षति की गैर मौजूदगी संबधी निष्कर्ष का आधार नहीं हो सकता है।

ञ.8 <u>मालसूची</u>

ञ.8.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

212. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

ञ.8.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

213. अन्य हितबद्ध पक्षकारों निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. कार्यशील पूंजी और औसत मालसूची के रुझान में एक जैसी प्रवृत्ति नहीं है। यद्यपि ये दोनों आपस में संबंधित हैं[156]।

ञ.8.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

214. निम्नांकित तालिका में आवेदक के मालसूची संबंधी आंकड़े दर्शाए गए हैं।

तालिका 14: मालसूची (रॉक ब्रेकर)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
1	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	112	140

215. यह नोट किया गया है कि आवेदक की मालसूची में 2020-21, जब उसने पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज हुई थी परंतु आधार वर्ष के स्तर से अधिक रही थी, को छोड़कर क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। मालसूची ने पीओआई के दौरान अपना उच्चतम स्तर प्राप्त किया। आवेदक ने स्पष्ट किया है कि सीमित उत्पादन करने और बिक्री लागत से कम पर बिक्री करने के बावजूद वह अपनी बिक्रियों में मामूली वृद्धि करने में भी सक्षम नहीं रहा है क्योंकि बाजार में कम कीमत के पाटित आयात मौजूद हैं।

ञ.9 <u>वृद्धि</u>

ञ.9.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

216. घरेलू उद्योग द्वारा कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ञ.9.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

217. अन्य हितबद्ध पक्षकारों कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ञ.9.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

[156] सूसान के खंडन अनुरोध का पृष्ठ; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ

218. निम्नांकित तालिका में आवेदक की मालसूची की आंकड़े दर्शाए गए हैं।

तालिका 15 : वृद्धि (रॉक ब्रेकर्स)						
क्र.सं.	**विवरण**		**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई आधार वर्ष की तुलना**
1	उत्पादन	%	***	***	***	***
2	घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
3	लाभ/हानि	%	***	***	***	***
4	आरओसीई	%	***	***	***	***
5	मालसूची	%	***	***	***	***
6	बाजार हिस्सा	%	***	***	***	***

219. उक्त के अनुसार यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग ने आधार वर्ष की तुलना में बिक्री और उत्पादन में वृद्धि दर्शायी है जबकि उसके निष्पादन में अन्य मापदंडों के संबंध में गिरावट आई है। यह भी नोट किया गया है कि पीओआई में घरेलू उद्योग के निष्पादन में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है। 2019-20 की तुलना में 2020-21 में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ है। यह नोट किया गया है कि इस अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में गिरावट आई है जबकि पहुंच मूल्य में सुधार हुआ है। तथापि पीओाआई के दौरान पाटित आयातों में परिणामी वृद्धि और पहुंच मूल्य में गिरावट के साथ घरेलू उद्योग के मापदंड बुरी तरह प्रभावित हुए थे।

ञ.10 <u>पाटन मार्जिन की मात्रा</u>

ञ.10.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

220. घरेलू उद्योग द्वारा कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए हैं।

ञ.10.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

221. अन्य हितबद्ध पक्षकारों कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ञ.10.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

222. जैसा ऊपर नोट किया गया है कि डी एंड ए को छोड़कर संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का पाटन मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक है और काफी अधिक है। यह भी नोट किया गया है कि कोरिया गणराज्य और चीन जन. गण. से सहयोगी उत्पादक का पाटन मार्जिन भी रॉक ब्रेकर के लिए निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक और काफी अधिक (डी एंड ए को छोड़कर) है।

ञ.11 <u>पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता</u>

ञ.11.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

223. घरेलू उद्योग द्वारा कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए हैं।

ञ.11.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

224. अन्य हितबद्ध पक्षकारों कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ञ.11.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

225. आवेदक ने बताया है संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण उसे बिक्री लागत से कम पर बिक्री करनी पड़ी और इसलिए उसे घाटा हो रहा है जिससे आगे विस्तार विविधीकरण के लिए पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता प्रभावित हुई है।

226. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग को हुए लगातार घाटे के कारण पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। तथापि पीओआई में संबद्ध वस्तु के लिए मांग में वृद्धि के बावजूद आवेदक का निष्पादन काफी खराब रहा है और इस प्रकार पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता कम हो गई है।

ट <u>खंड : चीसेल्स</u>

ट.1 <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

ट.1.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

227. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. चीसेल के आयातों की मात्रा में समग्र तथा सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

ट.1.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

228. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु के आयातों में कुल भारतीय उत्पादन तथा कुल भारतीय मांग और आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान पीयूसी के कुल आयातों के संबंध में गिरावट आई है[157]।

ख. चीसेल के आयात भारतीय मांग में वृद्धि के अनुरोध रहे हैं। इसी अवधि के दौरान आवेदक अपने उत्पादन में काफी सुधार करने में सक्षम रहा है। इस प्रकार कोई मात्रात्मक क्षति नहीं हुई[158]।

ग. कोरिया गणराज्य से चीसेल के आयातों की मात्रा संबद्ध वस्तु की मांग में गिरावट के कारण आधी रह गई है[159]। घरेलू उद्योग के बिक्रियों में भी गिरावट आई है। जबकि चीन जन. गण. से चीसेल के आयातों की मात्रा में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में काफी सुधार हुआ है[160]।

ट.1.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

229. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों की मात्रा में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है जैसा ऊपर उल्लिखित है। जांच दल ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों और भागीदार उत्पादकों द्वारा प्रदत्त निर्यात सूचना के आधार पर अंतिम मात्राओं को ज्ञात किया है।

230. यह भी नोट किया गया है कि चीसेल को या तो अलग वस्तु के रूप में बेचा जाता है या उसे रॉक ब्रेकर के साथ बेचा जा सकता है। चीसेल की भारी मात्रा का आयात रॉक

---

[157] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पैरा 34; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पैरा 34

[158] एडी के लिखित अनुरोध का पैरा 50

[159] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पैरा 33; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पैरा 33

[160] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ16 33; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15; हांसुंग के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 30

ब्रेकर के साथ हो सकता है। नीचे जांचे गए मात्रात्मक मापदंड चीसेल के ऐसे आयातों को दर्शाते हैं जिन्हें अलग वस्तु की तरह बेचा गया है और रॉक ब्रेकर के साथ नहीं बेचा गया है, क्योंकि भारत को निर्यातित चीसेल की पूरी मात्रा को अलग करना संभव नहीं था।

231. मांग में पीयूसी की आपूर्ति के विभिन्न स्रातों का वितरण निम्नानुसार है:

तालिका 16: मात्रात्मक मापदंड (चीसेल्स)							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	घरेलू बिक्रियां – आवेदक	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	94	88	76	
2	घरेलू बिक्रियां – अन्य उत्पादक	एमटी	-	-	-	-	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	-	-	
3	संबद्ध देश - आयात	एमटी	2,705	6,707	4,727	7,185	***[161]
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	248	175	266	
4	संबद्ध देश - गैर-पाटित आयात	एमटी	निर्धारित नही				***[162]
5	अन्य देश - आयात	एमटी	19	47	51	36	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	247	266	186	
6	कुल आयात	एमटी	2,724	6,754	4,778	7,220	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	248	175	265	
7	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***	
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	187	141	190	
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात							

[161] नोट 142 देंखे

[162] संख्या को गोपनीय रखा गया है, क्योंकि वह एकल निर्यातक से संबंधित है।

तालिका 16: मात्रात्मक मापदंड (चीसेल्स)							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
8	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***	***[163]
	रेंज	%	100-150	350-400	250-300	450-500	450-500
9	कुल मांग	%	***	***	***	***	***[164]
	रेंज	%	60-70	70-80	70-80	80-90	80-90
10	कुल आयात	%	99	99	99	100	***[165]

232. तालिका 16 से पता चलता है कि विषय देशों से आयात आधार वर्ष में 2705 मीट्रिक टन से बढ़कर पीओआई में 7185[166] मीट्रिक टन हो गया है, अर्थात आधार वर्ष की तुलना में 4469[167] मीट्रिक टन की वृद्धि। गैर-डंप आयात मात्रा ***[168] मीट्रिक टन है। वर्ष 2020-21 को छोड़कर पीओआई के माध्यम से विषय वस्तुओं की मांग भी बढ़ी है, जिसमें मांग में गिरावट आई है। हालांकि, मांग आधार वर्ष के स्तर से काफी ऊपर रही। वर्ष 2020-21 के दौरान संबंधित देशों से आयात की मात्रा में वर्ष 2019-20 की तुलना में लगभग 2000 मीट्रिक टन की उल्लेखनीय गिरावट आई है। यह ध्यान दिया जाता है कि मात्रा में गिरावट के बावजूद, आवेदक छेनी की बिक्री बढ़ाने में सक्षम नहीं था।



233. इसके अलावा, पीओआई में संबंधित वस्तुओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, पिछले वर्ष की तुलना में डंप किए गए आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, इसी अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री में *** की गिरावट आई है।

---

[163] संख्या को गोपनीय रखा गया है, क्योंकि वह एकल निर्यातक से संबंधित है।
[164] तदेव
[165] तदेव
[166] कुल आयात से इन आंकड़ों की गोपनीय कटौती से एकल निर्यातक की मात्रा का पता चल जाएगा।
[167] तदेव
[168] तदेव

इस प्रकार, संबंधित देशों से पाटित आयातों ने न केवल मांग में संपूर्ण वृद्धि को प्राप्त किया है बल्कि घरेलू उद्योग के हिस्से पर भी कब्जा कर लिया है। एडी ने तर्क दिया है कि संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा संबद्ध वस्तु की मांग के अनुरूप रही है और यह कि घरेलू उद्योग तदनुसार अपने निष्पादन में वृद्धि करने में सक्षम रहा है। यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग की बिक्रियों में मांग में वृद्धि के बावजूद पीओआई में गिरावट आई है। इस प्रकार संबद्ध देशों से पाटित आयातों ने न केवल मांग में पूरी वृद्धि को हड़प लिया है बल्कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर भी कब्जा किया है।

234. एडी ने तर्क दिया है कि विषय देशों से आयात की मात्रा विषय वस्तुओं की मांग के अनुरूप हो गई है और घरेलू उद्योग तदनुसार अपना उत्पादन बढ़ाने में सक्षम है। यह ध्यान दिया जाता है कि मांग में वृद्धि के बावजूद पीओआई में घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट आई है। इस प्रकार, संबंधित देशों से पाटित आयातों ने न केवल मांग में संपूर्ण वृद्धि को शामिल कर लिया है बल्कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर भी कब्जा कर लिया है।

235. जहां तक संबंधित देशों से डंप किए गए आयात में सापेक्ष वृद्धि का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि आधार वर्ष की तुलना में, भारतीय उत्पादन के संबंध में संबंधित देशों से डंप किए गए आयात में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में लगभग 342% और 2020-21 की तुलना में 211% की वृद्धि हुई है और पीओआई में भारत में आयात की मात्रा का लगभग 100% हिस्सा है। मांग में विषय देशों से विषय आयातों का हिस्सा भी पीओआई में आधार वर्ष में *** से बढ़कर *** हो गया है, जिसमें से ***% डंप किया गया है। डंप किए गए आयात का हिस्सा कुल मांग का *** है और 2019-20 के स्तर से ऊपर है। इसके अलावा, 2019-20 और 2020-21 की तुलना में, मांग के संबंध में पीओआई में आयात की हिस्सेदारी में क्रमशः *** और *** की वृद्धि हुई है। डंप किए गए आयात पीओआई में कुल मांग का *** है और 2019-20 की तुलना में *** की वृद्धि हुई है। हालांकि, 2020-21 के संबंध में, उनमें *** की वृद्धि हुई है।

236. सूसान, हासुंग, फील, डीए और एवरडिग्म ने तर्क दिया है कि कोरिया आरपी से छेनी की मात्रा में गिरावट आई है, और आवेदक को क्षति चीन पीआर के आयात की मात्रा में वृद्धि के कारण है। उपरोक्त आयात आंकड़ों के आधार पर, यह ध्यान दिया जाता है कि कोरिया से छेनी के आयात की मात्रा आधार वर्ष के साथ-साथ पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ गई है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि चीन पीआर से आयात अपने 2019-20 के स्तर पर बना हुआ है, कोरिया पीआर से आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है। अत प्राधिकरण इस तर्क से असहमत है कि घरेलू उद्योग को क्षति केवल चीन जनगण से आयात के कारण है।

ट.2 <u>घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

ट.2.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

237. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक के बाजार हिस्से में आधार वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है जबकि अन्य उत्पादकों के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि हुई है। कम क्षमता उपयोग पर प्रचानल के बावजूद आवेदक पाटित आयातों के कारण घरेलू बाजार हिस्से को हासिल करने में असमर्थ रहा है[169]।

ट.2.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

238. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. घरेलू उद्योग के चीसेल के बाजार हिस्से में गिरावट पूर्णत: असेंबल हाइड्रोलिम रॉक ब्रेकर की घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण हुई है जिसमें चीसेल की आबद्ध खपत होती है[170]।

ट.2.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

239. निम्नांकित तालिका भारत में चीसेल की आपूर्ति के विभिन्न स्रोतों का बाजार हिस्सा दर्शाती होती है।

---

[169] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 49

[170] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 20; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 21

तालिका 17: बाजार हिस्सा (चीसेल्स)							
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई (पाटित आयात)**
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां -	%	***	***	***	***	
	रेंज		40-50	10-20	20-30	10-20	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	60	79	74	84	***[171]
3	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नहीं				***[172]
4	अन्य देश		0	1	1	0	
5	कुल मांग	%	100	100	100	100	

240. यह नोट किया गया है कि क्षति अवधि के सभी तीन वर्षों के मुकाबले पीओआई में आवेदक के बाजार हिस्से में गिरावट आई है। इसी के साथ संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की मात्रा में पूर्ववर्ती वर्ष के स्तरों की तुलना में पीओआई में वृद्धि हुई है। गैर संबद्ध देशों का बाजार हिस्सा 0 से 1 प्रतिशत के बीच रहा है। चीसेल के लिए घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में आधार वर्ष की तुलना में *** प्रतिशत की गिरावट आई है। इसी अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2020-21 के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में 2019-20 के मुकाबले वृद्धि हुई है। इस अवधि में भी संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों में गिरावट आई है। तथापि, मांग में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पीओआई में लगभग *** प्रतिशत की वृद्धि होने के बावजूद घरेलू उद्योग की बिक्रियों में गिरावट आई है। इसके अलावा, पीओआई की मांग लगभग 2019-20 के स्तरों पर रही है। तथापि 2019-20 की तुलना में घरेलू उद्योग की बिक्रियों में गिरावट आई।

241. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि चीसेल की बिक्री में गिरावट आई है क्योंकि आवेदक ने रॉक ब्रेकर के साथ लगे चीसेल को बेचने का विकल्प चुना है। जांच दल ने इस आरोप की पूछताछ की है और यह नोट किया गया है कि जहां आवेदक रॉक ब्रेकर के साथ चीसेल बेचता है, वहां चीसेल के सौदों को अलग से दर्ज किया जाता है और उसे रॉक ब्रेकर के सौदों में शामिल नहीं किया जाता है। अत: प्राधिकारी एवरडिग्म और डी एंड ए के अनुरोध से सहमत नहीं हैं।

---

[171] नोट 143 देंखे ।

[172] तदेव

ट.3 <u>घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

ट.3.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

242. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. दोनों देशों से कीमत कटौती विशेष रूप से चीन के मामले में सकारात्मक और काफी अधिक [173]है।

ट.3.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

243. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. लागत और बिक्री कीमत में बदलाव अपने आप में कोरिया गणराज्य से पीयूसी के आयातों के कारण कीमत ह्रास और न्यूनीकरण नहीं दर्शाता है[174]।

ख. कोरिया से आयातों के पहुंच मूल्य का घरेलू उद्योग का बिक्री कीमत से कोई सह संबंध नहीं है। आवेदक पर कोरिया गणराज्य से उच्च कीमत के आयातों की कम कम मात्रा के कारण अपनी कीमतें घटाने या बढ़ाने का दबाव नहीं पड़ा है[175]।

ग. प्राधिकारी को 2020-21 और पीओआई के बीच चीसेल के बिक्री लागत में लगभग 34 प्रतिशत की असंगत वृद्धि के संबंध में स्पष्टीकरण मांगना चाहिए[176]।

ट.3.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

ट.3.3.1 कीमत कटौती

---

[173] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 49
[174] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35
[175] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35
[176] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35

तालिका 18: कीमत कटौती - चीसेल्स (केवल पाटित आयात)								
क्र.सं.	विवरण	मात्रा	सीआईएफ	एलवी	एनएसआर	पीयू	पीयू	पीयू
		एमटी	रु./एमटी	रु./एमटी	रु./एमटी	रु./एमटी	%	रेंज
1	संबद्ध देश	***	79,887	87,705	***	***	***	70-80

244. चीसेल के लिए कीमत कटौती सकारात्मक और काफी अधिक है।

245. डी एंड ए और एवरडिग्म ने तर्क दिया है कि कोरिया गणराज्य से चीसेल की कीमत कटौती ऋणात्मक है। यह नोट किया गया है कि प्राधिकारी द्वारा पाटन के विभिन्न स्रोतों से आयातों के संग्रहण से संबंधित निर्णय पर पहुंचने पर प्रत्येक संबद्ध देश के लिए अलग से कीमत कटौती का निर्धारण करने की जरूरत नहीं होगी, के बजाय पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.4 और एडी नियमावली के अनुबंध-II के अंतर्गत दायित्व न्यूनतम मापदंड और प्रतिस्पर्धा की स्थिति को पूरा करने के अधीन स्रोत पर विचार किए बिना पाटित आयातों का कीमत प्रभाव का आकलन करना है।

246. डी एंड ए और एवरडिग्म ने तर्क दिया है कि एनएसआर की स्थापना एक स्वैच्छिक वाणिज्यिक निर्णय है। अत: केवल कीमत कटौती क्षति की मौजूदगी को नहीं दर्शा सकती है। पैरा 165 में उल्लिखित कारणों से उक्त खंड रॉक ब्रेकर के लिए प्राधिकारी डी एंड ए तथा एवरडिग्म से सहमत हैं कि कीमत क्षति अपने आप में क्षति का निर्णायक साक्ष्य नहीं हो सकती है।

247. डी एंड ए और एवरडिग्म के अनुरोध को मानते हुए प्राधिकारी डी एंड ए और एवरडिग्म से सहमत हैं। एनएसआर निर्धारित करना वास्तव में एक स्वैच्छिक वाणिज्यिक निर्णय है जिसे विभिन्न सक्रिय कारकों पर विचार करके प्रत्येक कंपनी को लेना होता है। लंबी अवधि तक बिक्री लागत से कम पर बिक्री करना किसी व्यावसायिक कंपनी के लिए तब तक वाणिज्यिक दृष्टि से विवेकपूर्ण नहीं हो सकता है जब तक उसे बाजार हिस्से आदि के रूप में अपने प्रतिस्पर्धियों से बढ़त न लेनी हो। तथापि, वर्तमान जांच में ऐसा मामला नहीं है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का पहुंच मूल्य निरंतर बिक्री लागत और बिक्री कीमत से कम रहा है।

248. इस प्रकार पाटित आयातों की कम कीमत की बराबरी के लिए अपने बिक्री और प्रयासों में घाटा उठाने के बावजूद आवेदक अपने बाजार हिस्से में वृद्धि करने में असमर्थ रहा है।

ट.3.3.2 कीमत ह्रास / न्यूनीकरण

249. प्राधिकारी यह जांच करने के लिए कीमत ह्रास / न्यूनीकरण का आकलन करते हैं कि क्या आयातों से घरेलू उद्योग को कीमत वृद्धि करने पर रोक लगी है और क्या ऐसे आयातों के कारण कीमत में कटौती हुई है। निम्नलिखित तालिका में कीमत ह्रास / न्यूनीकरण के आकलन में उपयोग मापदंड दर्शाए गए हैं।

तालिका 19: कीमत ह्रास / न्यूनीकरण (चीसेल्स)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई
1	बिक्रियों की लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	122	90	127
2	बिक्री कीमत एनएसआर	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	100	113
3	पहुंच मूल्य	रु./एमटी	86308	73680	91200	87705
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	85	106	102

250. यह नोट किया गया है कि संपूर्ण क्षति अवधि में आवेदक की बिक्री लागत में अंतर रहा है। यह भी नोट किया गया है कि आवेदक का एनएसआर निरंतर पहुंच मूल्य से कम रहा है। पहुंच मूल्य पूर्ववर्ती वर्ष के मुकाबले पीओआई में कम हुआ है। पहुंच मूल्य निरंतर बिक्री लागत से काफी कम बना रहा है। आवेदक ने स्पष्ट किया है कि उनकी बिक्री लागत बिक्री में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्थिर लागत की भरपाई के कारण 2020-21 में घट गई थी।

251. जबकि बिक्री की लागत में 27[177] अंकों की वृद्धि हुई, बिक्री मूल्य में केवल 13 सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई, जबकि आधार वर्ष की तुलना में मूल्य में केवल 2 अंकों की वृद्धि हुई। 2020-21 में लैंडेड वैल्यू में महत्वपूर्ण सुधार और बिक्री की लागत में गिरावट के बावजूद, आवेदक अपने विक्रय मूल्य में वृद्धि करने में सक्षम नहीं था। आवेदक ने बताया है कि उसने डंप किए गए आयात की कीमतों का मिलान करने

[177] आधार वर्ष की तुलना में

और अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने का प्रयास किया है। जैसा कि तालिका 17 से देखा जा सकता है, आवेदक 2020-21 के दौरान अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहा। हालांकि, पीओआई में, आवेदक उद्योग ने अपने नुकसान को कम करने के लिए इसकी कीमत में थोड़ी वृद्धि की है। फिर भी, इससे बिक्री में गिरावट आई है और आवेदक की बाजार हिस्सेदारी में कमी आई है।

252. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि लागत और बिक्री कीमत में परिवर्तन अपने आप में कीमत ह्रास / न्यूनीकरण नहीं दर्शाता है जैसा ऊपर बताया गया है। प्राधिकारी कीमत ह्रास / न्यूनीकरण की जांच के लिए अनेक मापदंडों की तुलना करते हैं। पूर्वोक्त मापदंडों पर एक साथ विचार किया जाता है और प्राधिकारी यह सिद्ध करने के लिए कारणात्मक नीति को अपनाते हैं कि क्या आयातों से आवेदक की कीमतों में ह्रास / न्यूनीकरण हो रहा है।

253. आगे यह नोट किया गया है कि 2020-21 और पीओआई के बीच, बिक्री की लागत में 27 इंडेक्स पॉइंट्स की वृद्धि हुई. इस अवधि के दौरान उतरा मूल्य भी 2 सूचकांक अंक वृद्धि हुई और पीओआई सहित पूरे क्षति अवधि में अपने दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आवेदक इसकी कीमतों में 13 सूचकांक अंकों की वृद्धि करने में भी सक्षम था। हालांकि, बिक्री मूल्य में वृद्धि बिक्री की लागत में वृद्धि से बहुत कम थी। यह देखा गया है कि इस अवधि के दौरान संबंधित देशों से आयात घरेलू कीमतों में *** तक की कमी कर रहे थे। इस प्रकार, आवेदक इसके विक्रय मूल्य में वृद्धि नहीं कर सका। इस प्रकार, संबंधित देशों से आयातों ने आवेदक की कीमतों को दबाया/घटाया।

254. एवरडिग्म और डीए ने यह भी तर्क दिया है कि कोरिया आरपी से छेनी का आयात मात्रा में कम है और कीमत में अधिक है। विषय देशों से आयातों के संचय के संबंध में ऊपर उल्लिखित कारणों के लिए, यह नोट किया जाता है कि पाटित किए गए आयातों के प्रभाव को संपूर्ण माना जाना चाहिए न कि देश-वार और इसलिए, प्राधिकरण एवरडिग्म और डीए से सहमत नहीं है।

ट.4 <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्रियां</u>

ट.4.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

255. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक के क्षमता उपयोग में गिरावट आई है[178]।

ख. आवेदक के उत्पादन में गिरावट आई है[179]।

ट.4.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

256. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पूरी क्षति अवधि के दौरान क्षमता एक समान बनी रही है। उत्पादन और क्षमता उपयोग में गिरावट[180] चीसेल की मांग में गिरावट के कारण हुई है[181] और इस गिरावट के लिए संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है[182]।

ट.4.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

257. निम्नांकित तालिका आवेदक के मात्रात्मक मापदंडों को दर्शाती है।

तालिका 20: घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंड (चीसेल्स)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई
1	क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
2	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	92	80
3	क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
	रेंज	%	30-40	30-40	30-40	20-30
4	घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	94	88	76

[178] डोजको के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 50
[179] डोजको के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 50
[180] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 32
[181] सुसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; सुसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17;
[182] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; सुसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17;

258. यह नोट किया गया है कि आवेदक की क्षमता पीओआई सहित पूरी क्षति अवधि में स्थिर रही है। तथापि उत्पादन में पीओआई सहित क्षति अवधि के दौरान धीरे-धीरे गिरावट आई है। हांसुंग, सूसान और डेमो ने तर्क दिया है कि आवेदक के उत्पादन में गिरावट मांग में गिरावट का परिणाम है। तथापि जैसा ऊपर निर्धारित है। संबद्ध वस्तु की मांग में 2020-21 को छोड़कर इन वर्षों में वृद्धि हुई है। तथापि आवेदक की बिक्रियों में 2019-20 की तुलना में 18 सूचकांक बिंदुओं की गिरावट आई है। इसी के साथ संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है। उत्पादन में गिरावट के साथ आवेदक की क्षमता उपयोग में भी गिरावट आई है और पीओआई में यह न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। क्षति अवधि में आवेदक की बिक्री में भी गिरावट आई है जबकि संबद्ध आयातों की मात्रा में निरंतर वृद्धि हुई है। इस प्रकार पाटित आयातों में आवेदक के मात्रात्मक मापदंडों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

ट.5 <u>घरेलू उद्योग का बाजार हिस्से पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

ट.5.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

259. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. चीसेल का आयात कुल भारतीय उत्पादन का तीन गुना है। चीसेल के लिए मांग में लगातार वृद्धि हुई है। तथापि घरेलू बाजार पर पूरी तरह कम कीमत के आयातों पर कब्जा हो गया है[183]।

ख. आवेदक के बाजार हिस्से में पीओआई के दौरान गिरावट आई है। यद्यपि रॉक ब्रेकर की मांग में आधार वर्ष से 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू उत्पादकों के बाजार हिस्से में गिरावट कम कीमत के आयातों की मात्रा में वृद्धि के कारण हुई है[184]।

ट.5.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

260. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

[183] डोजको लिखित अनुरोध का पैरा 47
[184] डोजको लिखित अनुरोध का पैरा 48

क. चीसेल की बिक्रियों में गिरावट के लिए संबद्ध वस्तु की मांग में गिरावट[185] के कारण हुई है और संबद्ध देशों से आयातों के कारण नहीं[186]।

ख. चीसेल की बिक्री मात्रा और बिक्री मूल्य में गिरावट आई है । यद्यपि रॉक ब्रेकर की बिक्री में वृद्धि हुई है। रॉक ब्रेकर और चीसेल के निष्पादन में अंतर बिक्री प्रितस्थापन का स्पष्ट मामला दर्शाता है जिसमें उपभोक्ता अलग से चीसेल खरीदने (अपस्ट्रीम उत्पाद) के बजाय चीसेल सहित पूर्णत: असेंबल रॉक ब्रेकर (डाउनस्ट्रीम उत्पाद) खरीदना पसंद करते हैं[187]। इस प्रकार चीसेल की बिक्री में स्वतंत्र गिरावट को आवेदक के लिए क्षतिकारी नहीं माना जा सकता है[188]।

ट.5.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

261. निम्नांकित तालिका कुल भारतीय मांग में घरेलू उद्योग और संबद्ध देशों के बाजार हिस्से को दर्शाती है।

तालिका 21: बाजार हिस्सा (चीसेल्स)

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई	पीओआई (पाटित आयात)
1	आवेदक की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***	
	रैंज		40-50	10-20	20-30	10-20	
2	संबद्ध देश – पाटित आयात	%	60%	80%	74%	84%	***[189]
3	संबद्ध देश – गैर-पाटित आयात	%	निर्धारित नहीं				***[190]
4	अन्य देश		0%	1%	1%	0%	
5	कुल मांग	%	100	100	100	100	
6	**कुल मांग**	एमटी	***	***	***	***	-
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	187	141	190	

[185] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 37
[186] डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18 ; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18 ; निंगबों के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 15
[187] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35 ; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 37
[188] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 35 ; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 37
[189] गोपनीय कुल आयात से इन आंकड़ों को घटाने पर एकल निर्यातक की मात्रा पता चल जाएगी ।
[190] तदेव

262. आधार वर्ष की तुलना में, आवेदक की बिक्री पीओआई में 24 इंडेक्स पॉइंट तक कम हो गई है, जबकि इसने *** की मार्केट शेयर खो दी है. इसी अवधि के दौरान, मांग आधार वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है। 2020-21 में गिरावट को छोड़कर आयात की मात्रा में लगातार वृद्धि हुई है, फिर भी, यह आधार वर्ष के स्तर से ऊपर बना हुआ है। पीओआई के दौरान मांग में मजबूत पलटाव देखने के बावजूद, आवेदक अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सक्षम नहीं था। यह आगे ध्यान दिया जाता है कि मांग लगभग 2019-20 के स्तर पर है, हालांकि, आवेदक की बिक्री में गिरावट आई है जबकि कुल मांग में डंप किए गए आयात की हिस्सेदारी में *** की गिरावट आई है। इस प्रकार, डंप किए गए आयातों ने आवेदक को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने से रोक दिया है।

263. हांसुंग ने तर्क दिया है कि चीसेल की मांग में गिरावट आई है और इसलिए आवेदक घाटा उठा रहा है। यह नोट किया गया है कि चीसेल की मांग पीओआई में अपने उच्चतम स्तर पर है और इसलिए हांसुंग का अनुरोध व्यवहार्य नहीं है।

264. एवरडिग्म और डी एंड ए ने तर्क दिया है कि चीसेल की आवेदक बिक्रियां कम हुई हैं क्योंकि उसने प्राथमिक रूप से रॉक ब्रेकर के साथ चीसेल की बिक्री करना शुरू किया है। यह नोट किया जाता है कि आवेदक अपने बिक्री रजिस्टर में चीसेल की बिक्री को अलग से रिकार्ड करता है जबकि उसे रॉक ब्रेकर के साथ बेचा जाता है। अत: प्राधिकारी एवरडिग्म और डी एंड ए के अनुरोध से सहमत नहीं हैं।

ट.6 <u>घरेलू उद्योग के वित्तीय मापदंड</u>

ट.6.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

265. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक को पाटित आयातों के कारण भारी घाटा उठाना पड़ रहा है।

ख. आवेदक को पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण बिक्री लागत से कम स्तर पर बिक्री करनी पड़ रही है और इसलिए उस पर्याप्त आय नहीं मिल रही है।

ट.6.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

266. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक द्वारा प्रदत्त लाभप्रदता के आंकड़े गलत हैं क्योंकि आवेदक के पास संचयी[191] सूचना घरेलू तथा निर्यात बिक्रियों के बारे में है[192]।

ख. आवेदक की लाभप्रदता में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान तेजी से वृद्धि हुई है[193]

ग. यह बताया गया है कि कार्यशील पूंजी और मालसूची में सीधा संबंध होता है। तथापि आवेदक की कार्यशील पूंजी और सामान्य रुझान दिखाती है जबकि औसत मालसूची में समान रुझान रहा है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़े मनगढ़ंत और गलत प्रतीत होते हैं[194]।

घ. नियोजित पूंजी के प्रतिशत के रूप में पीबीआईटी में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में चीसेल के लिए पर्याप्त[195] और तेजी से वृद्धि हुई है जो सिद्ध करता है कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है[196]।

ड. आवेदक द्वारा प्रस्तुत संशोधित आंकड़े आरओसीई आंकड़े को सकारात्मक दर्शाते हैं जबकि लाभप्रदता के शेष आंकड़े ऋणात्मक हैं। प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मानंदों की सत्यतता की जांच करनी चाहिए[197]।

ट.6.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

267. निम्नलिखित तालिका आवेदक के वित्तीय मापदंडों को दर्शाती है।

तालिका 22: लाभप्रदता मापदंड (चीसेल्स)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
1	बिक्रियों की लागत	रु./एमटी	***	***	***	***

[191] एवरडिग्म द्वारा यथा उल्लिखित पृष्ठ 87 और 90
[192] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 37; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 37-38
[193] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 16; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; लिखित अनुरोध का पैरा 34; एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 38
[194] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19;
[195] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 37
[196] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 20; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19;
[197] एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 21

तालिका 22: लाभप्रदता मापदंड (चीसेल्स)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	122	90	127
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	100	113
3	लाभ/हानि	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(230)	(44)	(200)
4	पीबीआईटी	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	318	31	246
5	नकद लाभ	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(374)	(22)	(293)
6	आरओसीई	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	(100)	(413)	(59)	(371)

268. यह नोट किया गया है कि आवेदक की बिक्री लागत में 2020-21 जब बिक्री लागत में गिरावट आई थी, को छोड़कर क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। आवेदक की बिक्री कीमत में आधार वर्ष और पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पीओआई में 13 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। तथापि बिक्री कीमत में वृद्धि बिक्री लागत में वृद्धि के अनुरूप नहीं है। आवेदक संबद्ध वस्तु को उसकी बिक्री लागत से काफी कम कीमत पर बेच रहा है।

269. आवेदक पूरी क्षति अवधि में घाटा उठा रहा है और पीओआई में यह घाटा अपने दूसरे सर्वोच्च स्तर पर है। आवेदक को 2019-20 में सर्वाधिक घाटा हुआ है। यह नोट किया गया है । संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का पहुंच मूल्य इस अवधि के दौरान अपने न्यूनतम स्तर पर था। पीबीआईटी और नकद लाभ में भी लाभ जैसा ही रुझान था।

270. आरओसीई में क्षति अवधि के मुकाबले पीओआई में भारी गिरावट आई है। आवेदक पर्याप्त आय प्राप्त करने में असमर्थ है।

ट.7 <u>मजदूरी, रोजगार और उत्पादकता</u>

ट.7.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

271. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. कर्मचारियों की संख्या में वित्त वर्ष 2019-20 से स्थिर बनी रही है। वेतन और मजदूरी में काफी महंगाई के बावजूद केवल 6 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। प्रति कर्मचारी उत्पादकता में क्षमता उपयोग में गिरावट के कारण कमी आई है[198]।

ट.7.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

272. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वेतन और मजदूरी में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि के साथ वृद्धि हुई है[199]।

ख. चीसेल के उत्पादन में नियोजित कर्मचारियों की संख्या में मध्यवर्ती वर्ष के दौरान वृद्धि हुई है। तथापि वेतन का रुझान अनियमित है[200]। प्राधिकारी को जांच करनी चाहिए कि क्या आवेदन में प्रदत्त आंकड़े सही हैं।

ग. आवेदक की उत्पादकता में वृद्धि हुई है[201]।

घ. आवेदक की प्रति कर्मचारी प्रति दिन उत्पाकता में आधार वर्ष की तुलना में पीओआई के दौरान वृद्धि हुई है[202]।

ट.7.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

273. निम्नांकित तालिका में वेतन, मजदूरी और रोजगार से संबंधित घरेलू उद्योग के रुझान दिए गए हैं।

---

[198] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 52
[199] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 35
[200] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18;

[201] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 36
[202] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18

तालिका 23: रोजगार (चीसेल्स)						
क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2018-19	2019-20	2020-21	पीओआई
1	मजदूरी	रु. लाख	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	113	83	108
2	कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	127	132
3	उत्पादकता/दिन		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	92	80
4	उत्पादकता/कर्मचारी		***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	72	60
5	मजदूरी/कर्मचारी	रु./संख्या	***	***	***	***
		सूचीबद्ध	100	113	65	82

274. मजदूरी में आधार वर्ष की तुलना में 8 सूचकांक बिंदुओं और 2020-21 के मुकाबले 25 सूचकांक बिंदुओं की वृद्धि हुई है। कुल मजदूरी 2019-20 में काफी बढ़ी थी, परंतु उसके बाद कम हुई है। यह भी नोट किया गया है कि मजदूरी / कर्मचारी आधार वर्ष के स्तर से काफी कम रहे हैं। तथापि, मजदूरी / कर्मचारी 2020-21 के संबंध में वृद्धि हुई है। आवेदक ने स्पष्ट किया गया है कि कोविड-19 के कारण घरेलू उद्योग ने लागत कटौती उपाय अपनाए थे।

275. कर्मचारियों की संख्या में आधार वर्ष में और उसके बाद के वर्ष में स्थिर रहने के बाद इन वर्षों में वृद्धि हुई है। तथापि उसके बाद कर्मचारियों में वृद्धि हुई है।

276. प्रति दिन उत्पादकता समान रेंज में रही है और इसमें मामूली गिरावट आई है। इस प्रकार उत्पादकता / कर्मचारी में क्षति अवधि में भारी गिरावट आई है और पीओआई में यह न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। यह नोट किया जाता है कि उत्पादकता मापदंडों में गिरावट प्राथमिक रूप से उत्पादन में गिरावट के कारण हुई है।

ट.8 <u>मालसूची</u>

ट.8.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

277. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक की मालसूची में पीओआई में वृद्धि हुई है[203]।

ट.8.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

278. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. कार्यशील पूंजी और मालसूची में समान रुझान नहीं रहा है। यद्यपि ये दोनों सीधे संबंधित हैं[204]।

ट.8.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

279. निम्नांकित तालिका घरेलू उद्योग के मालसूची के स्तर को दर्शाती है।

तालिका 24: मालसूची (चीसेल्स)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**
1	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	126	123

280. यह नोट किया गया है कि मालसूची में क्षति अवधि में वृद्धि हुई है परंतु पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पीओआई में मामूली गिरावट आई है। फिर भी वह आधार वर्ष और उसके बाद के वर्ष में काफी अधिक रही है। यह नोट किया गया है कि इन वर्षों में उत्पादन में भारी गिरावट के बावजूद आवेदक की मालसूची का बढ़ना जारी है।

ट.9 <u>वृद्धि</u>

ट.9.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

---

[203] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 52

[204] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 17; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 19; निंगबो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 18

281. घरेलू उद्योग द्वारा कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ट.9.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

282. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई विरोधी अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ट.9.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

283. निम्नांकित तालिका घरेलू उद्योग की वृद्धि दर्शाती है।

तालिका 25: वृद्धि (चीसेल्स)						
क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2019-20**	**2020-21**	**पीओआई**	**पीओआई आधार वर्ष की तुलना**
1	उत्पादन	%	***	***	***	***
2	घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
3	लाभ/हानि	%	***	***	***	***
4	आरओसीई	%	***	***	***	***
5	मालसूची	%	***	***	***	***
6	बाजार हिस्सा	%	***	***	***	***

284. उक्त से यह नोट किया जाता है कि मालसूची को छोड़कर आवेदक के सभी मापदंडों में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है। मालूसची को छोड़कर सभी मापदंड आधार वर्ष की तुलना में गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं। घरेलू उद्योग के मापदंड में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 2020-21 के दौरान सुधार हुआ है। यह नोट किया गया है कि इस अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की आयात मात्रा में गिरावट आई थी और पहुंच मूल्य में भी वृद्धि हुई थी। तथापि आयातों की पाटित मात्रा में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग के निष्पादन में और अधिक गिरावट आई है।

ट.10 <u>पाटन मार्जिन की मात्रा</u>

285. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, संबंधित देशों से विषय वस्तुओं का डंपिंग मार्जिन न्यूनतम सीमा से ऊपर है और महत्वपूर्ण है। यह भी नोट किया जाता है कि कोरिया आरपी (सूसन को छोड़कर) से सहयोगी उत्पादकों का डंपिंग मार्जिन डी मिनिमिस सीमा से ऊपर है और महत्वपूर्ण है।

ट.11 <u>पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता</u>

286. आवेदक ने बताया है संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण उसे बिक्री लागत से कम पर बिक्री करनी पड़ी और इसलिए उसे घाटा हो रहा है जिससे आगे विस्तार विविधीकरण के लिए पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता प्रभावित हुई है।

287. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग को हुए लगातार घाटे के कारण पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। तथापि पीओआई में संबद्ध वस्तु के लिए मांग में वृद्धि के बावजूद आवेदक का निष्पादन काफी खराब रहा है और इस प्रकार पूंजी निवेश जुटाने की उसकी क्षमता कम हो गई है।

ठ <u>कारणात्मक संबंध का आकलन</u>

ठ.1 *घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध*

288. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पूरी क्षति अवधि में स्थापित क्षमता स्थिर बनी रही है। आवेदक की बिक्रियों और उत्पादन संबंधी आंकड़ों में केवल मामूली वृद्धि हुई है जो मांग में वृद्धि के आनुपातिक नहीं है। पाटित आयातों का रॉक ब्रेकर तथा चीसेल दोनों के बाजार में अधिकांश हिस्सा है। लाभप्रदता मापदंडों पर ऐसे पाटित आयातों के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है[205]।

[205] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 56; डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 60

ख. पाटित आयातों की मात्रा में वृद्धि के कारण क्षमता उपयोग में गिरावट आई है और मात्रात्मक मापदंडों में आवेदक की वृद्धि[206]उप ईष्टतम रही है[207]।

ग. घरेलू उद्योग कीमतें कम कीमत के आयातों द्वारा न्यूनीकृत रहीं हैं।

घ. संबद्ध वस्तु की मांग अधिक रही है। कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं नहीं है। उत्पाद के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त प्रौद्योगिकी समान रही है। पीयूसी की खपत में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है[208]।

ड. कोविड-19 के कारण किए गए शट-डाउन से आवेदक के निष्पादन मापदंडों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है[209]।

ठ.2 *अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध*

289. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक द्वारा उठायी गई कोई क्षति कोरिया गणराज्य से संबद्ध आयातों के इतर कारकों की वजह से हुई है। प्राधिकारी को पाटनरोधी संबंधी डब्ल्यूटीओ के अनुच्छेद 3.5 और एडी नियमावली 1995 के अनुबंध II के अंतर्गत दायित्वों के अनुसार या कारकों जांच करनी चाहिए ताकि आवेदक को क्षति के कारण का पता लगाया जा सके[210]। यही मानक यूएस - हॉट रोल्ड स्टीम में अपीलीय निकाय द्वारा सही माना गया था[211] और यूएस - नार्वेजियन साल्मन[212] में गेट पैनल ने मांगा था। तदनुसार प्राधिकारी को पाटित आयातों से क्षतिकारी प्रभाव से अन्य ज्ञात कारकों के क्षतिकारी प्रभावों को अलग करना चाहिए[213]।

---

[206] डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 60;
[207] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 56;
[208] डोजको के लिखित अनुरोध का पैरा 57; डोजको के खंडन अनुरोध का पैरा 60;
[209] तदेव
[210] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 21; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 21;
[211] अपीलीय निकाय की रिपोर्ट, संयुक्त राज्य – जापान से कतिपय हॉट रोल्ड स्टील उत्पादों संबंधी पाटनरोधी उपाय, 23 अगस्त, 2001 को स्वीकृत ।
[212] पाटनरोधी प्रथाओं संबंधी समिति द्वारा स्वीकृत पैनल की रिपोर्ट, संयुक्त राज्य - नार्वे से ताजी और प्रशीतित अटलांटिक साल्मन के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाना (एडीपी/87(27 अप्रैल, 1984 को स्वीकृत)) ।
[213] सूसान के लिखित अनुरोध का पैरा 23; डेमो के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 23

यदि प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि कोरिया गणराज्य से आयात से इतर कारक हैं तो प्राधिकारी को अपनी ओर से जांच समाप्त करनी चाहिए[214]।

ख. घरेलू उद्योग चीसेल (अपस्ट्रीम उत्पाद) तथा रॉक ब्रेकर (डाउनस्ट्रीम उत्पाद) का उत्पादन करता है। आवेदकों द्वारा बेची गई चीसेल के बिक्री मूल्य और मात्रा में गिरावट आई है जबकि रॉक ब्रेकर के लिए वृद्धि हुई है। यह स्पष्ट रूप से बिक्री प्रतिस्थापन दर्शाता है जिसमें आवेदक डाउनस्ट्रीम उत्पाद अर्थात् रॉक ब्रेकर की बिक्री और मूल्य और वृद्धि पर अधिक केंद्रित है। चीसेल की बिक्री में गिरावट आई है, क्योंकि रॉक ब्रेकर का पूर्ण और पूर्णत: असेंबल सेट में बेचा जा रहा है[215]।

ग. आवेदक ने अपने आवेदन में बताया है कि भारत सरकार ने कतिपय परियोजनाओं के लिए संबद्ध वस्तु के आयातों को मूल सीमा शुल्क से छूट दी है। यह छूट अनेक मुद्दे उठाती है अर्थात् क्या संबद्ध वस्तु के लिए मांग - आपूर्ति में अंतर, आपूर्ति पक्ष के मुद्दे, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीयूसी की गुणवत्ता और उपकरण की सक्षमता संबंधी मुद्दे मौजूद हैं[216]।

घ. आवेदक अनेक अन्य कारकों जैसे बाजार में मंदी की स्थिति, कंपनी के उत्पाद की कम मांग, महामारी का प्रभाव तथा आवेदक की आंतरिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है जिनका आवेदक के कार्य निष्पादन में गिरावट में महत्वपूर्ण भूमिका रही है[217]।

ड. चूंकि आवेदक पूरी क्षति अवधि में एक घाटे वाली कंपनी रहा है इसलिए प्राधिकारी को अन्य कारकों की जांच करनी चाहिए जैसे कि आवेदक के उत्पाद की कम मांग, बिक्री पश्चात् सेवा और गारंटी तथा वारंटी सेवाएं[218] ।

च. कोविड-19 महामारी और परिणामी लॉकडाउन एक व्यापक तौर पर ज्ञात कारक है जो पाटित आयातों और आवेदक को क्षति के बीच कारणात्मक संबंध का

---

[214] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 39

[215] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 42; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 42; एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 23; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 22;

[216] एवरडिग्म के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 43; डी एंड ए के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 43; एवरडिग्म के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 23; डी एंड ए के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 23

[217] सूसान के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 23; डेमो के खंडन अनुरोध का पृष्ठ 13; फील के लिखित अनुरोध का पृष्ठ 12

[218] हांसुंग के लिखित अनुरोध का पैरा 11

अभाव दर्शाता है। वैश्विक लॉकडाउन से घरेलू[219] तथा निर्यात[220] बाजार हाइड्रोलिक रॉक ब्रेकर[221] के बाजार में व्यवधान हुआ।

छ. महामारी के बावजूद आवेदक सभी संगत आर्थिक मापदंड में वृद्धि देखी गई है[222]।

ज. अन्य भारतीय विनिर्माताओं को जांच में नोटिस में नहीं लाया गया है। ऐसे उत्पादकों ने अपने आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं जो दर्शाता है कि उन्हें कोई क्षति नहीं हुई है[223]। अत: आवेदक को कोई क्षति उनकी खुद की अक्षमताओं या तीसरे पक्षकारों की वजह से हुई है।

ठ.3 *प्राधिकारी द्वारा जांच*

290. एडी नियमावली 1995 के अनुबंध II के पैरा (v) में प्राधिकारी के लिए यह निर्धारित करना अपेक्षित है कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण क्षति हो रही है। इसी के साथ प्राधिकारी के लिए पाटित आयातों से इतर ऐसे कारकों की जांच करना अपेक्षित है जिनसे घरेलू उद्योग का निष्पादन प्रभावित हो सकता हो ताकि ऐसे अन्य कारकों की वजह से हुई क्षति के लिए संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों को जिम्मेदार न ठहराया जाए। इस संबंध में संगत कारकों ने पाटित कीमत पर नहीं बेची गई संबद्ध वस्तु की मात्रा, मांग में संकुचन या खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं। पूवोक्त कारकों की नीचे जांच की गई है।

ठ.3.1 पाटित आयातों पर नहीं बेची गई संबद्ध वस्तु की मात्रा

